नई दिल्ली
गुरुवार 26 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 341
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 21.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




### अष्टमी-मां महागौरी



श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर रिंकू सिंह बने रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर

**लखनऊ।** उप्र के उभरते क्रिकेट स्टार रिंकू सिंह को राज्य सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सीएम योगी ने उन्हें रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया है। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रिंकू सिंह की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके करियर के लिए बड़ी है, बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई है।



### 1 अप्रैल से बदल जाएंगे ऑनलाइन पेमेंट के नियम

**नई दिल्ली।** एक अप्रैल 2026 से यूपीआई, कार्ड और वॉलेट से होने वाले सभी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य होगा। अब भुगतान वेरिफाई करने के लिए पिन के साथ-साथ बायोमेट्रिक्स या डायनामिक ओटीपी का उपयोग करना होगा। नियमों का पालन न होने पर होने वाले फ्रॉड के लिए अब बैंक या पेमेंट गेटवे सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे।



### वंदे मातरम न गाने पर कोई दंड का प्रावधान नहीं

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों और सरकारी संस्थानों में रोजाना 'वंदे मातरम' गाने को अनिवार्य बनाने वाले केंद्र सरकार के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया। याचिका को 'प्री-मैच्योर' करार देते हुए स्पष्ट किया कि सरकार की निर्देशिका या सलाह के आधार पर किसी के साथ भेदभाव हो रहा हो तो सुनवाई का कोई अर्थ होगा।




1 हजार से अधिक भारतीयों ने पार की ईरान की सीमा, जल्द देश लौटेंगे

# संघर्षविराम को लेकर पाकिस्तान की पहल व अन्य घटनाक्रमों पर भारत की कड़ी नजर: जायसवाल

- राजधानी में बुधवार को आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में बोले असीम.आर.महाजन
- देश में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों पर की गई पाकिस्तान की टिप्पणी को भारत ने किया सिरे से खारिज
- अमेरिका के अलावा श्रीलंका के राष्ट्रपति से भी हुई प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया के साथ-साथ खाड़ी क्षेत्र में पिछले 26 दिनों से जारी युद्ध के चिंताजनक हालातों के बीच अब तक ईरान से 1 हजार 43 भारतीयों को सड़क के रास्ते सुरक्षित ढंग से सीमा पार कराकर आर्मेनिया और अजरबैजान जैसे देशों में पहुंचाया गया है। जिसमें 717 छात्र शामिल हैं। जल्द ही यह सभी लोग स्वदेश लौटेंगे। खाड़ी के इलाके से विमानन कंपनियों द्वारा चलाई गई कुल करीब 2 हजार 149 उड़ानों के जरिए देश के लोगों की वतन वापसी हुई है।

वहीं, दूसरी ओर देखें तो इन मुश्किल परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दुनिया के अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ बातचीत करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। जिसमें बीते मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उन्हें किए गए फोन कॉल के बाद दोनों के बीच चर्चा हुई थी और उसके बाद भारत के निकट पड़ोसी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 2 हजार 149 उड़ानों से लौटे भारतीय

महाजन ने कहा, विदेश मंत्रालय की क्षेत्र की स्थिति पर नजर बनी हुई है। जिसमें हमारी प्राथमिकता इलाके में बड़ी तादाद में रह रहे देश के लोग हैं। मंत्रालय का विशेष कंट्रोल रूम, हमारे राजनयिक मिशन अपने लोगों को नियमित रूप से लगातार काम कर रहे हैं। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न संगठनों, अन्य पक्षों के साथ संपर्क बना हुआ है। आवश्यकता के हिसाब से हमारे मिशन छात्रों, फंसे हुए यात्रियों, नाविकों, कम समय के लिए गए लोगों को वीजा सहयोग, काउंसलर सेवाएं और लॉजिस्टिक्स सहायता देने में मदद दे रहे हैं। उड़ानों की स्थिति में सुधार है, अतिरिक्त उड़ानें चल रही हैं। जिसमें 28 फरवरी से लेकर अब तक 4 लाख 20 हजार भारतीय लौटे हैं। जबकि 2 हजार 149 उड़ान (नियमित, विशेष) खाड़ी क्षेत्र से भारत आई हैं।

### यूएई से 25 मार्च को आएंगे 80 उड़ानें

उन्होंने बताया कि 25 मार्च को कुल 80 उड़ानें भारत पहुंचने की उम्मीद है। जबकि यही सिलसिला सऊदी अरब, ओमान से भी जारी है। कतर एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला है, वहां से 9 उड़ानें आएंगी। कुवैत, बहरीन एयरस्पेस भी बंद है। विशेष गैर शेड्यूल उड़ानें जजीरा एयरवेज संचालित कर रही है, जो सऊदी-अरब से आएगी और बहरीन की उड़ान भी सऊदी के दम्माम एयरपोर्ट से संचालित होगी। जॉर्डन के रास्ते इजरायल में रह रहे भारतीयों की वतन वापसी की जा रही है। कुवैत, इराक में उड़ानें बंद हैं, इसलिए सऊदी-अरब से हवाई संचालन ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पाकिस्तान के हर कदम पर है नजर

जायसवाल ने प्रेस वार्ता में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कहा कि पीएम मोदी की दोनों उच्च-स्तरीय वार्ताओं के केंद्र में खाड़ी तथा पश्चिम-एशिया के इस संघर्ष और उससे जुड़े प्रभावों को कम करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन व्यवस्था स्वतंत्रता, सुरक्षा के साथ निर्बाध गति से बनाए रखने पर जोर दिया है। इसके अलावा उन्होंने व दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को पूरी दुनिया के लिए स्थिरता प्रदान करने वाला और अंतरराष्ट्रीय शांति तथा आर्थिक कल्याण से जुड़ा हुआ बताया। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच संघर्षविराम को लेकर जारी पाकिस्तानी पहल के मामले पर उन्होंने कहा कि इस विषय पर मीडिया में आई कुछ खबरों के माध्यम से हमें जानकारी मिली है। विदेश मंत्रालय, केंद्र सरकार और अन्य भागीदार पक्षों की इस संबंध में क्षेत्र में जारी सभी घटनाक्रमों पर बेहद बारीकी के साथ नजर बनी हुई है। इन सबके बीच विदेश मंत्री की ईरान के नई दिल्ली में तैनात राजदूत से भी हाल ही में एक मुलाकात हुई है। जिसमें भारत ने उन्हें देश के नागरिकों को उनके देश से दी जा रही सुरक्षा के लिए धन्यवाद दिया है। वहीं, मीडिया में यह खबरें भी हैं कि भारत में ईरान के दूतावास ने अपने एक्स पोस्ट से नई दिल्ली द्वारा दी गई मानवीय सहायता के लिए दिए गए धन्यवाद वाली सभी पोस्ट धीरे से डिलीट कर दी हैं। जिसके पीछे की बड़ी वजह पाकिस्तान के सोशल मीडिया यूजर्स की टिप्पणियां हैं।

# पाकिस्तान की तरह 'दलाल देश' नहीं भारत, सर्वदलीय बैठक में जयशंकर की दो टूक

- अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के बीच पाकिस्तान के संघर्षविराम की पेशकश वाले प्रस्ताव को लेकर बोले विदेश मंत्री।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की इस बैठक की अध्यक्षता।
- संतुष्ट नहीं हुआ विपक्ष, संसद के दोनों सदनों में चर्चा कराने की मांग पर अड़ा।



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे भीषण युद्ध के बीच बुधवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी (आप) सहित अन्य दलों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। सरकार ने बैठक के दौरान सभी राजनीतिक दलों को यह भरोसा दिलाया है कि देश में ऊर्जा का पर्याप्त भंडार मौजूद है। जिसके चलते किसी को भी घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। वहीं, युद्ध के बीच पाकिस्तान द्वारा अमेरिका के सामने की जा रही संघर्षविराम की पहल पर को लेकर विरोधी दलों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने बेहद सख्त अंदाज में कहा कि हमारा देश पाकिस्तान की तरह 'दलाल देश' नहीं है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार ने विपक्ष के नेताओं को ये भी स्पष्ट किया है कि एक ओर हमारे पास पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक बना हुआ है। तो दूसरी ओर, इसके साथ-साथ खाड़ी के इलाके से लगातार जहाजों का देश आगमन हो रहा है। सरकार की ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 80 के दशक से दलाल देश है पाकिस्तान

बैठक में इस विषय पर विदेश मंत्री से मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रतिनिधियों ने कुछ सवाल पूछे। जिसमें उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जो हर लिहाज से भारत से कमजोर है और वह इस पूरे प्रकरण में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है और हम क्या कर रहे हैं? हमारी भूमिका अभी तक मूक दर्शक वाली ही बनी हुई है? जवाब में दो टूक लहजे में विपक्ष को करारा जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत, पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं है। हमारा पड़ोसी ये काम वर्ष 1981 से कर रहा है। इसलिए इसमें कोई नई बात नहीं है। उन्होंने ये भी साफ किया कि हम पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं बन सकते हैं।

# मध्यप्रदेश सहित चार राज्यों को 1,142 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित

*पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान के तहत मध्य प्रदेश, झारखंड, पंजाब और मिजोरम के पंचायती राज संस्थाओं को लाभ*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश, झारखंड, पंजाब और मिजोरम में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग के बिना शर्त अनुदान स्वीकृत और जारी कर दिए हैं। इन अनुदानों से जमीनी स्तर पर शासन को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा और पंचायती राज संस्थाओं में आवश्यकता आधारित स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।

मध्य प्रदेश के लिए, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बिना शर्त अनुदान की दूसरी किस्त के रूप में 631.91 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। यह राशि 51 पात्र जिला पंचायतों (डीपी), 300 पात्र ब्लॉक पंचायतों (बीपी) और 22933 पात्र ग्राम पंचायतों (जीपी) को दी गई है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बिना शर्त अनुदान की पहली किस्त के रोके गए हिस्से में से 1.26 करोड़ रुपये अतिरिक्त पात्र 4 ब्लॉक पंचायतों और 19 जिला पंचायतों को जारी किए गए हैं। इसी प्रकार, झारखंड के लिए, वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रतिबंधित अनुदान की पहली किस्त के रूप में 269.03 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। यह राशि राज्य की 23 पात्र डीपी, सभी 264 पात्र बीपी और 4344 पात्र जीपी के लिए है। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बिना शर्त अनुदान की पहली और दूसरी किस्त के रोके गए हिस्से के 3.65 करोड़ रुपये भी अतिरिक्त रूप से पात्र 11 बीपी ▸▸ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री सैनी से रूस के राजदूत ने की मुलाकात, द्विपक्षीय सहयोग की मजबूती पर दिया जोर

# हरियाणा के निर्यात संभावनाओं और वैश्विक संबंधों को मिलेगा बल: मुख्यमंत्री सैनी



*बातचीत में व्यापार, प्रौद्योगिकी और मानव संसाधन पर विशेष फोकस*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में भारत में रूसी संघ के राजदूत डेनिस अलीपोव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और सुदृढ़ करने तथा नए सहयोग के अवसरों की तलाश को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत भारत और रूस के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और भरोसेमंद संबंधों की समीक्षा की गई। इसके साथ—साथ, हरियाणा से रूस को निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं पर भी ▸▸ शेष पेज 5 पर

*केंद्रीय कृषि मंत्री ने वैश्विक संकट के बीच कृषि क्षेत्र की स्थिरता पर समीक्षा बैठक की*

# चौहान ने अधिकारियों को 'फार्मर आईडी' के काम में तेजी लाने के दिए निर्देश

बैठक में बीज सुखाने के लिए आवश्यक गैस और एग्रो-केमिकल्स की उपलब्धता पर भी रहा फोकस

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को अपने निवास पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान वैश्विक अस्थिरता के बीच भारतीय कृषि क्षेत्र और किसानों के हितों की रक्षा करना तथा आगामी खरीफ सीजन के लिए रणनीतिक तैयारी सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हमें संकट के ▸▸ शेष पेज 5 पर



### कालाबाजारी और जमाखोरी पर नकेल

वैश्विक संकट का लाभ उठाकर खाद और बीजों की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकारों को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।


### उर्वरक आपूर्ति और फार्मर आईडी

केंद्रीय कृषि मंत्री ने उर्वरकों (फर्टिलाइजर) की न्यायसंगत और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को 'फार्मर आईडी' के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि वितरण व्यवस्था पारदर्शी हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे जल्द ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कृषि मंत्रियों के साथ बैठक भी करेंगे।



# पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



■ अलग-अलग जगहों से 10 हथियार सप्लायर गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच ने पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से विदेश निर्मित अत्याधुनिक हथियारों और कारतूसों का जखीरा बरामद किया है, जिसमें सब-मशीन गन, ऑटोमैटिक पिस्तौल और 200 कारतूस शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार इस अभियान के दौरान कुल 21 हथियार जब्त किए गए, जिनमें कई देशों से लाए गए उच्च श्रेणी के स्वचालित हथियार शामिल हैं। बरामद हथियारों में चेक गणराज्य निर्मित एक सब-मशीन गन और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय निर्माताओं द्वारा निर्मित पिस्तौलें शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जब्त हथियारों में विशेष बलों द्वारा उपयोग की जाने वाली पीएक्स-5.7 पिस्तौल, तुर्किये निर्मित स्टोएगर पिस्तौल, चीन की पीएक्स-3 पिस्तौल, चेक गणराज्य की शैडो सीजेड पिस्तौल, साथ ही इटली की बेरेटा, ब्राजील की टॉरस और जर्मनी की वाल्थर पिस्तौलें शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह मॉड्यूल एक संगठित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा है, जो भारत में आपराधिक तत्वों को अवैध हथियारों की तस्करी और आपूर्ति में संलिप्त था। आरोपी कथित तौर पर पड़ोसी देशों में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय हैंडलरों और आपूर्तिकर्ताओं के संपर्क में थे। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह गुप्त मार्गों और बिचौलियों के जरिए हथियारों को सीमाओं के पार लाता था और फिर देश के विभिन्न हिस्सों में अपने संपर्कों तक पहुंचाता था। पकड़े गये लोगों के नाम नौशाद, नौमान, नवाब, वसीम मलिक, धनश्याम शर्मा, निशांत अरोड़ा उर्फ नोनी, सोनू गुप्ता, हासिम, साइम और राहिल बताये गये हैं। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य सहयोगियों की पहचान के लिए प्रयास जारी है। मामले की जांच जारी है।

## न्यू उस्मानपुर में नाबालिग लड़के की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में बुधवार तड़के एक डीडीए पार्क में 17 वर्षीय लड़के का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जैद के तौर पर हुई है। वह इलाके का ही रहने वाला था। शव को मोर्चरी भिजवा पुलिस केस की तहकीकात में जुट गई है। आसपास के इलाके में लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पार्क में एक लड़के का शव पड़ा है। इसके बाद न्यू उस्मानपुर थाने की पुलिस जग प्रवेश चंद अस्पताल के पास स्थित डीडीए पार्क पहुंची और शव कब्जे में लिया। अपराध और फॉरेंसिक टीमों ने भी मौका-ए-वारदात का मुआयना किया और सबूत जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारण का पता चलेगा। फिलहाल पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया है।

### जयपुर से दिल्ली पहुंची थी टूरिस्ट बस

# करोल बाग में स्लीपर बस पलटी दो की मौत, 23 व्यक्ति घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



जयपुर से दिल्ली पहुंची एक 'स्लीपर बस' मंगलवार देर रात करोल बाग के झंडेवालान इलाके में हनुमान मंदिर के पास एक मोड़ पर पलट गई। इस हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। मुड़ने के दौरान बस की रफ्तार अधिक बताई जा रही है। रात करीब एक बजे करोल बाग थाने को हादसे की सूचना मिली। बताया गया कि दुर्घटना के बाद कई यात्री एक बस के अंदर फंसे हुए हैं। मध्य जिले के डीसीपी रोहित राजबीर ने बताया कि जयपुर से दिल्ली आ रही बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। दुर्घटनास्थल के पास एक चौकी पर मौजूद पुलिस कर्मी ने बताया कि बस तेज गति से चल रही थी और मंदिर के पास एक गोलचक्कर पर मोड़ लेते समय नियंत्रण खो देने के बाद पलट गई। उस दौरान पुलिस की एक टीम यातायात व्यवस्था संभाल रही थी, तभी उन्हें गोलचक्कर के पास एक तेज आवाज सुनाई दी। पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे, कई लोग गाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश में शीशे तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। बस मोरी गेट की ओर जा रही थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा को भी इस घटना के संबंध में देर रात 1.10 बजे सूचना मिली। प्रत्यक्षदर्शी गोकुल ने कहा कि भगवान का शुक्र है, यातायात का मार्ग बदलने के लिए हाल में वहां पुलिस चौकी स्थापित की गई थी। पुलिस की मौजूदगी के कारण एक बड़ी घटना टल गई। अधिकारी ने बताया कि करोल बाग थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम, दिल्ली अग्निशमन सेवा के कर्मियों, पिकेट स्टाफ और रात्रि गश्त कर्मियों के साथ मौके पर पहुंची और फंसे हुए यात्रियों को निकालने के लिए स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत प्रयास शुरू किए गए। उन्होंने कहा कि पास में मौजूद एक जेसीबी मशीन की मदद से बस को उठाया गया और फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकाला गया। करीब 10 घायलों को गंगा राम अस्पताल ले जाया गया जिन्हें बाद में छुट्टी दे दी गई, जबकि 12 घायलों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल और एक व्यक्ति को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। घायल दो पुरुष यात्रियों ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों में से एक की पहचान उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी शाहबाज आलम (30) और 22 वर्षीय महेश के रूप में हुई है। राजस्थान के अलवर निवासी बस चालक पंकज कुमार (26) को हिरासत में ले लिया गया है और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा है। करोल बाग थाने में बस चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# संगम विहार से 183 एलपीजी सिलेंडर बरामद, चार पर मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके में अलग-अलग स्थानों पर छापे मारकर जमाखोरों पर नकेल कसने का कार्य किया है। इस दौरान 180 से ज्यादा एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद किए गये और चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ ने विश्वस्त सूचना के आधार पर संगम विहार इलाके में तीन स्थानों पर छापे मारे और एलपीजी सिलेंडरों के अनधिकृत भंडारण और रीफिलिंग से जुड़े महत्वपूर्ण अवैध संचालन का पर्दाफाश किया। मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ निवारक उपाय के रूप में जमाखोरों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। डीसीपी राहुल अलवल के अनुसार छापेमारी के दौरान इंडेन गैस के 183 सिलेंडर और उन्हें फिर से भरने के उपकरण जब्त किए गए। डीसीपी ने बताया कि इनमें से 154 भरे हुए थे, जबकि 29 खाली सिलेंडर थे। इस बाबत शेर सिंह, सूरज परिहार, रघु सिंह और जितेंद्र सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में क्राइम ब्रांच थाने में मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी संगम विहार के रहने वाले हैं और इंडेन कंपनी की अधिकृत गैस एजेंसी के सिलेंडर आपूर्ति करने वाले पंजीकृत कर्मी हैं। पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी गैस एजेंसी से एलपीजी सिलेंडर लेने के बाद उनकी आपूर्ति न करके उन्हें अपने किराये के परिसर में अवैध रूप से जमा कर रहे थे। वहां पर अनधिकृत उपकरणों का उपयोग करके भरे हुए सिलेंडरों से 1-2 किलोग्राम गैस निकाल कर उन्हें खाली सिलेंडरों में अवैध रूप से भर रहे थे और खाली सिलेंडरों को उनकी अनुमत क्षमता तक भरने के बाद उन्हें खुले बाजार में निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर बेच रहे थे।

# घरेलू विवाद में शख्स ने पत्नी पर चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के केशव पुरम इलाके में घरेलू विवाद के दौरान 42 वर्षीय महिला को उसके पति ने चाकू से वार कर घायल कर दिया। घटना त्रि नगर इलाके में सामने आई। आरोपी ने घर में बहस के बाद अपनी पत्नी पर रसोई के चाकू से हमला किया। इस संबंध में केशवपुरम थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार पीसीआर कॉल मिलने के बाद लोकल थाने की एक टीम त्रि नगर की नारंग कालोनी, गली नंबर तीन के सामने मकान संख्या 3421, थर्ड फ्लोर पहुंची। घायल महिला प्रतिभा वंदना (42) और उसका पति संजीव कुमार (42) मौके पर मिला। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने तीखी बहस के दौरान उसकी ठोड़ी और गर्दन पर चाकू से वार किया, जिससे वह जख्मी हो गई। उसे तत्काल दीप चंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज हुआ और बाद में महिला को छुट्टी दे दी गई। आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया है। केस की आगे जांच जारी है।

### दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल दिल्ली 2026 शुरू

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आईएफएफडी 2026 का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल दिल्ली (आईएफएफडी) 2026 के भव्य उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान आईएफएफडी पर आधारित एक विशेष ऑडियो-विजुअल फिल्म प्रस्तुत की गई, जिसमें भारतीय सिनेमा की यात्रा तथा महोत्सव की परिकल्पना को प्रभावी रूप से दर्शाया गया। इस अवसर पर रेड कार्पेट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गाला प्रीमियर और लाइव परफॉर्मेंस के माध्यम से भारतीय सिनेमा की समृद्ध परंपरा को भव्य रूप में प्रस्तुत किया गया। साथ ही, समारोह के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, देश-विदेश से आए फिल्मकारों, कलाकारों, निर्देशकों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह दिल्ली के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जब राजधानी वैश्विक सिनेमा के मंच पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज करा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सदियों से कला, संस्कृति और रचनात्मकता का केंद्र रही है और आईएफएफडी उसी विरासत का विस्तार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव केवल फिल्मों का नहीं, बल्कि सपनों, संवेदनाओं और कहानियों का उत्सव है, जो समाज को जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि सिनेमा वह माध्यम है जो भाषाओं और सीमाओं से परे जाकर दिलों को जोड़ता है और समाज को एक नई दृष्टि देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से दिल्ली अब वैश्विक सिनेमा के नक्शे पर अपनी जगह बना रही है और मुंबई, पुणे एवं गोवा जैसे प्रमुख फिल्म केंद्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। भारत मंडपम जैसे विश्वस्तरीय मंच पर दुनियाभर के कलाकारों और फिल्मकारों का एकत्र होना दिल्ली की विविधता का प्रतीक है।

## एलजी संधू से मिले वर्ल्ड बैंक के उपाध्यक्ष जोहान्स जुट



**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से बुधवार को वर्ल्ड बैंक के उपाध्यक्ष जोहान्स जुट मिलने पहुंचे। लोकनिवास में पहुंचे जूट का एलजी संधू ने स्वागत किया। लोक निवास सचिवालय के अनुसार दोनों के बीच शहरी नवीनीकरण, शिक्षा, स्वच्छता और कौशल विकास सहित प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक विशेषज्ञता का लाभ उठाने और साझेदारियों को मजबूत करने पर एक सार्थक चर्चा हुई। एलजी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप, सतत विकास और अपने सभी निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## एलजी ने निगम अधिकारियों की ली बैठक कहा जमीनी स्तर पर कार्य करके दिखाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों की एक बैठक बुलाई। बैठक में एलजी ने निगम के कार्यों की समीक्षा की, आला अधिकारियों ने उन्हें विभिन्न मुद्दों पर जानकारी प्रदान की। जानकारी अनुसार एलजी ने निगम की कार्यप्रणाली की प्रशंसा भी की और भविष्य में बेहतरीन कार्यों के लिए निर्देश भी दिए। एलजी ने पीएम नरेंद्र मोदी की विकसित दिल्ली के सपनों के अनुरूप ही कार्य करना एक मात्र लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने साफ व कड़ा संदेश देते हुए निगम अधिकारियों को साफ साफ कहा है कि दावा करने की जगह आपको जमीनी स्तर पर गंभीरता से कार्य करके दिखाना होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देते हुए विश्वस्तरीय राजधानी बनाने के लिए हमें वैश्विक स्तर पर अपनाई जा रही ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस और तकनीकी नवाचारों को अपनाना होगा। एलजी ने स्पष्ट कहा कि राजधानी की सूरत बदलने के लिए केवल प्रयास कर रहे है कहने से कुछ नहीं होगा, बल्कि आपके कार्यों का ठोस परिणाम दिखना भी चाहिए। एलजी ने दिल्ली में बढ़ते कचरे व सफाई व्यवस्था, सड़क मरम्मत और धूल नियंत्रण जैसी समस्याओं पर अधिकारियों को निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक तेज व धारदार बनाने के निर्देश दिए। एलजी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में निगम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना भी की और साथ ही पुरानी समस्याओं का हवाला देते हुए बहुत कुछ करना है का संदेश भी दिया। संधू ने कूड़े के पहाड़ों के निस्तारण, टूटी सड़कों की मरम्मत और प्रदूषण रोकने के लिए धूल शमन के उपायों में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान और मीडिया द्वारा उठाए गए मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई ही आपकी जवाबदेही का पैमाना है।

## एलजी ने किया हिंदूराव अस्पताल व मेडिकल कॉलेज का दौरा

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को दिल्ली के हिंदू राव अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। इस बारे में एलजी ने कहा कि हिंदू राव अस्पताल और मेडिकल कॉलेज जहाँ एक नर्सिंग कॉलेज भी है के दौरे के समय मैंने मरीजों, मेडिकल सुपरिटेंडेंट और स्टाफ से बातचीत की। मैंने दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने का अपना दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने कहा कि अपनी नर्सिंग ट्रेनिंग को वैश्विक मानकों और बेहतरीन कार्यप्रणालियों के अनुरूप बनाकर, हम अपने स्वास्थ्य पेशेवरों को अंतरराष्ट्रीय विशेषताओं से लैस कर सकते हैं। एलजी ने कहा कि उन्हें वैश्विक जरूरतों के आधार पर विदेशों में काम का अनुभव प्राप्त करने में सक्षम बना सकते हैं और उन उन्नत स्वास्थ्य कौशल को भारत वापस ला सकते हैं।

## डीयू : अदिति कॉलेज में पॉडकास्ट प्रोडक्शन कार्यशाला का आयोजन



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के अदिति कॉलेज के हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने "पॉडकास्ट प्रोडक्शन" विषय पर एक सफल एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल मीडिया के उभरते क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और उनकी अभिव्यक्ति क्षमता और संचार कौशल को विकसित करना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता मानव रचना विश्वविद्यालय हरियाणा में प्रोफेसर एवं डिजिटल प्रोडक्शन विशेषज्ञ डॉ. यश वत्स रहे। कार्यशाला में प्राचार्या प्रो. नीलम राठी, विभाग प्रभारी प्रो. माला मिश्र तथा डॉ. रजनी मान सहित अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. यश वत्स ने पॉडकास्ट प्रोडक्शन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आपकी आवाज डिजिटल दुनिया की पहचान होगी। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या प्रो. नीलम राठी ने कहा कि कॉलेज भविष्य में भी इस प्रकार की और अधिक कार्यशालाओं का आयोजन करेगा।

## आप-कांग्रेस पर साधा प्रदेश अध्यक्ष ने निशाना

■ कुकिंग गैस की कोई कमी नहीं आने देगी भारत सरकार : सचदेवा

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने ना ईद उत्सव के दौरान, ना नवरात्र भंडारों में कुकिंग गैस की कोई कमी आने दी और ना अब श्री राम नौमी उत्सव के भंडारों में कुकिंग गैस की कोई कमी आने देगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस नेताओं के बयान पर यह प्रतिक्रिया दी। सचदेवा ने कहा कि आप और कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार गैस सिलेंडर सप्लाई को लेकर की जा रही ओछी राजनीतिक ब्यानबाजी कहीं ना कहीं एक राष्ट्र विरोधी गतिविधि के सामान है। सचदेवा ने कहा है कि गैस एवं तेल की पड़ोसी पाकिस्तान एवं श्रीलंका से लेकर विकसित देशों तक में थोड़ी या ज्यादा कमी है पर शायद भारत एक ऐसा देश है जहां विपक्ष प्रदर्शन करके कमी को बढ़ा चढ़ा कर दिखा कर कालाबाजारी को प्रोत्साहन दे रहा है। सचदेवा ने कहा है कि खाड़ी युद्ध के चलते तीन चौथाई दुनिया में तेल एवं गैस की कमी देखी जा रही है, भारत सरकार ने पहले दिन से नीतिगत व्यवस्था करके कमी के असर को बहुत सीमित कर दिया है, आज देश में लगभग सभी को बुकिंग पर नियमित गैस सिलेंडर मिल रहा है पर खेदपूर्ण है कि हमारे देश का राजनीतिक विपक्ष अंतरराष्ट्रीय आपदा में भी राजनीतिक अवसर ढूंढ रहा है।

## डीएमआरसी ने एनएसडी से मिलाया हाथ, मिलकर सांस्कृतिक रचनात्मक को बढ़ावा देने का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने नाट्य कला राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के साथ हाथ मिलाया है। इस बारे में जानकारी देते हुए डीएमआरसी कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि और सांस्कृतिक जागरूकता व रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए एनएसडी के साथ एक समझौते पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। दयाल के अनुसार एमओयू हस्ताक्षर की तारीख से अगले तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेगा और दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति के आधार पर इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि डीएमआरसी ने यह कदम मेट्रो कर्मचारियों और यात्रियों के बीच नाट्य कला, सांस्कृतिक जागरूकता और रचनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। इस एमओयू पर मेट्रो भवन में डीएमआरसी और एनएसडी के बीच, दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। जिसमें डीएमआरसी का प्रतिनिधित्व परिचालन और सेवाएं निदेशक डॉ. अमित कुमार जैन ने किया, जबकि एनएसडी का प्रतिनिधित्व निदेशक चितरंजन त्रिपाठी ने किया। दयाल ने बताया कि इस समझौते के अनुसार, डीएमआरसी विभिन्न मेट्रो परिसरों, जिसमें मेट्रो भवन सभागार भी शामिल है, में एनएसडी द्वारा जागरूकता-उन्मुख अभियान, नाट्य-आधारित संवाद सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित करने में सहायता प्रदान करेगा। एनएसडी को डीएमआरसी कर्मचारियों और यात्रियों के बीच संस्थागत पहुंच बनाने के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

## डीएसजीपीसी का सुप्रीम कोर्ट के ईसाई धर्म अपनाने पर दलित श्रेणी समाप्त करने के फैसला का स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीपीसी) ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईसाई धर्म अपनाने पर अनुसूचित जाति (एससी) की सुविधाएं मिलने पर लगाई गई रोक के फैसले का स्वागत किया है। इस मामले पर कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बहुत स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि इससे एससी की सुविधाएं केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के लोगों को मिलेंगी और यदि कोई ईसाई बनना है तो वह एससी वर्ग को मिलने वाली सुविधाएं नहीं ले सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे धर्म परिवर्तन, खासकर पंजाब में, रुकने में मदद मिलेगी। पंजाब में लालच देकर लोगों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें ईसाई बनाया जा रहा था और इस मुद्दे को दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने कई बार जोर-शोर से उठाया है।

### एमसीडी शिक्षा समिति ने बैठक में लिया बड़ा फैसला

# 24 'निगम श्री स्कूल' होंगे शुरू, मिड-डे मील पर सख्ती : योगेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में निगम शिक्षा समिति की बैठक में एक बड़ा निर्णय लेते हुए "निगम श्री स्कूल" शुरू करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने बुधवार को बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पहल पीएम श्री और सीएम श्री स्कूलों की तर्ज पर होगी। पहले चरण में 24 स्कूलों को "निगम श्री स्कूल" के रूप में विकसित किया जाएगा, जो आगामी शैक्षणिक सत्र से शुरू होंगे। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त संजीव मित्तल, शिक्षा निदेशक निखिल तिवारी, समिति के सदस्यगण और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। "निगम श्री स्कूलों" में आधुनिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिनमें स्मार्ट बोर्ड, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छ शौचालय, डिजिटल लर्निंग, समृद्ध लाइब्रेरी, बेहतर फर्नीचर, सुरक्षित वातावरण, खेल गतिविधियां और हरित परिसर शामिल होंगे। योगेश वर्मा ने बताया कि शिक्षा समिति का उद्देश्य निगम स्कूलों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा का केंद्र बनाना है, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### मिड-डे मील योजना की गुणवत्ता पर गंभीर समीक्षा

बैठक के दौरान शिक्षा विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से मिड-डे मील योजना की गुणवत्ता को लेकर गंभीर समीक्षा की गई। जिन गैर-सरकारी संगठनों द्वारा मिड-डे मील की गुणवत्ता में लापरवाही बरती जा रही है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

वित्तीय सहायता राशि खातों में की गई ट्रांसफर

अध्यक्ष योगेश वर्मा ने बताया कि निगम स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया गया। जानकारी दी गई कि जिन छात्रों को स्कूल ड्रेस और स्टेशनरी के लिए वित्तीय सहायता अब तक नहीं मिल पाई थी, उनके खातों में राशि ट्रांसफर कर दी गई है।

### सुधार कार्यों के लिए करीब 45 करोड़ रुपये जारी

शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश ने बताया कि स्कूलों की मरम्मत, शौचालयों के रख-रखाव और अन्य जरूरी सुधार कार्यों के लिए करीब 45 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिससे स्कूलों का समग्र वातावरण बेहतर बनाया जा सके।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन, पुत्रः मुन्नालाल, निवासीः वेगाबॉन्ड, तिलक नगर फ्लाईओवर, दिल्ली** ने **FIR No.: 374/2023, U/s: 454/380/411 IPC, पुलिस थाना हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पवन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पवन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना हरि नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **पवन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 27.04.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्ष बैंस
जेएमएफसी–02, पश्चिम, कमरा नंबर 31,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3819/WD/2026

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रवीन पुत्र मो. दुलाल निवासी झुग्गी नं. एस–265/112, पहाड़ी नंबर 1, तैमूर नगर, नई दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 0408/2014 अन्तर्गत धारा 168/353/332/34 आईपीसी अधिनियम, थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रवीन** मिल नही रहा है, और मुझे समाधानाप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रवीन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 0408/2014 अन्तर्गत धारा 168/353 /332/34 आईपीसी अधिनियम, थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रवीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विनोद जोशी
एलडी. अति. न्यायिक मजिस्टेट
दक्षिण पूर्व जिला न्यायालस नं. 515
साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

DP/3612/SE/2026
(Court Matter)

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | एम.सी. हिसार में डाबरा फ्लाई ओवर से तोशाम रोड आईटीआई डिस्पोजल तक स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल लाइन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 30.03.2026 | रु. 131.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662237884 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/44198/I/88/7 दि. 25.03.26

## कैग की रिपोर्ट पर सदन में चर्चा

# दिल्ली में 'शीश महल' बनाने वाले अब पंजाब में जाकर बस गए : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास शीशमहल पर आई कैग रिपोर्ट पर सदन में मुख्यमंत्री रेखा ने पूर्व सीएम के 'शीश महल' का कच्चा चिट्ठा पेश किया और कहा कि पूर्व सीएम खुद को 'शहंशाह-ए-आलम' और दिल्ली जनता को अपना 'दास' समझते थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में 'शीश महल' बनाने वाले अब पंजाब में 'शीश महल-2' में जाकर बस गए हैं। मुख्यमंत्री ने कैग रिपोर्ट के आधार पर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की और मामले को लोक लेखा समिति (पीएसी) को सौंपने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। जिसके बाद सदन ने शीश महल संबंधी कैग की रिपोर्ट को विस्तृत जांच के लिए लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास भेज दिया। सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भावुक और हमलावर नजर आईं। उन्होंने कहा कि आज सदन ने उस दर्द को पुनः महसूस किया है, जो पिछली सरकार ने दिल्ली की जनता को दिया। उन्होंने शेर भी पढ़ा कि 'वह जहर देता तो सबकी निगाह में आ जाता, उसने यूं किया कि दवा देना बंद कर दिया।' मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह चर्चा केवल ईंट-पत्थरों, फर्नीचर या इंटीरियर की नहीं है, बल्कि उस 'सुनियोजित धोखे' को बेनकाब करने की है जिसे केजरीवाल ने वर्षों तक छिपाए रखा। यह रिपोर्ट उस नैतिक पतन का प्रमाण है, जहां 'आम आदमी' का नारा देने वाले ने खुद को राजा और जनता को अपना सेवक समझ लिया। उनका आचरण ऐसा था कि जनता वही देखेगी जो वह दिखाएंगे और वही सुनेगी जो वह कहेंगे। मुख्यमंत्री ने केजरीवाल की पुरानी सादगी पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्वर्गीय शीला दीक्षित के घर के 10 एसी पर टिप्पणी करने वाले केजरीवाल ने खुद के लिए 50 एसी और 70 पंखे वाला महल खड़ा किया था।

उन्होंने पूछा कि यह कौन-सी सादगी थी जिसमें गाड़ी, बंगला और कुर्सी न लेने की कसमें खाई गई थीं, लेकिन पर्दे के पीछे सब कुछ हासिल किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोरोना महामारी के दौरान दिल्ली के हजारों लोग अपनी जान गंवा रहे थे, तब मुख्यमंत्री अपने लिए महल बनवा रहे थे। उस महल में खाना ऊपर ले जाने के लिए लाखों की लिफ्ट, महंगे फ्रिज और विदेशी कॉफी मशीन लगवाई जा रही थी। इस 'शीश महल' के लिए छह-छह निजी कंसल्टेंट रखे गए। कोई फर्नीचर, कोई लैंडस्केप तो कोई इंटीरियर के लिए। जो टेंडर शुरुआती दौर में मात्र 8 करोड़ रुपये का था, वह अंततः 62 करोड़ रुपये तक कैसे पहुंच गया, यह जांच का विषय है।

### 'मैं बचाता रहा दीमक से घर अपना, और चंद कुर्सी के कीड़े पूरी दिल्ली को खा गए'

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में केजरीवाल के सरकारी आवास (शीश महल) के संबंध में पेश कैग की रिपोर्ट पर चर्चा में भाग लेते हुए लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने अपने संबोधन की शुरुआत 'मैं बचाता रहा दीमक से घर अपना, और चंद कुर्सी के कीड़े पूरी दिल्ली को खा गए'पंक्ति से की।



मंत्री प्रवेश ने याद दिलाया कि पूर्व शुरुआत में सादगी का वादा किया गया था, न सरकारी बंगला, न गाड़ी, न सुरक्षा। लेकिन सत्ता में आने के सिर्फ 20 दिनों के भीतर फ्लैगस्टाफ रोड का बंगला आवंटित कर लिया गया। उन्होंने कहा कि 20 दिन के भीतर ही सादगी का वादा, विलासिता में बदल गया। मंत्री प्रवेश नेकहा कि जब दिल्ली में लोग ऑक्सीजन के लिए भटक रहे थे, अस्पतालों के चक्कर लगा रहे थे, तब एक ही फाइल 'बहुत जरूरी थी वह मुख्यमंत्री के महल की थी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कोविड के लिए 787.91 करोड़ रुपए दिए गए, लेकिन उसका पूरा उपयोग नहीं हुआ। जान बचाने के लिए मिला पैसा पूरा खर्च नहीं हुआ, लेकिन एक बंगले की लागत 7 करोड़ से बढ़कर 58 करोड़ हो गई। उन्होंने कहा कि अगर यह पैसा आईसीयू सुविधाओं पर खर्च होता तो हजारों जानें बच सकती थीं। मंत्री प्रवेश ने कहा कि 15 हजार में एक आईसीयू बेड बनता था। 58 करोड़ रुपए में 2300 से अधिक आईसीयू बेड बनाए जा सकते थे।






# विपक्ष के सदस्यों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी रहा जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विपक्ष की नेता आतिशी के नेतृत्व में बुधवार को तीसरे दिन भी विपक्ष के सदस्यों ने विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। बुधवार को गैस सिलेंडर किल्लत को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार पर हमला बोला। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में सभी विधायकों ने गैस सिलेंडर का पम्पलेट्स लेकर पैदल मार्च किया। आतिशी ने कहा कि मंगलवार को पेश हुए बजट में भी रेखा गुप्ता ने सिलेंडर का जिक्र किया है और कहा है कि दिवाली और होली पर सिलेंडर फ्री दिया जाएगा। अब तो सब पूरा ही फ्री हो गया है और कोई भी सिलेंडर के लिए एक भी पैसा खर्च नहीं कर रहा है। अब किसी को भी सिलेंडर पर खर्चा नहीं करना पड़ रहा है क्योंकि लोग इंडक्शन और लकड़ी खरीद रहे हैं। जब सिलेंडर मिल ही नहीं रहा है तो उस पर खर्चा वैसे ही खत्म हो गया। भाजपा वाले इसी तरीके से बिजली और पानी भी फ्री कर देंगे, क्योंकि सब कुछ मिलना ही बंद हो जाएगा।

### दिल्ली के साथ केंद्र का धोखा, भाजपा सांसद-विधायक कब बनेंगे जनता की आवाजः देवेन्द्र



नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा की केंद्र व दिल्ली सरकार को निशाने पर रखते हुए कहा कि लगातार दिल्ली वालों के साथ धोखा किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा कि दिल्ली के सातों सांसद व सभी विधायक आखिर दिल्ली की जनता की आवाज कब बनेंगे। यादव ने दिल्ली के बजट को लेकर एक बार फिर सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाए कि केंद्र की मोदी सरकार ने दिल्ली सरकार को बाजार के भरोसे छोड़ दिया है। क्योंकि पिछले साल की तरह ही इस साल भी केंद्र सरकार ने रेखा सरकार को इस बजट में कुछ नहीं दिया है। बावजूद इसके दिल्ली के विधायक व सांसद मुंह बंद कर बैठे है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस दिल्ली ने मोदी के नाम पर भाजपा को 7 में 7 सांसद दिए और 27 वर्षों बाद भाजपा की सरकार बनाई, उसी दिल्ली के प्रति प्रधानमंत्री मोदी जी की यह बेरुखी क्यों है। भाजपा के सांसद और विधायक चुप क्यों हैं, और वह कब दिल्ली के हित में आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने रेखा गुप्ता सरकार बनते ही पहले दिल्ली नगर निगम की सरकार भाजपा को सौंपी और अब दिल्ली विधानसभा को विपक्ष विहीन कर भाजपा को अपना समर्थन दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के बजट की लगभग 43 प्रतिशत राशि परियोजनाओं पर खर्च नहीं हो पाई, क्योंकि रेखा गुप्ता सरकार द्वारा 2025-26 के बजट बड़े दावों के साथ पेश किया, लेकिन दिल्ली के विकास के लिए केंद्र से अपेक्षित आर्थिक सहयोग नहीं मिला।

## विपक्ष की अनुपस्थिति उसकी गैर जिम्मेदारी को करती है उजागरः सूद

**नई दिल्ली**। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा मंगलवार को विधानसभा में पेश बजट पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि दिल्ली का बजट एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है, लेकिन विपक्ष की अनुपस्थिति उसकी गैर-जिम्मेदारी को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने तूफान से कश्ती को निकाला ही नहीं, बल्कि मंजिल का पता भी बता दिया है। दिल्ली सरकार का यह बजट दिल्ली को नई दिशा देता है, जिसमें 32 हजार करोड़ से अधिक की कैपिटल खर्च के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और तेज विकास को मजबूत आधार मिल रहा है। सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इकोनॉमी और राजनीति को अलग अलग कर दिया है। लोकलुभावन वादों के बजाय हमने चुना स्थिरता, पारदर्शिता और प्रशासनिक सुधार का रास्ता दिया। मंत्री सूद ने कहा कि हेडलाइन नहीं भरोसे की राजनीति हमारी पहचान है।

# विधानसभा में उठी विकास कार्यों में अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग

## विशेष उल्लेख के तहत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के उठाए मामले

**नई दिल्ली**। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की शुरुआत में सत्तापक्ष के सदस्यों ने सदन में विकास कार्यों व दिल्ली की सुंदरता को बट्टा लगाने वालों को लेकर अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। वहीं सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों के मामले उठाए। ग्रेटर कैलाश से सदस्य शिखा राय ने इलाके में अंडर पास बनवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों व दिल्ली की सुंदरता को बट्टा लगाने वालों को लेकर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए यह मामला भी कई विधायकों ने उठाया। रिठाला से विधायक कुलवंत राणा ने कहा कि ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था हो जहां अधिकारी जवाबदेय हों।

नाली, सड़क, गड्ढे पर वह ध्यान रखें और कार्रवाई करें। सदस्य और डिप्टी स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट ने भी कहा कि अधिकारी ध्यान दें ताकि व्यवस्थाओं को सुधारा जाए। सदस्य संजय गोयल ने सड़कों पर बेतरतीब दौड़ रहे ई-रिक्शों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि इन ई-रिक्शों से कई बार दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं इन्हें व्यवस्थित करना चाहिए। द्वारका से सदस्य प्रद्युम्न राजपूत ने भी सड़कों पर अवैध कब्जे आदि की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि कब्जे हटने के तुरंत बाद दोबारा हो जाते हैं। ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए कि अधिकारी काम करें, उनकी जवाबदेही तय की जाए। वहीं सत्तापक्ष के सदस्य डॉक्टर अनिल गोयल ने पूर्वी दिल्ली



सांस्कृतिक केंद्र को पट्टे पर देने को गंभीर मामला बताया। उन्होंने कहा कि इंडिया हैबिटेट सेंटर की तर्ज पर यहां सीबीडी ग्राउंड में एक सेंटर बनना था लेकिन वहां बैंक्वेट हॉल ग्राउंड बना दिया। जबकि पूर्वा सांस्कृतिक केंद्र बनते समय वहां सदस्य बनाए गए उनसे शुल्क वसूला अब वह निजी पट्टे पर देकर उनके साथ छल किया गया है। इसकी जांच होनी चाहिए। बाद में इसी मुद्दे पर ओम प्रकाश शर्मा ने भी आम आदमी पार्टी पर हमला बोला और कहा कि यह एक षड्यंत्र के तहत किया जा रहा है इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं पालम से सदस्य कुलदीप सोलंकी ने पशु चिकित्सालय की स्थिति सुधारने की मांग रखी तो वहीं पटपड़गंज से सदस्य रविंद्र सिंह नेगी ने डीडीए की जमीनों पर हो रहे कब्जों को छुड़वाने की मांग रखी। संगम विहार से सदस्य चंदन कुमार चौधरी ने इलाके में लोक निर्माण विभाग की सड़क पर दिल्ली नगर निगम की पार्किंग की वजह से होने वाली परेशानी की ओर ध्यान आकर्षित करवाते हुए कहा कि यह पार्किंग सुविधा से ज्यादा असुविधा बनी हुई है। सदस्य हरीश खुराना ने मोती नगर में अवैध दुकानों पर बिना लाइसेंस मांगच बेचे जाने की जानकारी देते हुए कहा कि इनके लिए सख्त कानून बनाया जाए। नजफगढ़ से सदस्य नीलम पहलवान ने कृषि योग्य भूमि के सर्किल रेट बढ़ाने की मांग रखी। सदस्य गजेंद्र सिंह दराल ने मुंडका क्षेत्र में अस्पताल न होने का मुद्दा उठाया और बताया कि कंझावला में 6 एकड़ जमीन पर 100 बिस्तर का अस्पताल बना है लेकिन वह व्यवस्थित होकर नहीं चल रहा है अतः यहां पर इमरजेंसी सुविधाओं को शुरू किया जाए। सदस्य राजकुमार भाटिया ने पंजाब विस्थापित दंगा पीड़ितों को डूसिब के क्वार्टर आवंटन करने का मुद्दा उठाया।

नरेला से सदस्य राजकरण खत्री ने यमुना में हो रहे अवैध रेत खनन की ओर ध्यान आकर्षित करवाया। रोहताश नगर से सदस्य जितेंद्र महाजन ने आईजीएल पाइपलाइन बिछाने के काम धीमी गति से चलने की ओर ध्यान दिलाया और कहा कि तेजी से कनेक्शन दिलवाए जाएं। त्रिलोकपुरी से सदस्य रविकांत ने सफाई कर्मियों को पक्का करने की मांग को रखा। मोहन सिंह बिष्ट ने तारों के जाल खत्म करने के लिए प्रयासों को और तेज करने की मांग रखी। तिमारपुर से सदस्य सूर्य प्रकाश खत्री ने वजीराबाद संगम विहार में सरकारी सुविधाओं के न होने का मुद्दा उठाया और कहा कि यहां स्कूल आठवीं तक है जिसे 12वीं तक किया जाए और पुलिस थाना व सामुदायिक भवन बनाए जाएं।

### सदस्यों की सुरक्षा पर विधानसभा में उठा सवाल

जंगपुरा से विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने विधानसभा को दोबारा बम से उड़ाने का मामला उठाते हुए कहा कि हमारी जान को भी खतरा है, हमारी सुरक्षा की ओर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा को धमकी दे सकते हैं तो हम विधायकों की जान को भी खतरा है। पूनम शर्मा ने सड़कों किनारे बैठे लोहार के मुद्दों को उठाते हुए कहा कि उन्हें सुविधाएं मिलनी चाहिए क्योंकि उनके पास अपना पता तक नहीं होता है। घोंडा विधायक अजय महावर ने सीवर की गाद निकालकर सड़क पर फेंकने का मामला उठाते हुए जल मंत्री से गाद निस्तारण के लिए पूरी प्रक्रिया बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने पिंक लाइन पर मेट्रो को डीयू से जोड़ने की भी मांग रखी।

### पंजाब के हालात और दुर्दशा का मुद्दा विधानसभा में उठा

पंजाब के हालात और दुर्दशा पर बुधवार को विधानसभा में दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पंजाब स्टेट वेयर हाउसिंग के जीएम गगन दीप सिंह रंधावा को आप के मंत्री लाल जीत सिंह भुल्लर ने अपने परिवार को टेंडर पास करने के लिए प्रताड़ित किया, परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली। लोकसभा में मामला उठाए जाने और दबाव पड़ने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कई मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंजाब में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। इस पर तरविंदर सिंह मारवाह ने कहा कि जब से दिल्ली से अरविंद केजरीवाल गए हैं यहां नजर नहीं आ रहे हैं, पंजाब में नेश, भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए उन्होंने राज्य में गवर्नर राज लगाने की मांग रखी।

### दिल्ली में एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सुचारू : सिरसा

दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक सदस्य के सवाल पर खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सदन को आश्वस्त किया कि राजधानी दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं सारे सदन को बताना चाहता हूं कि दिल्ली में एलपीजी के वितरण के संबंध में किसी भी तरीके की अफवाह को बढ़ावा न दिया जाए। डिपार्टमेंट पूरी मुस्तैदी से कालाबाजारी को रोकने और सप्लाई को सुचारू रखने के लिए काम कर रहा है। मंत्री ने कहा कि पिछले 22-25 दिनों से स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है, कोई ओवरबुकिंग या कमी नहीं दिखी। रिहायशी और व्यावसायिक सिलेंडर केंद्र सरकार की नीति के तहत प्राथमिकता आधार पर उपलब्ध हो रहे हैं, जिसमें अस्पतालों सहित सभी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

## दिल्ली विधानसभा को दो दिन में दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी

दिल्ली विधानसभा को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय में मेल के जरिए भेजी गई है। धमकी के बाद पूरे विधानसभा परिसर की तलाशी ली गई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने जारी वक्तव्य में बताया कि 'एक और हॉक्स कॉल मेल के जरिये बुधवार को दिल्ली विधानसभा में विधान सभा अध्यक्ष कार्यालय को भेजी गई है, जिसमें ये नक्सली और पाकिस्तान से जुड़ी इकाइयों की मदद से कुछ मुस्लिम संगठन हैं, जिन्होंने 1:40 दोपहर में धमकियों की बात की थी। लेकिन हमारी कार्रवाई निरंतर और सतत चलती रही। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि मेल में लिखा गया है कि 16 आरडीएक्स आईईडी लगाए गए हैं। बुधवार दोपहर 1:40 पर धमाके की योजना थी। इस संदर्भ में हमने कल प्राप्त हुई मेल पुलिस को भेज दी थी और बुधवार को प्राप्त हुई मेल भी भेज दी है। आज भी यहां पर दिल्ली पुलिस का बम स्क्वायड आया था और उन्होंने पूरी जांच की थी।



**खबर संक्षेप**

### नशीली दवा बेचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा उंचा गांव व अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने अवैध नशा, प्रतिबंधित, नशीली दवा बेचने के अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए पिंटू निवासी फतेहपुर सिकरी उप्र हाल पर्वतीय कॉलोनी को 1.282 किलोग्राम गांजा सहित तिकोना पार्क एनआईटी के पास से गिरफ्तार किया है। जिसमें से कुछ उसने बेच दिया था। अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने योगेश निवासी गांधी कॉलोनी फरीदाबाद को 960 प्रतिबंधित, नशीली गोलियों भगत सिंह चौक, फरीदाबाद से काबू किया है।

### बरामद की चोरी की मोटरसाइकिल



**फरीदाबाद।** थाना डबुआ में दर्ज एक वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने सन्नी व अभिषेक निवासी गांव सोतई को जिला जेल फरीदाबाद से प्रोडेक्शन पर लेकर चोरीशुदा मोटरसाइकिल को बरामद किया है। पुलिस के अनुसार महेशचन्द वासी गांव भांखरी ने थाना डबुआ में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसने अपनी मोटरसाइकिल 6 अक्टूबर 2025 को 17 नम्बर चुंगी के पास खडी की थी। जहां से किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चुरा ली। जिस संबंध में थाना डबुआ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि दोनों नशा करने के आदी है और एक ही गांव के रहने वाले है तथा नशापुर्ति के लिये मोटरसाइकिल चुराई थी। आरोपियों की निशानदेही पर मामले से संबंधित चोरीशुदा मोटरसाईकिल को बरामद कर जेल भेजा गया है।

# अभिनेत्री दीया मिर्जा ने गुरुग्राम में प्राकृतिक संसाधन सहेजने का दिया संदेश

**नेबर्स विद नेचर पहल के तहत गुरुग्राम बंध को विकसित करेगा जीपीएल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नेबर्स विद नेचर नामक एक पहल के तहत गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने गुरुग्राम के वजीराबाद स्थित बंध को विकसित करने की शुरुआत की है। इस पहल के तहत कंपनी अपने सभी पर्यावरणीय प्रयासों को एक पहचान के साथ आगे बढ़ाएगी, जिससे उसके प्रोजेक्ट्स के आसपास के क्षेत्रों में ठोस और दिखने वाला पर्यावरणीय प्रभाव उत्पन्न हो सके। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सद्भावना दूत दीया मिर्जा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण की सद्भावना दूत दीया मिर्जा ने इस पहल से जुड़कर शहरों में पारिस्थितिक संपत्तियों के संरक्षण की आवश्यकता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि शहरीकरण ने हमें प्राकृतिक प्रणालियों से दूर कर दिया है, जिन पर हमारी निर्भरता है। हमें अपने बेहतर भविष्य के लिए अपने आसपास हरियाली करनी होगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज की उत्तर क्षेत्र की मुख्य कार्यकारी अधिकारी गीतिका त्रेहन ने कहा कि हमारे शहरों में लोगों का जीवन स्तर केवल उनके घरों से नहीं, बल्कि उनके आसपास के पर्यावरण से भी निर्धारित होता है। गोदरेज प्रॉपर्टीज का दावा है कि पिछले दो वर्षों में कंपनी ने 96,000 टन से अधिक कचरे को लैंडफिल में जाने से रोका है। साथ ही 1.7




करोड़ लीटर से अधिक वॉटर रिचार्ज को संभव बनाया है और पिछले पांच वर्षों में 4 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं।

नेबर्स विद नेचर के माध्यम से इन प्रयासों को माइक्रो मार्केट्स तक विस्तार दिया जाएगा, जिसमें प्रकृति संरक्षण, जल प्रणाली सुधार, जैव विविधता बढ़ाने और सामुदायिक भागीदारी पर विशेष जोर होगा। गोदरेज समूह की गुड एंड ग्रीन विचारधारा से प्रेरित नेबर्स विद नेचर पहल भविष्य में देशभर के शहरी क्षेत्रों में हरित सार्वजनिक स्थानों, जैव विविधता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने का आधार बनेगी।

इस पहल के पहले चरण में जीपीएल ने आई.एम. गुरुग्राम के साथ मिलकर चक्करपुर-वजीराबाद बंध के पुनस्र्थापन में सहयोग किया है।

5.2 किलोमीटर लंबा यह पारिस्थितिक कॉरिडोर, जो कभी उपेक्षित नाला था, अब देशी पेड़ों और झाडिय़ों के रोपण, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के फिर से उपयोग, पैदल और साइकिल पथों के निर्माण, सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था तथा वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण को मजबूत करने जैसे प्रयासों से एक हरित और जीवंत क्षेत्र में बदल गया है।

**जल्द 131 बैंकिट हॉल पर भी होगी कार्यवाही भेजे जा चुके हैं नोटिस**

# नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदार बैंक्विट मैरिज हॉल पर की सख्त कार्रवाई, 61 यूनिट सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देशों पर निगम की अतिरिक्त आयुक्त 1 सलोनी शर्मा के मार्गदर्शन में शहर में प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वाले बैंक्विट हॉल एवं मैरिज पैलेस संचालकों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत 61 बकायधारको की प्रॉपर्टी को सील किया गया है। इस अभियान के तहत क्षेत्रीय एवं कर अधिकारियों की टीमों द्वारा



विभिन्न जोनों में कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 61 बैंक्विट हॉल, मैरिज पैलेस यूनिट्स को सील किया गया है। निगम के आंकड़ों के अनुसार इन इकाइयों पर करोड़ों रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। सबसे अधिक बकाया एनआईटी जोन में सामने आया है, जहां 35 यूनिट्स पर लगभग 2 करोड़ 67 लाख रुपये से अधिक की राशि बकाया पाई गई। वहीं ओल्ड जोन में 12 यूनिट्स पर करीब 36 लाख रुपये से ज्यादा और ओल्ड जोन में 14 यूनिट्स पर लगभग 15 लाख रुपये से ज्यादा का बकाया दर्ज किया गया। सीलिंग की गई इन प्रॉपर्टी पर लगभग 3 करोड़ से ज्यादा का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया चल रहा है। नगर निगम की एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने स्पष्ट किया है कि टैक्स न जमा करने वालों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। बकायेदारों को पहले ही नोटिस जारी कर भुगतान के लिए पर्याप्त समय दिया गया था, इसके बावजूद भुगतान न करने पर यह कार्रवाई की गई है। जल्द 131 बैंकिट हॉल पर भी कार्यवाही होगी उनको टैक्स जमा करने के लिए पहले ही नोटिस के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है, उन्होंने कहा कि जल्द ही ऐसे बकायाधारक जल्द अपना टैक्स जमा करें और कार्यवाही से बचे।

**पंजाब एवं हरियाणा बार काउसिंल चुनाव**

# ओ.पी. शर्मा समर्थित संतराम शर्मा सातवें नबंर पर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विगत दिनों सम्पन्न हुए पंजाब एवं हरियाणा बार काउसिंल चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पंजाब एवं हरियाणा बार काउसिंल के पूर्व वाइस चेयरमैन ओ.पी. शर्मा समर्थित प्रत्याशी संतराम शर्मा निर्णायक बढ़त बनाए हुए है। अभी तक की काउटिंग में संतराम शर्मा सातवें नम्बर पर चल रहे है। गौरतलब है कि विगत दिनों सम्पन्न हुए पंजाब एवं हरियाणा बार काउसिंल चुनाव में फरीदाबाद बार से कुल सात प्रत्याशी चुनावी समर में डटे हुए थे। इनमें ओ.पी. शर्मा समर्थित संतराम शर्मा, पूर्व बार अध्यक्ष जेपी अधाना व पूर्व बार अध्यक्ष संजीव चौधरी के नाम शामिल थे। अब जबकि वोट की गिनती का काम शुरू हो चुका है तथा चुनाव समर में उतरे 157 प्रत्याशियों में से 680 मत हासिल कर संतराम शर्मा सातवें नम्बर पर पहुंच गए है। अकेले फरीदाबाद से ही उन्होंने 653 मत हासिल किए। बताया यह भी जा रहा है कि संतराम शर्मा पलवल, सोहना, गुडग़ांव बारों के साथ-साथ चण्डीगढ़ व पंजाब की भटिडा व लुधियाना बारों से अच्छे खासे तक हासिल करेगें। इस चुनाव में पूर्व बार अध्यक्ष जेपी अधाना व पूर्व बार अध्यक्ष संजीव चौधरी ने भी ठीक मत हासिल किए है।

अभी तक के रुझानों पर प्रतिक्रिया देते हुए पंजाब एवं हरियाणा बार काउसिंल के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ओ.पी. शर्मा ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं की सुविधाओं का ध्यान रखा था तथा उसी पर विश्वास जताते हुए अधिवक्ताओं ने संतराम शर्मा को खूब मतों का आशीर्वाद दिया है।

# स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने पूर्व विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

श्री सिद्धदाता आश्रम के अधिष्ठाता एवं श्रीरामानुज संप्रदाय की तीर्थ पीठ इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा के पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने आज सेक्टर 9 स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पहुंचकर फरीदाबाद के पूर्व विधायक स्वर्गीय आनंद कौशिक को अपने श्रद्धासुमन अर्पित



किए व उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करके मंत्र उच्चारणों से श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आनंद कौशिक सरल स्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे व हमेशा ही धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में आस्था रखते हुए वह लगातार लक्ष्मी नारायण मंदिर धाम में आकर आशीर्वाद लेते थे। उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य किए इस अवसर पर स्वर्गीय आनंद कौशिक के भाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक व स्वर्गीय आनंद कौशिक के पुत्र हरियाणा विचार विभाग के अध्यक्ष विनोद कौशिक भी उपस्थित रहे। श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने इस अवसर पर कहा कि लोगों को जब भी समय मिलें भगवान की आराधना अवश्य करें जिससे उनके मन को शांति मिलेगी। सच्ची आराधना से हम ईश्वर को प्राप्त कर सकते हैं उनकी प्राप्ति से मोक्ष प्रदान हो जाता है। इस अवसर पर प्रो.एमपी सिंह, रेनू चौहान, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, वेदप्रकाश यादव, अशोक रावल, डॉ सौरभ आदि।

**नगर आयुक्त तथा रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बैठक**

# शहर हित में रेलवे विभाग तथा नगर निगम संयुक्त रूप से करेगा कार्यवाहीः नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम मुख्यालय में रेलवे विभाग अधिकारियों तथा नगर निगम अधिकारियों के बीच बैठक हुई बैठक में शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और योजना बनाई गई, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा रेलवे विभाग से प्रेम शंकर झा वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दिल्ली की उपस्थिति में बैठक हुई । रेलवे ट्रैक से गुजरने वाले मार्ग की साफ सफाई का कार्य अभियान के रूप में किया जाएगा।

ऐसे वार्ड जहां पर रेलवे की भूमि आ रही है उन पर भी सफाई अभियान चलाया जाएगा अन्य संदर्भ जिसमें रेलवे विभाग तथा नगर निगम विभाग को कार्यवाही की जानी है संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की जाएगी निर्णय लिया गया, बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, समस्त जोन के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के उपस्थित रहे, रेलवे विभाग से सहायक मंडल अभियंता दीपक मीणा, वरिष्ठ खंड



■ **शहर की स्वच्छता को लेकर संयुक्त अभियान चलाने की बनाई योजना**

अभियंता रजनीश उपस्थित रहे । नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग तथा रेलवे विभाग शहर की स्वच्छता के क्रम में संयुक्त अभियान चलाकर कार्य करेगा जिसमें नालों की सफाई से लेकर रेलवे ट्रैक के समीप फैली हुई गंदगी को साफ करने का कार्य संयुक्त अभियान के रूप में किया जाएगा,अभियान के रूप में किया जाएगा इसके लिए रेलवे के अधिकारी और ननि के अधिकारी संयुक्त निरीक्षण करते हुए स्थान का चिन्ह करण करेंगे।

**पेंट प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने की तैयारी**

# प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के लिए पांचों जोन में प्लांट लगाने हेतु निगम की योजना : नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज में गाजियाबाद का विश्व के टॉप 24 शहरों में नाम शामिल होने के उपरांत प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के लिए तैयारी भी जोरों पर चल रही है । जिसमें विदेश से भी ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज की टीम निगम अधिकारियों से मिलकर योजना बना रही है।

गाजियाबाद नगर निगम को 1 मिलियन डॉलर प्राप्त होंगे। जिसका उपयोग शहर हित में किस प्रकार किया जाना है अधिकारियों द्वारा योजना बनाई जा रही है गाजियाबाद नगर निगम को 1 मिलियन डॉलर दो किस्त में प्राप्त होंगे जिसका उपयोग शहर की गोबर की समस्या के निस्तारण के लिए किया जाएगा साथ ही शहर से निकलने वाले गोबर का उपयोग प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए किया जाएगा जिसका प्लांट वर्तमान में निगम द्वारा संचालित किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि न्यूयार्क से ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज की टीम निगम पहुंची जिनके द्वारा निगम अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट को और अधिक गति देने के लिए योजना बनाई गई साथ ही अपने एक्सपीरियंस को भी साझा किया गया, गाजियाबाद नगर निगम 1 मिलियन डॉलर प्राप्त होने के बाद पांचों जोन अंतर्गत प्राकृतिक पेंट



प्रोजेक्ट के लिए प्लांट लगाने की योजना बना रहा है जिसमे पांचो जॉन से निकलने वाले गोबर का निस्तारण सही प्रकार से किया जाएगा और प्राकृतिक पैंट बनने के बाद उसका सदुपयोग जोनवार ही किया जाएगा योजना बनाई जा रही है। न्यूयॉर्क से गाजियाबाद नगर निगम पहुंची ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज की सदस्य अनोराह द्वारा प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की तथा अपने सुझाव भी दिए, शहर हित और निगम हित को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद नगर निगम प्राकृतिक पेट को बढ़ावा दे रहा है जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की भूमिका को विशेष रूप दिया जाएगा जिनके माध्यम से प्राकृतिक पेंट की मार्केटिंग को भी बढ़ाया जाएगा सरकारी कार्यालय के साथ-साथ अन्य भवनों पर भी प्राकृतिक पेंट का उपयोग करने के लिए जागरूकता के लिए अभियान चलाए जाएंगे योजना बनाई जा रही है ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि नामः **जाकिर उर्फ सोनू, पुत्रः उमर उर्फ अमर, निवासीः ई-44/सी-120, झुग्गी, नई सीमा पुरी, पूर्वी दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरूद्ध **FIR No.2824/2021 U/S 379/411/482/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना कृष्णा नगर, शाहदरा जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **जाकिर उर्फ सोनू** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **जाकिर उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.2824/2021 U/S 379/411/482/34 IPC, थाना कृष्णा नगर, शाहदरा जिला, दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **जाकिर उर्फ सोनू** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 11.06.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, पी. भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
कमरा संख्या 03 दूसरी मंजिल, पूर्वी जिला
करकड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/3793/SHD/2026
(अदालती मामला)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरिफ उर्फ बोना पुत्र श्री नूर मोहम्मद निवासी मकान नंबर डी–73, दुजाना हाउस, मटिया महल, जामा मस्जिद, दिल्ली** ने **FIR No. 98/2017 U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना चांदनी महल, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आरिफ उर्फ बोना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आरिफ उर्फ बोना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आप को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 98/2017 U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना चांदनी महल, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आरिफ उर्फ बोना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री सायशा चड्डा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08(सेंट्रल)
केंद्रीय जिला, कक्ष संख्या 272
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3831/CD/2026(Court Matter)

**कंपनी जल्द ही अपनी नई नोवा सीरीज पेश करेगी**

# पावर हिटर ईशान किशन ने एआई+ स्मार्टफोन के साथ मिलाया हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

एआई+ स्मार्टफोन ने भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन के साथ एक विशेष साझेदारी की घोषणा की। यह सहयोग एक ऐसे ब्रांड और खिलाड़ी को साथ ला रहा है, जिन्होंने हमेशा सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बनाई है।

इस अवसर पर एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और नेस्ट क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव शेठ ने कहा कि ईशान किशन उस सोच का प्रतिनिधित्व करते हैं जो एआई+ स्मार्टफोन की पहचान है। उन्होंने कभी किसी की अनुमति का इंतजार

**ईशान किशन एआई स्मार्टफोन की पहचान है** | **इशान को साथ जोड़ना हमारे ब्रांड की ओर बढ़ने का संकेत**




नहीं किया, बल्कि अपने खेल पर भरोसा किया और अपने दम पर इंडियन टीम में जगह बनाई। यही वह जज्बा है जिसके लिए हम काम करते हैं—ऐसे लोग जो अपने उद्देश्य के साथ आगे बढ़ते हैं और चाहते हैं कि उनके हाथ में मौजूद तकनीक भी उसी रफ्तार से चले। ईशान को साथ जोड़ना हमारे ब्रांड के अगले चरण की ओर बढ़ने का संकेत है, खासकर जब हम जल्द ही अपनी नोवा सीरीज लॉन्च करने जा रहे हैं। इस साझेदारी के तहत ईशान किशन आने वाले महीनों में एआई+ स्मार्टफोन के विभिन्न कैंपेन और ब्रांड गतिविधियों में नजर आएंगे। फैंस को एक्सक्लूसिव बिहाइंड-द-सीन्स क्रिकेट कंटेंट और खास ब्रांड मोमेंट्स देखने को मिलेंगे, जिन्हें एआई+ स्मार्टफोन डिवाइस के जरिए तैयार किया जाएगा। कंपनी जल्द ही अपनी नई नोवा सीरीज पेश करने की तैयारी में है, जो उसके प्रोडक्ट सफर का अगला बड़ा कदम होगा।

**हरियाणा सरकार | शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO.106/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2025-26 DATED 17.02.2026 (ONLINETENDERIDNO.2026_HBC_503008_1) | बोली खुलने की तिथि 25.03.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 08.04.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | NITNO.84/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2025-26 DATED 15.01.2026 (ONLINETENDERIDNO. 2026_HBC_497031_1) | बोली खुलने की तिथि 25.03.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 08.04.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | NITNO.103/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2025-26 DATED 12.02.2026 (ONLINETENDERIDNO. 2026_HBC_502236_1) | बोली खुलने की तिथि 25.03.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 08.04.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/44190/I/88/7 दि. 25.03.26

## खबर संक्षेप

### सात सिविल सर्जन सहित 17 का तबादला



**रांची।** राज्य सरकार ने पांचों प्रमंडलों में क्षेत्रीय उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं (आरडीडी) और सात जिलों में सिविल सर्जनों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। स्वास्थ्य निदेशालय में तीन निदेशकों सहित कुल 19 चिकित्सा पदाधिकारियों को बदला गया है। झारखंड स्वास्थ्य विभाग में बड़ा फेरबदल देखने को मिली है, तीन निदेशक, 7 सिविल सर्जन सहित 17 का तबादला किया गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत



**पूर्णिया।** पूर्णिया में एक सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। शोरूम के पास हुआ। मृतक की पहचान रौतारा थाना क्षेत्र के चुरबि घाट निवासी अब्दुल शेख ,पिता-अलाउद्दीन शेख के रूप में हुई है।

### खौलते पानी से झुलसा भांजा, मामी पर आरोप



**दरभंगा।** दरभंगा के बिरौल थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में गर्म पानी से जलकर तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों को पहले बिरौल पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक, गांव में बच्चों को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी दौरान यह घटना हुई। घायल युवक के पिता मुजाहिद इस्लाम ने आरोप लगाया कि उनकी सरहज (रिश्तेदार) ने उनके बेटे पर खौलता हुआ गर्म पानी उड़ेल दिया।

## रामलला को छह क्विंटल पंजीरी का लगेगा भोग

# अयोध्या के राम मंदिर में राम नवमी पर रामलला की होगी महाआरती, सूर्य तिलक की भी तैयारी, मनेगा जन्मोत्सव

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में रामनवमी का पर्व 27 मार्च को मनाया जाएगा। चैत्र शुक्ल महाअष्टमी की तिथि 26 मार्च को अपराह्न 2.11 बजे समाप्त होकर 27 मार्च को मध्याह्न 12.02 बजे तक रहेगी। इसके कारण 27 मार्च को ही मध्याह्न 12 बजे रामलला के प्राकट्य की महाआरती उतारी जाएगी। इस अवसर पर रामलला के पंचामृत सहित दिव्य औषधियों से अभिषेक व श्रृंगार के साथ प्राकट्य की महाआरती व सूर्य तिलक का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। राम मंदिर परिसर में पांच दर्जन से अधिक स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाई गयी है। इसके अलावा दूरदर्शन पर भी सीधा प्रसारण होगा जिसे श्रद्धालु गण अपने -अपने घरों पर भी देख सकेंगे। रामनवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। राम जन्मोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु सहजता से दर्शन कर सकें। इस दिन राम मंदिर पूरे दिन खुला रहेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि रामनवमी के दिन प्रातः 6:30 बजे से अनुष्ठान शुरू होकर सुबह 11:00 बजे तक चलेंगे।

इस विशेष दिन मंदिर के कपाट पूरे दिन खुले रहेंगे और उन्हें बंद नहीं किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर सकें। आवश्यकता पड़ने पर दर्शन की अवधि को और बढ़ाया भी जा सकता है। दोपहर ठीक 12:00 बजे भगवान रामलला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा



### चैत्र रामनवमी मेला भी लगेगा

पुरातन काल से रामनगरी में चैत्र रामनवमी मेले का आयोजन होता रहा है और हर मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ भी उमड़ती रही। मेले में आने वाले ज्यादातर लोग राम के जन्मोत्सव का साक्षी होने को लालायित रहते हैं,जिसके चलते कनक भवन में भारी भीड़ उमड़ती है। अब राम जन्मोत्सव राममंदिर परिसर में भी आयोजित होने लगा है, लेकिन इसमें शामिल होने वालों की तादात सीमित होती है। इस बार भी राममंदिर के गर्भगृह में भव्यता के साथ जन्मोत्सव मनाये जाने की तैयारी है। रामलला के दर्शन-पूजन के लिए रोजाना अच्छी खासी भीड़ आ रही है और मेले के मुख्य पर्व पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने के उम्मीद जताई जा रही है।

### लगेगा पंजीरी का विशेष भोग

रामलला को इस अवसर पर करीब छह क्विंटल पंजीरी का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में इन दिनों "बधाई गान" का आयोजन लगातार चल रहा है, जिससे भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। जन्मोत्सव के दिन राम परिवार के दरबार में भी बधाई गान होगा।

### सूर्य तिलक भी होगा

तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डा अनिल मिश्र कहते हैं कि इन उपकरणों के सहारे मध्याह्न ठीक 12 बजे भगवान सूर्य की किरणें परावर्तित होकर भगवान के ललाट पर पड़कर तिलक का स्वरूप धारण करेंगी। उन्होंने बताया कि यह दृश्य करीब चार मिनट तक देखा जा सकेगा । उन्होंने बताया कि इसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

### रामनवमी 27 को मनाई जाएगी

नवरात्र की अष्टमी तिथि 26 मार्च यानि गुरुवार को तथा नवमी यानि रामनवमी 27 मार्च को मनाई जाएगी। बताया कि इस बार नवरात्र नौ दिनी है। बताया कि दुर्गा अष्टमी पूजन के समय देवी दुर्गा के सभी नौ रूपों की पूजा की जाती है। अष्टमी का व्रत 26 मार्च को रखेंगे। बताया कि मातारानी के पूजन के लिए कलश स्थापना भी अष्टमी तिथि को सूर्यास्त के बाद रखकर पूजन किया जायेगा। नौ दिन व्रत रखने वाले भक्त 28 मार्च को सुबह 10 बजे के बाद पारण कर सकेंगे।

## सीएम योगी का बड़ा फैसला

# मंदिरों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यूपी में रामनवमी पर दो दिन का अवकाश घोषित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के अवसर पर दो दिन के सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। यह फैसला प्रदेशवासियों के लिए एक बड़ा तोहफा है। अब 26 और 27 मार्च को राज्य में सार्वजनिक अवकाश रहेगा।*

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा तोहफा देते हुए नवमी के अवसर पर दो दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश में अब 26 के साथ ही 27 मार्च को सार्वजनकि अवकाश होगा। मंदिरों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सीएम योगी निर्णय लिया है। रामनवमी पर लगातार दो दिन का अवकाश रहेगा। चैत्र रामनवमी को विभिन्न स्थानों पर आयोजित राम मेले के चलते तीन दिनों तक लखनऊ-अयोध्या रोड पर बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। इस दौरान मालवाहक भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जा रहा है।

डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी के मुताबिक, 27 मार्च तक डायवर्जन रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर विभाग के हेल्पलाइन नंबर 9454405155 पर भी संपर्क किया जा सकता है। आपातकालीन सेवाओं में लगे वाहनों को आवश्यकता अनुसार डायवर्जन में छूट दी जाएगी।

### यह रहेगा बदलाव



- सीतापुर रोड की तरफ से आने वाली बसें/बड़े/भारी वाहनों का बाराबंकी/अयोध्या की तरफ जाना प्रतिबन्धित रहेगा। यह वाहन इन्दौराबाग किसानपथ अंडर पास (सीतापुर रोड) से किसान पथ होते हुये सुलतानपुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होकर जाएंगे।
- हरदोई रोड की तरफ से आने वाले भारी वाहनों का बाराबंकी/अयोध्या की तरफ जाना प्रतिबन्धित रहेगा। यह वाहन बाजपुर किसानपथ अंडरपास (हरदोई रोड) से किसान पथ होते हुये पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जाएंगे।
- आगरा एक्सप्रेस वे से आने वाले भारी वाहन खुशहालगंज किसानपथ अंडरपास से किसान पथ होते पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की तरफ से जाएंगे।
- कानपुर की तरफ से आने वाली बसें/बड़े/भारी वाहनों का बाराबंकी/अयोध्या की तरफ जाना प्रतिबन्धित रहेगा। यह वाहन जुनाबगंज मोड़, मोहनलालगंज कस्बा तिराहे से दाहिने बछरावां से हैदरगढ़ और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे।

### मथुरा से अयोध्या भेजा गया प्रसाद

मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान से रामनवमी पर भगवान श्रीराम को अर्पण करने के लिए प्रसाद अयोध्या भेजा गया है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के एक पदाधिकारी और संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि 11 मन (440 किलोग्राम) धनिया की पंजीरी, सवा मन (50 किलोग्राम) लड्डू तथा वस्त्र, फल आदि सामग्री एक सजे-धजे वाहन में अयोध्या भेजी गई और इस दौरान भजन-कीर्तन में संस्थान के सदस्यों एवं भक्तजन ने भाग लिया। कपिल शर्मा ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से भगवान का भोग लगाया जाएगा.

## ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

# मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना' से गांव-गांव पहुंचेगी बसें



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, 2026' के तहत 12 हजार से अधिक ऐसे गांवों तक बस सेवा पहुंचाई जाएगी, जहां अब तक सार्वजनिक परिवहन का कोई साधन उपलब्ध नहीं था। यह पहल गांवों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार से जोड़ने का व्यापक प्रयास है। यह योजना ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी। बस चालक और सहायक स्टाफ की भर्ती स्थानीय स्तर पर की जाएगी।

### विकास का नया मॉडलः सड़क के साथ परिवहन भी जरूरी

लखनऊ से शुरू हुई इस योजना के जरिए सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब विकास का अर्थ केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि उस पर नियमित और भरोसेमंद परिवहन सुनिश्चित करना भी है। आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण परिवहन पर घरेलू खर्च 2011-12 में 4.2% था, जो 2022-23 में बढ़कर 7.5% हो गया है।

### छोटे गांवों के लिए छोटी बसें

योजना के तहत प्रदेश की 59 हजार से अधिक ग्राम सभाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि लगभग 5 हजार ऐसे गांव, जहां बड़ी बसें नहीं पहुंच सकतीं, वहां 28 सीटों तक की छोटी बसें चलाई जाएंगी। हर ग्राम पंचायत में दिन में कम से कम दो बार बस सेवा सुनिश्चित की जाएगी। सुबह 10 बजे से संचालन शुरू होकर रात 8 बजे तक बसों की वापसी अनिवार्य होगी।

### जिला स्तर पर निगरानी व्यवस्था

योजना के प्रभावी संचालन के लिए जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में समितियां बनाई जाएंगी, जो किराया निर्धारण और सेवा की निगरानी करेंगी। बसों का रात तक गांव लौटना अनिवार्य होगा, जिससे सेवा की नियमितता बनी रहे। इस पहल से करीब 1.5 करोड़ छात्रों को स्कूल और कॉलेज पहुंचने में आसानी होगी, जिससे ड्रॉपआउट दर में कमी आने की उम्मीद है।

## पेज एक का शेष

### संघर्षविराम को लेकर ...

देश श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की तरफ से भी पीएम मोदी को किए गए टेलीफोन कॉल के जरिए दोनों के बीच संवाद हुआ है। जिसमें दोनों नेताओं ने मौजूदा वक्त में बने हुए गंभीर सूरतेहाल की समीक्षा की और समुद्री जलमार्गों के खुले रहने पर जोर दिया। साथ ही दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाने पर भी जोर दिया है। यह जानकारी बुधवार को राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल और मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम.आर.महाजन ने दी है। इसके अलावा देश में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उसके सदस्यों को लेकर की गई पाकिस्तान की टिप्पणी को भी भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने इस मुद्दे पर एक आधिकारिक बयान जारी किया है।

### यूएई से 25 मार्च को ...

हो रहा है। महाजन ने कहा कि रियाद में 18 मार्च को एक भारतीय की दुखद मौत हो गई थी। उनकी पार्थिव देह आज भारत आ जाएगी। हम लगातार मृतक के परिवार के संपर्क में हैं और इस मुश्किल वक्त में उनके प्रति अपनी ओर से गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। देश के मिशन ओमान, इराक और यूएई में स्थानीय अधिकारियों के साथ लापता भारतीयों और जिन लोगों की मृत्यु हुई है। उनके शवों को वापस लाने के मामले में भी संपर्क बनाए हुए हैं।

### पाकिस्तान की तरह ...

प्राथमिकता युद्ध से जूझ रहे पूरे क्षेत्र में बड़ी तादाद में रह रहे प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और अपनी घरेलू ऊर्जा जरूरतों को हर हाल में पूरा करने पर केंद्रित है। भारत में एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़कर 60 फीसदी तक पहुंच गया है। बताते चलें कि मामले को लेकर बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में एक विस्तृत बयान दिया था। जबकि इसके पूर्व में विदेश मंत्री और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री भी विषय पर सरकार का रुख व अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दे चुके हैं। सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों में कांग्रेस पार्टी से तारिक अनवर, मुकुल वासनिक, आप से संजय सिंह, सपा से धर्मेंद्र यादव, बीजेडी से सस्मित पात्रा जैसे नेता शामिल हुए। इसके अलावा यह जानकारी मिली है कि केंद्र सरकार ने सुरक्षा, सामरिक मामलों की एक उच्च स्तरीय बैठक भी की है। जिसमे पश्चिम एशिया के हालात की व्यापाक समीक्ष की गई।

**चार जहाज देश पहुंच चुके हैं:** विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि खाड़ी में फंसे हुए भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए वहां हमारे सभी दूतावास, मिशन लगातार काम कर रहे हैं। जिनकी मदद से अब तक 4 लाख 25 हजार लोग वापस आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र से चार जहाज देश पहुंच गए हैं। जबकि कुछ और जल्द आने वाले हैं।

**संसद में चर्चा कराने पर अड़ा विपक्ष :** बैठक की समाप्ति के बाद विपक्ष सरकार के जवाबों और उसके द्वारा दिए गए आश्वासन से पूरी तरह से संतुष्ट नजर नहीं आया। जिसके बाद उनकी तरफ से पश्चिम-एशिया के मामले में लोकसभा में नियम-193 और राज्यसभा में नियम-176 के तहत चर्चा कराने की अपनी पुरानी मांग दोहराई गई है। कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने बताया कि सरकार ने इस बातचीत के दौरान प्रयास किया है। लेकिन उसका जवाब संतोषजनक नहीं है। इसलिए हम यह मांग कर रहे हैं कि मामले पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा कराई जानी चाहिए। जिससे सभी लोगों को संतुष्टि मिलेगी।

### मध्यप्रदेश सहित चार राज्यों ...

और 2 जीपी को जारी कर दिए गए हैं। पंजाब के लिए, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिना शर्त अनुदान की दूसरी किस्त के रूप में 222 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये राशि 13,262 पात्र ग्राम पंचायतों, 150 पात्र ब्लॉक पंचायतों, और सभी 22 पात्र जिला पंचायतों के लिए है। वहीं, मिजोरम के लिए बिना शर्त अनुदान की दूसरी किस्त के रूप में 14.80 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। ये धनराशि राज्य की सभी 816 पात्र ग्राम परिषदों के लिए है।

### हरियाणा के निर्यात संभावनाओं ...

विचार—विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने आई. टी. ऑटोमोबाइल, एग्रो-प्रोसेसिंग, वस्त्र और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में राज्य की क्षमताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि हरियाणा रूसी बाजार की मांगों को पूरा करने में सक्षम है। दोनों पक्षों ने व्यापार को सुगम बनाने, लॉजिस्टिक चुनौतियों को दूर करने, बाजार पहुंच बढ़ाने और निर्यात-उन्मुख निवेश को प्रोत्साहित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में हरियाणा और रूस के विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उद्योग प्रतिनिधियों के आदान-प्रदान, प्रत्यक्ष व्यवसाय-से-व्यवसाय (बी2बी) संपर्क बढ़ाने और संयुक्त मंचों के आयोजन पर सहमति बनी, ताकि दोनों पक्षों की कंपनियां साझा हितों की पहचान कर दीर्घकालिक साझेदारी विकसित कर सकें। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी सहयोग की व्यापक संभावनाओं पर मंथन किया गया। श्री डेनिस अलीपोव ने हरियाणा के लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की सराहना करते हुए राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच सहयोग बढ़ाकर रोजगार के और अधिक अवसर सृजित करने की संभावनाओं पर बल दिया। व्यापार सुगमता के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने हरियाणा स्थित उद्यमों के लिए रूसी बाजार तक पहुंच को सुगम बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

राजदूत ने राज्य के कुशल मानव संसाधन की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा का प्रशिक्षित और सक्षम कार्यबल आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और भविष्य के सहयोगों को समर्थन देने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, विदेशी सहयोग विभाग के प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार, मुख्यमंत्री के सलाहकार (विदेशी सहयोग विभाग) पवन कुमार चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### चौहान ने अधिकारियों को ...

समय सक्रिय भूमिका निभानी है।

**बीज उत्पादन और पैकेजिंग सहायताः** बैठक में सीड्स (बीज) सुखाने के लिए आवश्यक गैस और एग्रो-केमिकल्स की उपलब्धता की समीक्षा की गई। कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि वैश्विक संकट में पैकेजिंग सामग्री (विशेषकर दूध और अन्य कृषि उत्पादों के लिए) की कमी न हो। इसके लिए उन्होंने पेट्रोलियम मंत्रालय और संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने के निर्देश भी दिए।

**विशेष कार्य बल का गठनः** कृषि क्षेत्र की पल-पल की निगरानी के लिए एक 'विशेष सेल' का गठन किया भी गया है। यह सेल खाद, बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता की साप्ताहिक रिपोर्ट केंद्रीय कृषि मंत्री को प्रस्तुत करेगा। बैठक के अंत में श्री चौहान ने कहा कि सरकार किसानों को हर संभव संसाधन समय पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मंत्री विजय चौधरी ने साफ की सियासी तस्वीर

# नीतीश के बताए रास्ते पर ही चलेगी बिहार की अगली सरकार



एजेंसी ▶▶ बक्सर

आने वाले समय में भी बिहार की जोर सरकार बनेगी, वह नीतीश कुमार के बताए रास्ते पर ही चलेगी। यह बातें बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने बक्सर के किला मैदान में जनसंवाद के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में 21 वर्षों के कार्यकाल के बाद नीतीश कुमार के प्रति जनता का उत्साह पहले से कहीं अधिक है। उन्होंने जनता से अपील की कि जिस संकल्प के साथ पिछले दो दशकों से उन्होंने मुख्यमंत्री का साथ दिया है, आने वाले समय में भी एनडीए सरकार के साथ एकजुट रहें। उन्होंने कहा कि समृद्धि यात्रा का मकसद तभी सफल होगा, जब बिहारवासी एकजुट होकर विकास की इस गति को बनाए रखेंगे। समृद्धि यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने घोषणा की कि डुमरांव, नावानगर, केसठ और चौगाईं जैसे प्रखंडों के किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी उपलब्ध कराने हेतु लगभग पौने दो सौ करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी सिंचाई योजना जल्द ही पूरी होने वाली है। योजना के प्रारंभ बिंदु पर पड़ने वाले गांवों के किसानों का इसको लेकर डूब क्षेत्र के मुद्दे पर विरोध था। जमीन के नीचे से पाइप बिछाकर पानी पहुंचाने का कार्य अंतिम चरण में है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि बक्सर से कोइलवर तक गंगा किनारे स्थित 52 किलोमीटर लंबे तटबंध के जीर्णोद्धार के लिए पौने दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की योजना पर काम चल रहा है।

## सीएम नीतीश ने बक्सर वासियों को दी सौगातें

# 592 करोड़ रुपए की लागत से 64 विकासात्मक योजनाओं का किया अनावरण कर एवं शिलान्यास किया




एजेंसी ▶▶ पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में बक्सर जिलान्तर्गत 592 करोड़ रुपए की लागत से 64 विकासात्मक योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 486 करोड़ रुपए की लागत से 23 योजनाओं का शिलान्यास एवं 106 करोड़ रुपए की लागत से 41 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने सात हजार 441 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत 33 करोड़ 17 लाख रुपए का सांकेतिक चेक, 7 हजार 859 जीविका स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदत ऋण के तहत 100 करोड़ रुपए का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का सांकेतिक चेक, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग अंतर्गत विशेष सहायता योजना के तहत अनुदान भुगतान का सांकेतिक चेक, आयुष्मान कार्ड आदि।

## लाभार्थियों ने महीनों तक अनाज का उठाव नहीं किया

# झारखंड में महीनों तक अनाज न लेने वाले लाभार्थियों पर कार्रवाई, चार लाख से अधिक राशन कार्ड रद्द

75 प्रतिशत तक लोग महीनों तक राशन लेने नहीं गए हैं

पूर्वी सिंहभूम में सर्वाधिक 1.47 लाख कार्ड कटे

एजेंसी ▶▶ रांची

राशन कार्ड बनने के बावजूद महीनों तक अनाज का उठाव नहीं करने वाले 4,24,404 राशनकार्ड धारियों के नाम लाभुकों की सूची से काट दिए गए हैं। अभी तक जांच में यह बात सामने आई है कि कुल राशनकार्ड धारियों में से 75 प्रतिशत तक ऐसे हैं जो महीनों तक राशन लाने नहीं गए हैं।

विभागीय अधिकारियों की मानें तो इसके पीछे का एक संभावित कारण यही है कि लाभुक रोजगार अथवा रोजी-रोटी की तलाश में कहीं दूर चले गए हों और उनके लिए नियमित तौर पर राशन लेने के लिए पहुंचना संभव नहीं रहा हो। पूर्वी सिंहभूम में ऐसे राशनकार्ड धारियों की संख्या 1.47 लाख से अधिक है और इनका नाम काट दिया गया है। सरायकेला में 32947 लाभुकों के नाम कटे हैं। केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार साइलेंट राशनकार्ड धारियों की संख्या झारखंड में 8,02,685 है। ये वैसे लोग हैं जिनके नाम से राशन कार्ड तो जारी है लेकिन किसी ना किसी कारण से ये राशन लेने नहीं पहुंच रहे थे।




ऐसे लोगों में खासकर उन लोगों का नाम काट दिया गया है जिनके बारे में विभाग को अभी तक कोई जानकारी नहीं है। ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या 4,24,404 है। इस मामले में नाम कटनेवाले लाभुकों की संख्या और भी बढ़ सकती है। अभी 1,95,142 राशन कार्डों की जांच पूरी नहीं हुई है।



स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस बहुत पेनफुल समस्या है। इसके अलावा सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और लंबर स्पॉन्डिलाइटिस जैसी स्पाइन रिलेटेड समस्याओं के ट्रीटमेंट में ईएसडीएस काफी इफेक्टिव हो सकती है। किस तरह की जाती है यह सर्जरी और नॉर्मल सर्जरी से कैसे है यह अलग, जानिए।

# स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस के ट्रीटमेंट में इफेक्टिव ईएसडीएस


**ट्रीटमेंट**

डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नई दिल्ली



रीढ़ की गठिया यानी स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस की समस्या के इलाज के अंतिम विकल्प के रूप में एंडोस्कोपिक स्पाइनल डिब्राइडमेंट सर्जरी (ईएसडीएस) से मरीजों को अच्छे रिजल्ट मिल रहे हैं। इसके साथ ही सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और लंबर स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या दूर करने में भी ईएसडीएस कारगर साबित हो रही है। ईएसडीएस की सफलता दर 95 प्रतिशत से ज्यादा है। इस तरह की सर्जरी के लिए इंट्राऑपरेटिव कंप्यूटर नेविगेशन सिस्टम, व्-आर्म और 3डी प्रिंटिंग का इस्तेमाल करके इंट्राऑपरेटिव 3डी रिकंस्ट्रक्शन इमेजिंग और रोबोट का प्रयोग किया जाता है।

**क्या है यह सर्जरी:** ईएसडीएस की प्रक्रिया के तहत सर्जन रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के प्रभावित भाग पर एक सूक्ष्म चीरा या कट लगाते हैं। फिर इस कट के जरिए वह एंडोस्कोप को मरीज के प्रभावित भाग जैसे रीढ़ की वर्टिब्रा या डिस्क के समीप ले जाते हैं। एंडोस्कोप एक ट्यूब सदृश होती है, जिसमें लाइट और कैमरा फिट होते हैं, जिनकी मदद से सर्जन ईएसडीएस की प्रक्रिया को अंजाम देते हैं।



**नहीं होती कटिंग:** इस सर्जरी का नाम एंडोस्कोपिक स्पाइनल डिब्राइडमेंट सर्जरी (ईएसडीएस) तो है लेकिन खास बात यह है कि इसमें चीरफाड़ के स्थान पर रेडियो फ्रीक्वेंसी वेव्स, शॉक वेव्स, अल्ट्रासोनिक वेव्स और 'कोल्ड लेजर' का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा ओजोन का तरल रूप में इस्तेमाल भी करते हैं। रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के एब्नॉर्मल टिशूज को फ्रीज करके हटा दिया जाता है। स्पाइन के एब्नॉर्मल भाग को निकाल कर उसे वैक्यूम के जरिए सक कर निकाल लिया जाता है। ऐसा प्रोसीजर ट्रेडिशनल सर्जरी में नहीं होता।

**सर्जरी प्रोसीजर:** सर्जरी से पहले एंडोस्कोपी के जरिए विकारग्रस्त हड्डी की सटीक एनाटॅमी अत्यधिक सुस्पष्ट, बड़े (इनलार्ज) रूप में सर्जन को पता चल जाती है। जब कीहोल के जरिए एंडोस्कोपी को स्पाइन के प्रभावित भाग तक पहुंचाया जाता है, तब उस भाग की बड़ी और स्पष्ट छवि नजर आती है, जिससे सर्जन को सटीक ऑपरेशन करने में मदद मिलती है। ये विशेषताएं पारंपरिक सर्जरी के संदर्भ में लागू नहीं होतीं।

**नर्व्स रहती हैं सुरक्षित:** ईएसडीएस की प्रक्रिया के दौरान स्पाइन के इर्द-गिर्द स्थित नसें (नर्व) सुरक्षित रहती हैं और इनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होती। नसों के सुरक्षित रहने की स्थिति में मरीज तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) से संबंधित कई आशंकित समस्याओं से सुरक्षित रहता है। जबकि यह बात पारंपरिक सर्जरी के संदर्भ में लागू नहीं होती।

**मधुमेह और हृदय रोगियों को राहत:** पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ईएसडीएस में सर्जिकल टाइम कम होता है। इस कारण मरीज को एनेस्थीसिया भी कम दी जाती है। इस कारण मधुमेह और हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों या फिर बढ़ती उम्र में होने वाली जटिलताओं से गुजर रहे व्यक्तियों में सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान होने वाला जोखिम बहुत कम हो जाता है।

**देते हैं लोकल एनेस्थीसिया:** अनेक मरीज बेहोशी शब्द सुनकर डर जाते हैं, लेकिन ईएसडीएस के अधिकतर मरीजों में लोकल एनेस्थीसिया से ही काम चल जाता है। इस सर्जरी में ज्यादातर लोकल एनेस्थीसिया देने से ज्यादातर मरीजों को बेहोश करने की जरूरत नहीं होती।

**रक्त की कम हानि:** पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ईएसडीएस में रक्त का कम से कम नुकसान होता है। ऐसी स्थिति में मरीज के ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**अगले दिन डिस्चार्ज:** सर्जरी के अगले दिन व्यक्ति अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाता है, जबकि पारंपरिक सर्जरी में ऐसा नहीं होता। सर्जरी के लगभग एक हफ्ते के बाद व्यक्ति अपने कार्य पर वापस जा सकता है। जो लोग वजन उठाने या शारीरिक श्रम से संबंधित कार्यों से जुड़े हैं, वे लोग भी अपने कार्य कर सकते हैं। आमतौर पर ट्रेडिशनल ओपन सर्जरी के बाद लगभग 20 से 25 प्रतिशत ऐसे मामले सामने आते हैं, जिनमें दोबारा सर्जरी करनी पड़ती है, जिन्हें मेडिकल भाषा में 'फेल्ड बैक सर्जरी सिंड्रोम' कहते हैं। इसके विपरीत ईएसडीएस में अधिकतम 1 से 2 प्रतिशत मामलों में ही रिवीजन सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

---

**डाइट सजेशन**

शिखर चंद जैन

लंच, डिनर या ब्रेकफास्ट के समय या दिन में एक दो बार खाने का विचार आना सामान्य है, लेकिन ऐसा जब दिन में कई बार या कहें बार-बार आने लगे तो ऐसा फूड नॉइज के कारण हो सकता है। इसकी कई वजहें हो सकती हैं। इसका आपके सामान्य जीवन पर गहरा असर हो सकता है। इसके कारण, लक्षणों के साथ बचाव के बारे में भी जानिए।

# फूड नॉइज जब दिमाग में हर वक्त आए सिर्फ खाने का विचार

कई लोगों के मन में हमेशा या कुछ कुछ देर के बाद खाने का विचार आता रहता है। कई बार तो एक समय का खाना खाने के दौरान ही दूसरे वक्त के खाने के बारे में खयाल आने लगते हैं। खाने के विचारों पर इस तरह का अनियंत्रण फूड नॉइज की वजह से हो सकता है।

## क्या है फूड नॉइज

जब आपके दिमाग में बार-बार लगातार सिर्फ भोजन की बातें गूंजने लगती हैं या कभी व्हाट्सएप, कभी यू-ट्यूब या कभी इंस्टाग्राम अथवा फेसबुक के माध्यम से अच्छे-बुरे फूड, नए-पुराने फूड या पौष्टिक-जंक फूड की चर्चा आपके जेहन में पहुंचाई जाती हैं तो यह सिचुएशन फूड नॉइज कहलाती है। फूड नॉइज का अर्थ है, भोजन के बारे में लगातार और अकसर परेशान करने वाले विचार। यह केवल 'भूख' लगने जैसा नहीं है। यह मन में चलने वाली एक ऐसी रेडियो फ्रीक्वेंसी की तरह है, जो आपको हर समय खाने, अगले भोजन की योजना बनाने या विशिष्ट खाद्य पदार्थों की लालसा के बारे में बताती रहती है। वास्तव में यह एक मेंटल स्टेट होती है। लेकिन अगर सही तरीके से मैनेज किया जाए तो इस समस्या का समाधान हो सकता है।





## फूड नॉइज के मुख्य लक्षण

फूड नॉइज महसूस करने वालों में इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं।

- पेट भरा होने के बावजूद भोजन के बारे में सोचना। हर वक्त भोजन की योजना बनाना, जैसे रात के खाने में क्या होगा? या कल दोपहर क्या खाएंगे? इस तरह के विचारों का बार-बार आना।



- खाने पर नियंत्रण की कमी। यानी, खाने की इच्छा को नजरअंदाज करना लगभग असंभव लगना।
- खाने से भावनात्मक संबंध महसूस होना। किसी प्रकार के तनाव या बोरियत महसूस होने पर तुरंत खाने के बारे में सोचना।

## सामान्य भूख से अलग

जैविक भूख तो शरीर की जरूरत होती है। पेट में गुड़गुड़ाहट होना, ऊर्जा कम महसूस होना और खाना खाने के बाद यह शांत हो जाना, यह सब सामान्य है। लेकिन फूड नॉइज एक मानसिक समस्या है। खाना खाने के तुरंत बाद भी व्यक्ति यह सोच सकता है कि फ्रिज में रखी मिठाई या कोई डिश कब खानी है?

## फूड नॉइज के मुख्य कारण

मस्तिष्क का रिवॉर्ड सिस्टम इसमें बड़ी भूमिका निभाता है। जब हम भोजन देखते हैं या उसके बारे में सोचते हैं, तो मस्तिष्क डोपामाइन रिलीज करता है। जिन लोगों में फूड नॉइज अधिक होता है, उनका मस्तिष्क भोजन के संकेतों (जैसे विज्ञापन या गंध) के प्रति अधिक संवेदनशील होता है। हार्मोनल असंतुलन भी इसकी एक वजह है। शरीर के कुछ हार्मोन भूख और तृप्ति को नियंत्रित करते हैं। जैसे लेप्टिन मस्तिष्क को बताता है कि पेट भर गया है, जबकि घ्रेलिन यह भूख लगने का संकेत देता है। फूड नॉइज से ग्रस्त लोगों में इन हार्मोंस का संचार ठीक से नहीं होता, जिससे मस्तिष्क को कभी 'फुल' होने का संकेत नहीं मिलता। इनके अलावा कुछ दवाओं के सेवन ने भी फूड नॉइज शब्द को लोकप्रिय बनाया है। ये दवाएं मस्तिष्क में जी एक पी-1 रिसेप्टर्स पर काम करती हैं, जो न केवल पाचन को धीमा करती हैं बल्कि मस्तिष्क में उस 'शोर' को भी शांत कर देती हैं। कई लोग इन दवाओं को लेने के बाद पहली बार महसूस करते हैं कि बिना भोजन के विचार के भी रहा जा सकता है।

इसके अलावा तनाव और चिंता इसकी बड़ी वजह है। तनावपूर्ण स्थितियों में मस्तिष्क 'सर्वाइवल मोड' में चला जाता है और कैलोरी-युक्त भोजन की मांग करता है। प्रतिबंधित डाइटिंग भी इसकी वजह हो सकती है। जब हम किसी चीज को खाने से खुद को सख्ती से रोकते हैं, तो मस्तिष्क उस चीज के प्रति अधिक 'शोर' पैदा करता है।

## फूड नॉइज का जीवन पर प्रभाव

फूड नॉइज समस्या के कई तरह के मानसिक प्रभाव दिख सकते हैं। इनमें शामिल हैं-



**मानसिक थकान:** हर समय भोजन के बारे में सोचना मानसिक रूप से आपको थका देने वाला होता है।

**अपराध बोध:** बार-बार खाने के विचारों के कारण व्यक्ति खुद को कमजोर इच्छाशक्ति वाला मानने लगता है।

**एकाग्रता में कमी:** फूड नॉइज से ग्रस्त व्यक्ति का काम या पढ़ाई के दौरान भी ध्यान भोजन पर ही बना रहता है। *

(डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)

### फूड नॉइज को कैसे रोकें

**इस समस्या** के समाधान के लिए आप कुछ उपाय कर सकते हैं।

**माइंडफुल ईटिंग:** खाते समय पूरी तरह से भोजन पर ध्यान देना और उसके स्वाद को महसूस करना।

**पर्याप्त प्रोटीन और फाइबर:** ये लंबे समय तक पेट भरा होने का एहसास कराते हैं, जिससे मानसिक लालसा कम हो सकती है।

**नींद:** नींद की कमी भूख बढ़ाने वाले हार्मोंस को सक्रिय कर देती है।

**प्रोफेशनल मदद:** यदि यह ईटिंग डिसऑर्डर का रूप ले ले, तो मनोवैज्ञानिक या डाइटिशियन से सलाह लेना आवश्यक है।




---

# मेरा मेन फोकस बैलेंस्ड डाइट पर रहता है

**फिटनेस फंडा**

विकास सालगोत्रा



एक्टर विकास सालगोत्रा इन दिनों सोनी सब पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान विष्णु की भूमिका में नजर आ रहे हैं। सीरियल में उनकी बॉडी काफी फिट और टोंड दिख रही है। वे अपनी हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन करने के लिए क्या कुछ करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**डाइट प्लान:** मैं प्योर वेजिटेरियन हूं, इसलिए कोशिश करता हूं कि सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मुझे वेजिटेरियन फूड से ही मिलें। इसीलिए अपनी डाइट में मैं प्रोटीन, फाइबर को प्रचुर मात्रा में शामिल करता हूं। मेरा मेन फोकस बैलेंस्ड डाइट पर रहता है।

**वर्कआउट रूटीन:** अपनी फिजिकल फिटनेस को मेंटेन करने के लिए मैं हफ्ते में कम से कम 5 दिन वर्कआउट जरूर करता हूं। मेरा वर्कआउट रूटीन-हार्डकोर हैवी वेट ट्रेनिंग और कार्डियो का कॉम्बिनेशन होता है। इसके अलावा मुझे जॉगिंग करना भी बहुत पसंद है। इसलिए जॉगिंग भी करता हूं।

**बिजी शेड्यूल में टाइम:** यह सही है कि मेरा शेड्यूल बिजी रहता है। लेकिन मैं अपने फिटनेस को लेकर समझौता नहीं करता, उसके लिए टाइम जरूर निकालता हूं। इसके लिए मैं कोशिश करता हूं कि ज्यादा ना सोऊं, ताकि अपने फिटनेस रूटीन के लिए समय निकाल सकूं। हेल्थ के लिए जितनी देर सोना जरूरी है, उतना ही सोता हूं। आलस में बेड पर पड़े रहकर टाइम वेस्ट नहीं करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मेंटली हेल्दी रहने के लिए हमेशा पॉजिटिव सोचता हूं। इसके अलावा मेडिटेशन और योगाभ्यास भी करता हूं। अच्छी किताबें पढ़ता हूं और म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स भी बजाता हूं। इससे मुझे काफी संतुष्टि मिलती है।

**फिटनेस आइडल:** मेरे फिटनेस आइडल अक्षय कुमार हैं। उनकी फिटनेस और एनर्जी लेवल मुझे बहुत इंस्पायर करते हैं।

**रीडर्स के लिए मैसेज:** अपने फैंस और रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि फिटनेस दिमाग से शुरू होती है। अपने बारे में और दूसरों के लिए हमेशा अच्छा सोचिए, यही असली फिटनेस का मंत्र है। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

---

**हर्बल जोन**

रेखा देशराज

बदलते मौसम में शारीरिक रोगों के होने की आशंका बढ़ जाती है। इनसे बचाव के लिए अन्य सावधानियों के साथ ही आप नीम की कोमल पत्तियों का सेवन भी कर सकते हैं। ये किस तरह फायदेमंद है, बता रहे हैं विस्तार से।

# मौसमी रोगों से बचाती हैं नीम की कोमल पत्तियां

अपने देश में ऋतुओं के बदलने के साथ ही हमारी जीवनशैली भी बदल जाती है। इस तरह देखें तो हमारा शरीर बहुत कुछ प्राकृतिक बदलाव के साथ बदलता है। अगर हम इस बदलाव के अनुकूल नहीं चलते तो हमें कई तरह की शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और अगर इस बदलाव को प्रकृति के साथ बदल लेते हैं, तो निरोग रहते हैं। इन दिनों के वसंत ऋतु के दौरान वातावरण में हल्की गर्मी शुरू हो जाती है। ऐसे में हवा में पराग कणों की संख्या भी बढ़ जाती है। ऐसे में इस दौरान अगर सावधानी न बरती तो कई तरह की मौसमी बीमारियों के चंगुल में आ सकते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए नीम की कोमल पत्तियों का सेवन बहुत कारगर होता है। आयुर्वेद में नीम की कोमल पत्तियों को 'सर्वरोग निवारणी' कहा गया है। वसंत ऋतु में नीम के पेड़ों पर नई कोमल और हल्की कड़वी पत्तियां निकलती हैं, तब उन्हें विशेष रूप से औषधीय माना जाता है। यही कारण है कि इस मौसम में बहुत से स्वास्थ्य के प्रति सजग लोग नीम की कोमल पत्तियों को चबाकर खाते हैं।





**कम करे विषैले पदार्थ:** आयुर्वेद के मुताबिक वसंत ऋतु में शरीर में जमा हुआ कफ पिघलने लगता है। क्योंकि शीत ऋतु में हम प्रायः दूसरे मौसमों के मुकाबले ज्यादा और गरिष्ठ भोजन करते हैं। इस मौसम में मेहनत भी दूसरो मौसमों के मुकाबले कम करते हैं। यही कारण है कि सर्दी के दौरान खूब खाया गया कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के रूप में हमारे सामने आता है। एलर्जी, जुकाम, त्वचा रोग, सुस्ती और पाचन संबंधी गड़बड़ियों का नाता कहीं न कहीं इस मौसम की परिस्थितियों से होता है। ऐसे में नीम की पत्तियों का खाना बहुत लाभकारी होता है। नीम की पत्तियों का कड़वा स्वाद शरीर के भीतर जमा कफ और विषैले तत्वों को कम करने में सहायक होता है। इसलिए आयुर्वेद में वसंत को शोधन यानी सफाई का मौसम कहा जाता है और इस प्रक्रिया में ही नीम की पत्तियों का सबसे बड़ा योगदान होता है।

**बढ़ाए प्रतिरोधक क्षमता:** नीम की पत्तियों में कई प्रकार के जैव सक्रिय तत्व पाए जाते हैं जैसे-निंबिन, निमगिन और एंटीऑक्सीडेंट यौगिक। ये तत्व हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। आज के समय जब प्रदूषण, असंतुलित खान-पान और तनाव, हमारी प्रतिरक्षा क्षमता कमजोर कर रहा है, तब नीम की पत्तियां पहले से कहीं ज्यादा लाभकारी साबित होती हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ये सस्ती और सुलभ प्राकृतिक औषधि के रूप में हमें उपलब्ध होती है। अगर हम इस मौसम में नियमित रूप से नीम की पत्तियों का प्रतिदिन सेवन कर लें तो एक महीने का सेवन पूरे साल हमें कई तरह के शारीरिक संक्रमणों से बचाता है।

**त्वचा की सुरक्षा-रक्त शुद्धि:** वसंत ऋतु में त्वचा संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं, जैसे दाने निकलना, खुजली, फुंसियां होना तथा एलर्जी होना। नीम को इन सभी तरह की समस्याओं से छुटकारा देने वाली प्राकृतिक औषधि माना जाता है। इसके अलावा नीम की पत्तियों वाले उबले पानी से नहाएं तो हमें कई तरह की त्वचा संबंधी परेशानियां नहीं होंगी। रक्त शुद्धि करने वाला नीम इसीलिए सदियों से भारतीय समाज में एक औषधीय पेड़ के रूप में ही उगाया जाता रहा है।

**करे पाचन में सुधार:** नीम की कड़वाहट हमारी पाचनशक्ति को भी सक्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाती है। कोमल नीम की पत्तियां कुछ दिनों तक सेवन करने से शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक होती हैं। यही नहीं इस मौसम में नीम की पत्तियां सेवन करने से हमारा पाचनतंत्र बेहतर और मजबूत होता है। *



## विभिन्न राज्यों में 27 अफसरों की ड्यूटी लगने के बाद राज्य सरकार ने वापस आने तक के लिए चार्ज दिया

# विधानसभा चुनावों में प्रेक्षक बनाए गए आईएएस अफसरों की जगह जीएडी ने अन्य अफसरों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कॉडर के 27 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अफसरों को असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल व पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों में आब्जर्वर पद पर ड्यूटी लगाई गई है।

यह सभी अफसर मप्र से रवाना हो गए। उन्होंने अपने-अपने स्थानों पर ज्वॉनिंग दे दी है। सामान्य प्रशासन विभाग जीएडी कार्मिक ने इन सभी अफसरों की जगह अन्य अफसरों को चुनाव कार्य से वापस आने तक के लिए अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

### अयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश बनोठ का कार्य नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव शैलेंद्र सिंह देखेंगे



आदिम जाति क्षेत्र विकास योजनाएं के संचालक सत्येंद्र सिंह का कार्य आयुक्त रेशम मोहित बिंदस को, अयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश श्रीकांत बनोठ का कार्य नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव शैलेंद्र सिंह देखेंगे। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग का कार्य परियोजना संचालक स्किल डेवलपमेंट गिरीश शर्मा को दिया गया है। प्रमुख राजस्व आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव का कार्य आयुक्त उद्योग दिलीप कुमार को दिया गया है। संचालक कौशल विकास बसंत कुर्रे का कार्य अवधेश शर्मा को, स्वास्थ्य विभाग के संचालक दिनेश श्रीवास्तव का कार्य प्रबंध संचालक पब्लिक हेल्थ कॉरपोरेशन मयंक अग्रवाल को दिया गया है।

### संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास भार्गव का कार्य प्रबंध संचालक कृषि विपणन बोर्ड पुरुषोत्तम को सौंपा

राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक अभिजीत अग्रवाल का कार्य अपर प्रबंध संचालक कृषि विपणन बोर्ड अनुराग सक्सेना देखेंगे। संचालक पंचायत राज छोटे सिंह का कार्य हृदयेश श्रीवास्तव को दिया गया है। आयुक्त आदिवासी विकास तरूण राठी का कार्य आयुक्त हस्त शिल्प मदन विभीषण नागरगोजे को दिया गया है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह का कार्य आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, आयुक्त सह संचालक पिछड़ा वर्ग सौरभ कुमार सुमन का कार्य प्रबंध संचालक मत्स्य महासंघ अनुराग चौधरी, आयुक्त सह पंजीयक सहकारी संस्थाएं मनोज पुष्प की जगह सहकारिता की उप सचिव शीला दाहिमा, संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास उमाशंकर भार्गव का कार्य प्रबंध संचालक कृषि विपणन बोर्ड कुमार पुरुषोत्तम देखेंगे।

### इन अधिकारियों को भी सौंपी जिम्मेदारी

संचालक वाल्मी सरिता बाला प्रजापति का कार्य उप सचिव ह्दयेश श्रीवास्तव को दिया गया है। इसी तरह आयुक्त हाउसिंग बोर्ड गौतम सिंह की जगह नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव शैलेंद्र सिंह, आयुक्त सह संचालक संस्थागत वित्त राजीव रंजन मीणा का कार्य आयुक्त कोष एवं लेखा भास्कर लक्षकार, राज्य आजीविका मिशन की सीईओ हर्षिका सिंह का कार्य रोजगार गारंटी परिषद के सीईओ अवि प्रसाद को, ग्रामीण विकास प्राधिकरण के सीईओ दीपक आर्य का कार्य अवि प्रसाद को सौंपा गया है। गृह विभाग के अपर सचिव आशीष भार्गव का कार्य सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव सुभाष द्विवेदी को, महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त निधि निवेदिता का कार्य आयुक्त संचालक भारतीय चिकित्सा पद्धति उमा महेश्वरी को, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया का कार्य प्रबंध संचालक पब्लिक हेल्थ सर्विसेज मयंक अग्रवाल को, खनिज निगम के प्रबंध संचालक फ्रैंक नोबल ए का कार्य जल निगम के प्रबंध संचालक बीएस चौधरी कोलसानी को, राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक दिलीप कुमार का कार्य पर्यटन विकास निगम के अपर प्रबंध संचालक अभय अरविंद बेडेकर को सौंपा गया है।

---

## खबर संक्षेप

### आईएएस संजीव श्रीवास्तव बने मप्र में संचालक जनगणना

**भोपाल।** भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने लोक निर्माण विभाग के अपर सचिव संजीव श्रीवास्तव को मध्यप्रदेश में जनगणना कार्य करने का दायित्व सौंपा है। इस संबंध में डीओपीटी ने आदेश जारी कर दिया। आदेश के अनुसार वर्ष 2011 बैच के आईएएस अधिकारी श्रीवास्तव को मध्यप्रदेश में जनगणना कार्य संपन्न कराने के लिए संचालक जनगणना निदेशालय भोपाल के पद पर पदस्थ किया है। उन्हें प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार में पदस्थ किया गया है।

### अमृत सरोवरों के जल क्षेत्र में 128% वृद्धि, देश में प्रथम स्थान पर मप्र

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। पिछले वर्षों में अभियान के दो चरणों में प्रदेश में 6 हजार 393 अमृत सरोवरों में पहले चरण में 5 हजार 839 अमृत सरोवर बनाए गए हैं। वहीं दूसरे चरण में 554 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। मप्र मिशन अमृत सरोवर के तहत देशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहले स्थान पर है। इसकी जानकारी आईआईटी दिल्ली और ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से संचालित भू प्रहरी परियोजना की रिपोर्ट से सामने

---

### इस वर्ष से यशोदा योजना के माध्यम से स्कूली बच्चों को प्रदाय किए जाएंगे दूध के पैकेट

# पशु, मत्स्य पालन, कृषि आधारित उद्योगों के प्रोत्साहन से मप्र बनेगा नंबर-1 राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### मुख्यमंत्री दतिया जिले के भांडेर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। दुनिया का कोई ऐसा देश नहीं, जहां संकट आया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से भारतीय नागरिकों की घर वापसी सुनिश्चित न की गई हो। मप्र सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को दतिया जिले में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान श्री बलराम को नमन करते हुए कहा कि किसान हमारे देश के भाग्य विधाता हैं। इसके लिए अनेक योजनाओं की सौगात दी जा रही है। अब हमारे किसान नरवाई प्रबंधन के लिए मशीनों से भूसा भी बना रहे हैं, जिससे उन्हें गेहूं और भूसा, दोनों से कमाई का सुनहरा मौका मिला है।

दतिया जिले में विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमि-पूजन हितग्राहियों को वितरित किए कृषि यंत्र



हितग्राहियों को राशि का चेक सौंपते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

#### अब बुंदेलखंड अंचल से कोई किसान नहीं करेगा पलायन

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सिंचाई का रकबा अब बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर तक पहुंच चुका है। पिछले 2 साल में सिंचित भूमि का रकबा लगभग दस लाख हेक्टेयर बढ़ गया है। केन-बेतवा लिंक नदी जोड़ो परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड अंचल और आसपास के जिलों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा। अब बुंदेलखंड अंचल से कोई किसान पलायन करने को विवश नहीं होगा।

#### सीएम ने दतिया को करोड़ों की सौगातें दी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र बहुत जल्द देश का नंबर-1 राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन में दतिया को 62.23 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने 62.23 करोड़ लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें भव्य सांदीपनि विद्यालय, दैवीय स्थल रतनगढ़ में यात्री निवास, स्टेडियम सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में हितग्राहियों को कृषि यंत्र, पशुपालन, खाद्य प्र-संस्करण के लिए हितलाभ भी वितरित किए।*

#### किसान फसल काटने के बाद खेतों में नरवाई को न जलाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान फसल काटने के बाद खेतों में नरवाई को न जलाएं, इससे भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती हैं। राज्य सरकार भूसा निर्माण के लिए हितग्राहियों को हैप्पी सीडर मशीनें प्रदान कर रही है। किसान भूसा बनाकर पास की गोशालाओं में बेचें। अब किसानों को गेहूं के साथ-साथ भूसे का भी पैसा मिलेगा। लघु कृषकों को समय पर किराए पर कृषि यंत्र मिल जाएं और उनकी खेती अच्छी हो जाए। इसके लिए विधानसभा स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर यानी कृषि यंत्रों की किराए की दुकान खोली जा रही हैं।

#### दूध उत्पादन के साथ बढ़ेगी प्रदेश के किसानों की आय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का संकल्प लिया है। कामधेनु योजना में 25 गाय पालने पर 40 लाख रुपए प्रति इकाई स्थापित करने की योजना में राज्य सरकार ने 10 लाख का अनुदान देने का निर्णय लिया है। इसी शैक्षणिक सत्र से यशोदा योजना में बच्चों को दूध के पैकेट भी वितरित किए जाएंगे।

#### नरवाई एवं पराली प्रबंधन पर आधारित प्रदर्शनी देखी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में विभिन्न विभागों दकी ओर से लगाई गई नरवाई एवं पराली प्रबंधन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में लगभग 20 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए। प्रदर्शनी में हैप्पी सीडर सुपरसीडर, खाद के लिए शासन से शुरू की गई ई-टोकन प्रणाली, प्राकृतिक खेती, मिलेट्स, तथा शासन की विभिन्न योजनाओं को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

---

### दो दिन चले ऑपरेशन में 9 आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस के हाथ लगा अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरोह, बड़ी सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गए बड़े अभियान में अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के एक संगठित नेटवर्क को ध्वस्त करने में सफलता हासिल की है। लगातार 48 घंटे तक चले ऑपरेशन में पुलिस ने ओडिशा के कई जिलों में एक साथ दबिश देकर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के लिए एसीसीयू, एएनटीएफ और विभिन्न थानों की संयुक्त 50 सदस्यीय टीम गठित की गई थी।

यह विशेष अभियान वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें पुलिस ने एंड-टू-एंड जांच करते हुए सीधे सप्लाई चेन पर प्रहार किया। छापेमारी ओडिशा के बरगढ़, बलांगीर, टिटलागढ़, कंधमाल और बौध जिलों में एक साथ की गई। इन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 6 प्रकरणों में कुल 9 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनमें एक आरोपी महाराष्ट्र और बाकी उड़ीसा के निवासी हैं।

#### कई राज्यों से जुड़े हैं मामले के तार

*जांच में सामने आया है कि यह गिरोह देश के कई राज्यों में गांजा सप्लाई कर रहा था। मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, पंजाब और उड़ीसा तक इसका नेटवर्क फैला हुआ था। पुलिस की इस कार्रवाई से इस पूरे सप्लाई नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। इससे पहले भी राजधानी में नशे के खिलाफ कार्रवाई जारी रही है। आजाद चौक क्षेत्र में हाल ही में पुलिस ने पंजाब के चार अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर चिट्टा तस्करी के मामले का खुलासा किया था।*

#### अब तक 62 मामलों में 107 आरोपी पकड़ाए

*पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद से नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान तेज हुआ है। अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 62 मामलों में 107 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और करीब ढाई करोड़ रुपये की अवैध सामग्री जब्त की गई है।*

---


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/संमन्व्य, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालयं उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं

| क्र.सं. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | दिल्ली डिवीजन में मंडल अभियंता/ट्रैक के अधीन आरडीएसओ के तकनीकी विनिर्देशों के अनुसार 10 ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (2 किमी तक इलेक्ट्रॉनिक प्रकार) की संपूर्ण प्रणाली की आपूर्ति स्थापना, चालू करना और संचालन (5 वर्षों के लिए) |

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| रू. 1,25,18,049.74 | रू. 2,12,600/- | 60 माह | 20.04.2026 |

**सुचना :** निविदा रेलवे की वेबसाइट **'www.ireps.gov.in'** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 20.04.2026 15.00 बजे तक ही भरी जायगी।

पत्र सं-128-डब्ल्यु/वं.गं.अधि./सं/निविदा-22-25-26-डब्ल्युसी दिनांक : 25.03.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1025/2026


---

### धमधा थाना क्षेत्र की घटना, बस चालक पर केस दर्ज, पुलिस कर रही तलाश

## यात्री बस और बाइक में जोरदार भिड़ंत, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

धमधा थाना क्षेत्र में यात्री बस ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है। धमधा के स्वामी आत्मानंद स्कूल और कलश मंदिर के बीच कल देर शाम एक तेज रफ्तार बस ने सामने से आ रहे। बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों की पहचान हरिश्चंद यादव और भोला यादव के रूप में की गई है। मृतक हरिश्चंद यादव अपने भतीजा के बारात में गिरहोला से धमधा गया हुआ था। जहां से अपने अपने भाई के साला भोला यादव के साथ बाइक से अपने परिचित के घर धमधा जा रहा था। इसी दौरान धमधा से खैरागढ़ की ओर जाने वाली बस ने कलश मंदिर के पास सामने से टक्कर मारी दी। धमधा थाना प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि 24 मार्च की शाम को मिनी बस और बाइक में दुर्घटना होने की सूचना मिली। बाइक सवार लोगों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मिनी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

***भतीजे की बारात में गया था धमधा, वहां से परिचित के घर जाते वक्त हादसा***




### रायपुर के खमतराई इलाके की घटना, जांच जारी

## रेलवे कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत, लोग हैरान

**रायपुर।** खमतराई इलाके में एक रेलवे कर्मचारी की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह ड्यूटी पर नहीं पहुंचने पर जब सहकर्मी उसे बुलाने घर पहुंचे, तो अंदर का दृश्य देखकर सभी हैरान रह गए। कर्मचारी का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान विष्णु टेकाम के रूप में हुई है, जो रेलवे में ट्रैक मेंटेनर के पद पर कार्यरत था और खमतराई क्षेत्र में ही निवास करता था। बताया जा रहा है कि वह रोज की तरह ड्यूटी पर जाने वाला था, लेकिन उससे पहले ही यह घटना हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खमतराई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, हालांकि परेशानी की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस अब इस पूरे मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया गया।

इस घटना के बाद परिवार में गहरा शोक है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं स्थानीय इलाके में भी इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी /**
**(84-भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेश कुमार वर्मा मैसर्स बाबा श्याम गिरी ज्वेलर्स पता मकान नं 25ए, ग्राउण्ड तल गली नं.2, जगतपुर दिल्ली-84 ने केस सं. 4302 & 4754/2024 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः कोतवाली, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नरेश कुमार वर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नरेश कुमार वर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **केस सं. 4302 & 4754/2024 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः कोतवाली, दिल्ली **के उक्त नरेश कुमार वर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
उर्वी गुप्ता
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(एनआई-एक्ट-01) केंद्रीय कमरा नं. 201,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3599/N/2026


---

### आईजी के सामने डाले हथियार, भारी मात्रा में हथियार भी सौंपे

# आतंक के पर्याय पापाराव ने 17 साथियों संग पुलिस के समक्ष किया सरेंडर, 25 लाख रुपए का था इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

छत्तीसगढ़ बस्तर-सुकमा में लाल आतंक का पर्याय नक्सली पापाराव अब पुलिस की शरण में है। उसने नक्सलियों की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर अपने 17 नक्सली साथियों के साथ बुधवार को बस्तर संभाग के आईजी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के अहम सदस्य पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ प्रदेश के डीजीपी, एडीजी नक्सल, बस्तर आईजी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। पुलिस को सरेंडर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार भी सुपूर्द किया गया। इनमें 8 एके-47, एक इंसास राइफल, चार थ्री-नॉट-थ्री, एक एसएलआर, दो सिंगल शॉट और बीजीएल लॉन्चर के साथ ही 12 लाख रुपए नगद भी पुलिस के हवाले किया गया। 11 पुरुष और सात महिला नक्सली समेत कुल 18 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में डीकेएसजेडसी मेंबर पापाराव समेत डीवीसीएम और एसीएम रैंक के नक्सली शामिल हैं। मंगलवार को नक्सली कई किलोमीटर पैदल चलकर जंगल के रास्ते बीजापुर पहुंचे। फिर बस से नक्सलियों को जगदलपुर लाया गया, जहां पर बुधवार को सरेंडर करवाया गया।



#### एके-47 समेत कई आधुनिक हथियारों से लैस रहता था पापा राव

बताया जाता है कि पापा राव एके-47 समेत कई आधुनिक हथियारों से लैस रहता है। वह वेस्ट बस्तर डिवीजन का सचिव और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) का सदस्य है। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस संबंध में बड़ा बयान देते हुए कहा कि नक्सली पापाराव के आत्मसमर्पण के साथ छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद खत्म होगा।

### सवर्ण समाज अधिकारी कर्मचारी संगठन के शर्मा और धामी बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**भोपाल।** सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन मप्र में संगठनात्मक विस्तार कर नई नियुक्ति की गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय तिवारी ने प्रांतीय संरक्षिका आईएस वीणा घाणेकर तथा प्रांतीय सलाहकार सदस्य आईएस नरेंद्र सिंह परमार की सहमति से राज शर्मा एवं राजू धामी को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि संगठन कर्मचारियों के हितों के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम :** ईओजी एलएचबी आरएमपीयू एसी कोचों के आरएमपीयू के अनुसूची रखरखाव और मरम्मत अनुबंध, जिसमें भारी मरम्मत कार्य के लिए उनका सिक लाइन अवलोकन और दिल्ली मंडल में इलेक्ट्रिकल कोचिंग एसीसी/दिल्ली और इलेक्ट्रिक/कोचिंग/दिल्ली सराय रोहिल्ला डिपो की प्राथमिक आधारित ट्रेनों में एसी कोचों पर ऑन-बोर्ड इलेक्ट्रिकल एस्कॉर्टिंग ड्यूटी शामिल है, तीन साल के लिए। | |
| **निविदा संख्या :** 30-विद्युत-7टीआर-कोचिंग-2025-26 | |
| **कार्य की अनुमानित लागत (रु. में) :** रु. 10,50,96,881.39/- रु. | |
| **निविदा फार्म का मूल्य :** 0.00/- | |
| **कार्यालय का पता :** वरि. मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली | |
| **बयाना राशि :** 21,01,900/- रु. | |
| **कार्य समाप्ति की अवधि :** 36 महीने | |
| **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय :** 16.04.2026, 15:00 बजे तक | |
| **निविदा खोलने की तिथि व समय :** 16.04.2026, 15:01 बजे | |
| **वेबसाइट व नोटिस बोर्ड :** www.ireps.gov.in वरि. मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1028/2026



**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)/**
**(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि चार अभियुक्त **1. महावीर पुत्र धनी राम 2. श्रीमती रामश्री पत्नीः महावीर 3. गया प्रसाद उर्फ लल्लू पुत्र महावीर 4. राज कुमार उर्फ राजू पुत्र महावीर पताः गाँव मित्राओं चौपाल मंदिर वाली गली के पास दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 172/2016 धारा 498ए/406 /34 भा.द.स. के तहत थानाः** नार्थ रोहिणी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. महावीर 2. श्रीमति रामश्री 3. गया प्रसाद उर्फ लल्लू 4. राज कुमार उर्फ राजू** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. महावीर 2. श्रीमति रामश्री 3. गया प्रसाद उर्फ लल्लू 4. राज कुमार उर्फ राजू** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 172/2016 धारा 498ए/406/34 भा.द.स. के तहत थाना नार्थ रोहिणी, दिल्ली के उक्त 1. महावीर 2. श्रीमति रामश्री 3. गया प्रसाद उर्फ लल्लू 4. राज कुमार उर्फ राजू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(महिला कोर्ट-01) नॉर्थ/वेस्ट
कमरा नं.106, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/3801/RD/2026

## चिंतन

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता हासिल करना हो अगला कदम

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध भड़कने के बाद एक बात पूरी दुनिया को समझ में आ गई है कि अब उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 'आउट ऑफ बॉक्स' सोच की जरूरत है। इस युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा चर्चा का रुख निर्णायक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर मोड़ दिया है। यूरोप, यूनाइटेड किंगडम और जापान जैसे देशों ने अपने घरेलू ऊर्जा स्रोतों को सुरक्षित करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि यह व्यवधान लंबा खिंच सकता है और संरचनात्मक रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। आपूर्ति में कमी और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का असर बाजारों पर संघर्ष खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक बना रह सकता है। इसी परिदृश्य में भारत भी ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अपने प्रयास तेज कर रहा है। शायद यही हमारे लिए सबसे अच्छा विकल्प भी है। अधिक आक्रामक तरीके से ड्रिलिंग करने की मौजूदा पहल 2025 और 2026 की शुरुआत से ही गति पकड़ चुकी थी, जिसे अब भू-राजनीतिक दबावों ने और तेज कर दिया है। इस बदलाव का सबसे स्पष्ट संकेत ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) से मिला है, जिसकी हालिया पहल दिखाती है कि भारत अब केवल इरादों से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ रहा है। ओएनजीसी द्वारा लगभग 20 अरब डॉलर का वैश्विक टेंडर जारी कर गहरे समुद्र में ड्रिलिंग रिग्स किराए पर लेने का फैसला भारत की अपस्ट्रीम रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इस योजना का विशाल आकार और केवल 80 दिनों में रिग्स जुटाने की शर्त भारत के अन्वेषण इतिहास में शायद ही कभी देखी गई तत्परता को दर्शाती है। यह कार्यक्रम उत्पादन वाले और नए (फ्रंटियर) दोनों तरह के बेसिन को कवर करता है। ओएनजीसी कृष्णा-गोदावरी बेसिन में गतिविधि बढ़ा रहा है और साथ ही अंडमान के अल्ट्रा-डीपवॉटर क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रहा है, जिन्हें लंबे समय से संभावनाशील लेकिन कम खोजे गए क्षेत्र माना जाता रहा है। बीपी, एक्सॉनमोबिल, टोटलएनर्जीज और पेट्रोब्रास जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी यह दर्शाती है कि भारत जटिल समुद्री क्षेत्रों में तेजी से परिणाम पाने के लिए तकनीक और विशेषज्ञता आयात करने को तैयार है। यह केवल ड्रिलिंग गतिविधि का विस्तार नहीं, बल्कि एक रणनीतिक उछाल है। डीपवॉटर अन्वेषण महंगा और अनिश्चित होता है, लेकिन इसमें बड़े भंडार मिलने की संभावना होती है, जो भारत के ऊर्जा संतुलन को बदल सकती है। अरबों डॉलर का निवेश यह दिखाता है कि ऊर्जा सुरक्षा अब राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुकी है। सरकार अब रसोई गैस (एलपीजी) पर निर्भरता कम करने के लिए एथेनॉल का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एथेनॉल बेस्ड कुकिंग स्टोव (चूल्हे) बनाने पर काम हो रहा है। हालांकि यह प्रोजेक्ट अभी बेहद शुरुआती चरण में है। सोलर एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल का इस्तेमाल बढ़ाना भी इस दिशा में अहम कदम हो सकता है। हालांकि इसमें भी समस्या सप्लाई चेन की ही है। हम ईवी के लिए अभी बड़े पैमाने पर चीन व अन्य देशों पर निर्भर हैं। ऐसे में ऊर्जा सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भता ही सर्वोत्तम विकल्प है। वैश्वीकरण के मौजूदा दौर में जब दुनिया सप्लाई चेन के लिए एक-दूसरे पर आश्रित हो गई है तो भी जरूरी है कि ऐसे स्रोतों का विविधीकरण करके किसी एक पर ही निर्भर न रहा जाए।



आर्थिकी
सतीश सिंह

इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के स्तर पर था। 1947 में एक डॉलर की कीमत 4 रुपये थी, जो 2022 में घटकर 80 रुपये हो गई और अब यह कमजोर होकर 93 रुपये के स्तर पर आ गया है। केवल 3 वर्षों में रुपया डॉलर के मुकाबले 13 रुपये कमजोर हुआ है। युद्ध के कारण निवेशकों के बीच डर का माहौल है, जिससे एशियाई बाजार और भारतीय शेयर बाजार जैसे संसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई है। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था अभी मजबूत है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहता है तो रुपये और कमजोर होंगे और भारत को कई आर्थिक स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

# कमजोर और कमतर होता रुपया

बीस मार्च को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सबसे निचले स्तर 93.24 पर पहुंच गया, जो बाद में सुधरकर 93.12 के स्तर पर आ गया। इस गिरावट का कारण कच्चे तेल का बढ़ता आयात बिल और विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से लगातार पैसा निकालना है। इस महीने की शुरुआत में रुपया 92 के स्तर पर था। 1947 में एक डॉलर की कीमत 4 रुपये थी, जो 2022 में घटकर 80 रुपये हो गई और अब यह कमजोर होकर 93 रुपये के स्तर पर आ गया है। केवल 3 वर्षों में रुपया डॉलर के मुकाबले 13 रुपये कमजोर हुआ है।

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ रही हैं। खाड़ी देशों में ईरान के हमलों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं। भारत अपनी कुल जरूरत का 85% कच्चा तेल रूस, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका और यूएई से आयात करता है, लेकिन फिलहाल अमेरिका के कारण रूस से तेल की आपूर्ति सामान्य नहीं हो पा रही है। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ रही हैं। ध्यान दें कि कच्चे तेल का भुगतान डॉलर में किया जाता है। तेल की कीमतें बढ़ने से डॉलर की मांग भी बढ़ी है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा है और रुपया कमजोर हो रहा है। तेल की कीमतें बढ़ने से हवाई यात्रा, परिवहन और जरूरी वस्तुओं की कीमतें भी भारत में बढ़ रही हैं। 22 मार्च 2026 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 709.76 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर था। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने की वजह से डॉलर अधिक खर्च हो रहा है, साथ ही रिजर्व बैंक रुपये को स्थिर रखने के लिए डॉलर की लगातार बिक्री कर रहा है, क्योंकि वैश्विक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण भारतीय मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। इन कारणों से 13 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 7.052 अरब डॉलर की तेज़ गिरावट दर्ज की गई थी। उससे पहले, 6 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट हुई थी। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2026 के मध्य में, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 725 अरब डॉलर से अधिक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक अनिश्चितता और डर के कारण, मार्च तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लगभग 8 अरब डॉलर, यानी करीब 83,000 करोड़ रुपये, भारतीय शेयर बाजार से निकाल लिए हैं। रुपये के कमजोर होने के कारण, विदेशी निवेशक अपने पैसे सुरक्षित रखने के लिए भारत जैसे उभरते बाजार से पैसा निकालकर अमेरिकी बॉन्ड्स में निवेश कर रहे हैं। इस बिकवाली से रुपये कमजोर हो रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वह समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से दुनिया का 20 फीसदी और भारत का लगभग आधा तेल गुजरता है। ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस रूट पर आपूर्ति में बाधा का खतरा बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक इस समुद्री मार्ग की स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक रुपये की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। रुपये की कमजोरी के कई दुष्परिणाम हैं। इसकी कमजोर स्थिति से भारत में आयात महंगे हो जाएंगे, जैसे क्रूड ऑयल और इलेक्ट्रॉनिक आइटम, जिनमें मोबाइल और लैपटॉप भी शामिल हैं। आयात महंगा होने से देश के चालू खाते का घाटा बढ़ेगा। जिन कंपनियों ने विदेश से कर्ज लिया है, उन्हें चुकाने के लिए ज्यादा रकम खर्च करनी पड़ेगी। इससे विदेश में पढ़ाई का खर्च भी बढ़ेगा, और यह भारत की आर्थिक विकास दर को प्रभावित कर सकता है। लगातार बढ़ती कच्चे तेल की कीमत महंगाई को बढ़ाएगी और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगी। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करना भी मुश्किल हो जाएगा, जिससे बचत में कमी, बैंकों को सस्ती पूंजी की किल्लत, कर्ज दर में वृद्धि, आर्थिक गतिविधियों में कमी, महंगाई में वृद्धि और विकास दर में गिरावट आएगी। रुपये की कमजोरी के कुछ फायदे भी हैं, जैसे कि इससे निर्यातकों को लाभ होता है। आईटी, फार्मा और ऑप्टिकल उद्योग की कंपनियों को उनके उत्पाद या सेवाओं के लिए डॉलर में भुगतान मिलता है। जब ये डॉलर को रुपये में बदलते हैं, तो उन्हें अधिक रुपये मिलते हैं। भारत में विदेशी पर्यटकों के लिए यात्रा करना सस्ता हो जाएगा, जिससे स्थानीय पर्यटन क्षेत्र को फायदा होगा। विदेशों में काम करने वाले भारतीय अपने परिवारों को जो पैसा भेजते हैं, वह अधिक रुपये में मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक कच्चे तेल की कीमतें 110-115 डॉलर से ऊपर हैं और विदेशी निवेशक बेचवाली कर रहे हैं, रुपये कमजोर बना रहेगा। यदि वैश्विक माहौल में कोई सुधार नहीं होता, तो यह 94 के स्तर को भी पार कर सकता है।



किसी भी देश की मुद्रा का मूल्य मुख्य रूप से उसके अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, यदि भारत को अधिक सामान जैसे कच्चा तेल मंगवाना हो तो उसे अधिक डॉलर की आवश्यकता होगी। इस मांग के बढ़ने पर डॉलर की कीमत बढ़ेगी और वह महंगा हो जाएगा, जिससे रुपया कमजोर हो जाएगा। मुद्रा की कीमत का निर्धारण देश की महंगाई दर, ब्याज दरें और विदेशी निवेशकों का भरोसा भी करता है। जब महंगाई कम रहेगी तो आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और अर्थव्यवस्था स्थिर रहने पर विदेशी निवेशक भारत में निवेश करेंगे, जिससे डॉलर की आमद बढ़ेगी और रुपया मजबूत होगा। आसान शब्दों में, दुनिया में जिस मुद्रा की मांग अधिक और आपूर्ति कम होगी, उसकी कीमत भी उतनी ही अधिक होगी।

अंत में कहा जा सकता है कि रुपये की कमजोरी के फायदे कम और नुकसान ज्यादा हैं। युद्ध के कारण निवेशकों के बीच डर का माहौल है, जिससे एशियाई बाजार और भारतीय शेयर बाजार जैसे सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई है। वैश्विक अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक शेयर बाजार में बिकवाली कर रहे हैं, जिससे देश में निवेश घट रहा है, क्योंकि भारत में विदेशी निवेशकों का अहम योगदान है। इसके अतिरिक्त, इससे भारत में उर्वरक, तेल और रसोई गैस की कमी हो गई है। शिपिंग मार्गों में रुकावट से कई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति पर प्रभाव पड़ा है। इन बाधाओं से महंगाई बढ़ी है, व्यापार घाटा बढ़ रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार कम हो रहा है। वर्तमान स्थिति में सरकार को उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किसानों को सब्सिडी देनी पड़ेगी, क्योंकि भारत में उर्वरक का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। इससे राजकोषीय दबाव का खतरा बढ़ रहा है। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था अभी मजबूत है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहता है तो रुपये और कमजोर होंगे और भारत को कई आर्थिक स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

( लेखक एसबीआई मुंबई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## रामनवमी पर विशेष

मुनीष भाटिया




# आध्यात्मिक चेतना और दर्शन के शाश्वत प्रतीक हैं श्रीराम

मानव जीवन एक सतत यात्रा है-सत्य, प्रेम और आत्मबोध की यात्रा। इस यात्रा में राम एक मार्गदर्शक प्रकाश की तरह हमारे साथ रहते हैं। वे केवल इतिहास या ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के अंतर्मन में बसने वाली वह चेतना है, जो हमें सही और गलत का भेद सिखाती है। उनका नाम केवल धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने की अनुभूति है। आज का समाज अनेक विभाजनों में बंट चुका है-जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर। इन विभाजनों ने मानवता की मूल भावना को कमजोर कर दिया है। लेकिन राम का जीवन हमें यह सिखाता है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सच्चा धर्म वही है, जो सबको साथ लेकर चले। शबरी के प्रेम से सिक्त बेर स्वीकार करना, निषादराज को आत्मीय मित्र बनाना और हनुमान जैसे भक्त को हृदय से लगाना-ये सभी प्रसंग यह दर्शाते हैं कि राम के लिए कोई भी ऊंच-नीच या भेदभाव नहीं था। वे समरसता और समानता के सच्चे प्रतीक हैं। राम को "मर्यादा पुरुषोत्तम" इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने जीवन के हर संबंध और हर भूमिका में मर्यादा का पालन किया। चाहे वह पुत्र के रूप में पिता के वचन का पालन हो, राजा के रूप में प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व, या एक मित्र के रूप में निष्ठा-हर स्थान पर उन्होंने आदर्श स्थापित किए। आज जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं और स्वार्थों के कारण मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहा है, तब राम का जीवन हमें अनुशासन और संयम का महत्व याद दिलाता है। उन्होंने चौदह वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार कर यह सिद्ध किया कि कर्तव्य और वचन की मर्यादा सर्वोपरि होती है। राम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि मनुष्य अपने कर्मों और आचरण से ही महान बनता है। वे हमें यह समझाते हैं कि "पुरुष" से "पुरुषोत्तम" बनने की यात्रा बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धता, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता से तय होती है। जब व्यक्ति लोभ, मोह, अहंकार और वासना जैसे बंधनों से मुक्त होकर निष्काम भाव से कर्म करता है, तभी वह अपने वास्तविक स्वरूप के निकट पहुंचता है। राम का यह संदेश हमें आत्मोन्नति की ओर प्रेरित करता है। मानव की सबसे बड़ी चुनौती उसकी अनियंत्रित इच्छाएं हैं, जो उसे भ्रम और पतन की ओर ले जाती हैं। इसके विपरीत, रावण का चरित्र यह दर्शाता है कि ज्ञान और शक्ति होते हुए भी यदि व्यक्ति अपने अहंकार और वासना पर नियंत्रण नहीं रखता, तो उसका विनाश निश्चित है। इस प्रकार राम और रावण का अंतर केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक मूल्यों का अंतर है। राम का सबसे महत्वपूर्ण संदेश "निष्काम कर्म" का है- ऐसा कर्म, जिसमें फल की अपेक्षा न हो। जब व्यक्ति बिना स्वार्थ के अपना कर्तव्य निभाता है, तो वह न केवल मानसिक शांति प्राप्त करता है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बनता है। आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतना व्यस्त हो गया है कि उसने आंतरिक संतोष और शांति को पीछे छोड़ दिया है। राम का मार्ग हमें सादगी, संतुलन और आत्मिक संतोष की ओर लौटने का आह्वान करता है। सत्य और धर्म राम के जीवन के मूल आधार रहे हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में सत्य का साथ दिया, चाहे वह कितना ही कठिन क्यों न हो। यह हमें सिखाता है कि सच्चाई का मार्ग भले ही चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन अंततः वही स्थायी विजय का मार्ग है। इसी संदर्भ में आज के समय में राम के आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव के बीच व्यक्ति स्वयं से दूर होता जा रहा है। ऐसे में राम का जीवन हमें आत्मचिंतन की ओर प्रेरित करता है। वे सिखाते हैं कि बाहरी सफलता के साथ-साथ आंतरिक संतुलन भी आवश्यक है। यदि मन अशांत है, तो कोई भी उपलब्धि हमें संतुष्टि नहीं दे सकती। इसलिए राम का मार्ग केवल नैतिकता का ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन का भी मार्ग है। इसके अतिरिक्त, राम का जीवन नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने राजा के रूप में सदैव प्रजा के हित को सर्वोपरि रखा। आज के नेतृत्वकर्ता यदि राम के इस गुण को अपनाएं, तो समाज में न्याय और विश्वास की स्थापना हो सकती है। राम हमें यह भी सिखाते हैं कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो त्याग, सेवा और समर्पण पर आधारित हो, न कि केवल सत्ता और अधिकार पर। अंततः, राम कोई दूरस्थ आदर्श नहीं, बल्कि हमारे भीतर जागृत होने वाली वह चेतना हैं, जो हमें एक बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा देती है। उनका संदेश सरल है-सत्य का अनुसरण करो, धर्म का पालन करो, और मानवता को सर्वोपरि रखो। यही जीवन का सार है, और यही सच्चे अर्थों में राम को जीना है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।


# श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## राम की मूर्ति को अंतिम रूप



महाराष्ट्र के नागपुर में चल रहे नवरात्रि उत्सव के दौरान राम नवमी से पहले एक कलाकार भगवान राम की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहा है।

## आज की पाती

### परमात्मा बेईमानी-चालाकी सब देखते हैं

दुनिया की नजर से बचकर हम चालाकियां और बेईमानियां कर सकते हैं, लेकिन जो हमारे कर्मों का लेखा-जोखा रख रहा है, उससे हम कुछ नहीं छुपा सकते। हम सब जानते हैं कि भगवान कण-कण में विराजमान हैं, लेकिन फिर भी कुछ लोग इस अटल सच्चाई को नजरअंदाज करते हुए बेईमानी और अन्य गलत कामों को करने से परहेज नहीं करते, बेशक उन्होंने बुरे कर्मों का नतीजा भुगता ही क्यों न हो, लेकिन फिर भी वो दुनिया से नजर बचाकर बेईमानी और चालाकी करने से बाज नहीं आते। परमात्मा हमारी अंतरात्मा पर भी नजर रखता है, वो हमारी सोच, मन, मस्तिष्क में क्या चल रहा है, उसको भी देखता है। परमात्मा की नजर में हमारे कर्म रिकॉर्ड होते हैं।

*- विजय देवांगन, कुम्हारी*

## ट्रेंड

### शांति और स्थिरता पर चर्चा

राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### ट्रांसजेंडर विधेयक

भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन विधेयक ट्रांसजेंडरों के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर खुला हमला है। यह प्रतिगामी विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों से उनकी स्वयं की पहचान करने का अधिकार छीन लेता है, जो सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का उल्लंघन है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**



### आईपीडी टावर की उपेक्षा

जयपुर के महिला चिकित्सालय (सांगानेरी गेट) में बन रहा आईपीडी टावर भी आज भाजपा सरकार की उपेक्षा का शिकार है। हमारी कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2023 में इस प्रोजेक्ट का काम शुरू किया था।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**



### बिहार में अपराध

बिहार में अपराधियों का काम अब पुलिस कर रही है। दारू पीकर दरोगा किसी को भी गोली मार देता है और दरोगा का कुछ नहीं बिगड़ता। ये भ्रष्ट असामाजिक तत्व हमारे लोगों के संयम और अनुशासन को कमजोरी ना समझें।

**-तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार**



## करंट अफेयर

# ईरान में छिड़ी जंग से ज्यादा परेशान ये मुल्क

ईरान में अमेरिका और इजरायल की ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। ईरान के तेल कुएं हों या फिर गैस फील्ड, सभी को अमेरिका और इजरायल ने टारगेट किया है। वहीं ईरान ने भी संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर और बहरीन समेत कई ऐसे देशों पर हमले किए हैं, जहां से बड़ी संख्या में तेल और गैस की सप्लाई दुनिया भर में की जाती है। इस जंग ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को भी बाधित किया है, जहां से दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल कारोबार होता है। इसके चलते भारत समेत कई देशों में तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। इसकी वजह है कि भारत ने अपनी तेल की जरूरतों को डाइवर्सिफाई किया है। वहीं पाकिस्तान, जापान, थाइलैंड और कोरिया जैसे देशों को ज्यादा परेशानी है। एक रिपोर्ट के अनुसार खाड़ी देशों से अपनी जरूरत का सबसे ज्यादा तेल आयात पाकिस्तान करता है। इसके बाद दूसरा नंबर जापान, तीसरा थाईलैंड और चौथा साउथ कोरिया का है। इसके बाद 5वां नंबर भारत का आता है। साफ है कि ईरान में चल रही जंग से भारत के मुकाबले कहीं ज्यादा परेशान पाकिस्तान है। इस संकट के चलते एक तरफ सप्लाई पर असर पड़ा है तो वहीं कच्चे तेल के दाम भी 100 डॉलर के ऊपर लगातार बने हुए हैं।



## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान कई महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठकें की

# पश्चिम बंगाल चुनाव जनता में टीएमसी के भय बनाम भाजपा के भरोसे के बीच होगा: नवीन

### भाजपा अध्यक्ष बोले, बंगाल की जनता टीएमसी के गुंडों और ममता बनर्जी की वसूली सरकार से मुक्ति चाहती है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कोलकाता में अपने पश्चिम बंगाल प्रवास के दूसरे और अंतिम दिन नबद्वीप ज़ोन बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठकें की और बंगाल विधान सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की माइक्रो लेवल तैयारियों की समीक्षा की तथा पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल भाजपा के चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राष्ट्रीय महामंत्री एवं पश्चिम बंगाल के प्रभारी सुनील बंसल, बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडे, सह प्रभारी अमित मालवीय, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी सहित अन्य वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह पूरा चुनाव केवल दो प्रमुख विषयों पर केंद्रित है - तृणमूल सरकार के कुशासन से भय और जनता का भाजपा के सुशासन पर भरोसा। यह चुनाव टीएमसी के भय के वातावरण से बाहर निकलने का चुनाव है, क्योंकि जनता अब पूरी तरह से उस डर से मुक्त होना चाहती है। टीएमसी के गुंडे, तथाकथित कार्यकर्ता और उनकी सरकार वसूली, भ्रष्टाचार और अराजकता की सरकार चला रहे हैं, उससे अब राज्य की जनता मुक्ति चाहती है। जनता उस भय के वातावरण से बाहर आना चाहती है और उसे यह भी स्पष्ट रूप से पता है कि यदि उसे इस स्थिति से निकलना है तो उसका भरोसा केवल भारतीय जनता पार्टी पर है। भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व, उसके कार्यकर्ता और स्थानीय नेतृत्व पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और जनता को विश्वास है कि वही सोनार बंगाल के सपने को साकार कर सकते हैं।

नवीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग टीएमसी सरकार के भ्रष्टाचार, वसूली, भय और अराजकता के माहौल से मुक्ति चाहते हैं। भाजपा ही सुरक्षा, रोजगार और सम्मान सुनिश्चित कर सकती है। भाजपा के कमल का निशान पश्चिम बंगाल को विकास, सुरक्षा और 'सोनार बंगाल' की दिशा में आगे ले जाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से काम करते हैं। पार्टी के कार्यकर्ता मेहनत और परिश्रम के साथ हर बूथ तक पहुंचेंगे और 4 मई को राज्य में भाजपा की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कमल का निशान, इस राज्य को विकास के पैमाने पर आगे बढ़ाने, राज्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने और 'सोनार बंगाल' के सपने को साकार करने का प्रतीक है। यह कमल का फूल निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल को 'विकसित पश्चिम बंगाल' बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

नवीन ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ता एक-एक बूथ की संरचना खड़ी करने में जुटे हैं और पिछले चार-पांच वर्षों में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। पिछले चार-पांच वर्षों में विपरीत परिस्थितियों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई मेहनत अब रंग ला रही है और आज जनता उनके साथ खड़ी है। पश्चिम बंगाल का एक-एक व्यक्ति इस परिवर्तन की लहर में कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा होकर संघर्ष करने के लिए तैयार है।

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव**

## भाजपा ने आरजी कर रेप पीड़िता की मां को बनाया उम्मीदवार

### भाजपा ने 19 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट बुधवार को जारी की। इस लिस्ट में 19 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। भाजपा ने आरजी कर रेप पीड़िता की मां रत्ना देबनाथ को भी टिकट दिया है। पीड़िता की मां पानीहाटी से चुनाव लड़ेंगी। हरिपाल से मधुमिता घोष को बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। इंग्लिश बाजार से अमलन भादुरी को टिकट मिला है। कूचबिहार दक्षिण से रथीन्द्र नाथ बोस को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, राजगंज से दिनेश सरकार को चुनाव लड़ने का मौका मिला है।

शांतिपुर से स्वपन दास को प्रत्याशी बनाया गया है। हावड़ा मध्य से बिप्लब मंडल, इस्लामपुर से चित्रजीत रॉय, नलहाटी से अनिल सिंह को टिकट मिला है। सिंगूर से अरूप कुमार दास और सैंथिया से कृष्णा कांत साहा चुनाव लड़ेंगे। कूचबिहार दक्षिण से रथीन्द्र नाथ बोस, राजगंज (अजा) से दिनेश सरकार (हराधन सरकार), इस्लामपुर से चित्रजीत रॉय, हेमताबाद (अजा) से हरिपद बर्मन, इंग्लिश बाजार से अमल भादुरी, शांतिपुर से स्वपन दास, पानीहाटी से रत्ना देबनाथ, हावड़ा मध्य से बिप्लबमंडल, उत्तरपाड़ा से दीपांजन चक्रवर्ती, सिंगूर से डॉ. अरूप कुमार दास, चन्दननगर से दीपांजन कुमार गुहा, चुंचुड़ा से सुबीर नाग, हरिपाल से मधुमिता घोष, तमलुक डॉ. हरे कृष्णा बेरा, मेदिनीपुर से शंकर गुच्छैत, पूर्वस्थली से प्राणकृष्ण तपदार, कटवा से कृष्णा घोष, सैंथिया सेकृष्णा कांत साहा और नलहाटी से अनिल सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके पहले दो सूचियां जारी की जा चुकी हैं।

**भवानीपुर में सुवेंदु ने ममता को खूब सुनाया**

## टीएमसी डबल डिजिट पार नहीं करेगी



भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करने पहुंच भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल डबल डिजिट पार नहीं करेगी। यह ट्रिपल डिजिट नहीं होगा। वे बंगाल को मोदीजी के हाथों में छोड़ना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि मोदीजी ने नंदीग्राम की तरह ममता बेनर्जी को सीरियसली हराने के लिए विपक्षी नेता को भेजा है। वे हिम्मत के साथ निकले हैं। वे भी बदलाव चाहते हैं। आई पैक ने जो किया है, उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। अधिकारी ने कहा कि आप नंदीग्राम की जितनी ज़्यादा ज़िम्मेदारी लेंगे, मैं उतने ही ज़्यादा वोटों से ममता बनर्जी को फिर से हरा पाऊंगा।

**ओवैसी ने हुमायूं की पार्टी से मिलाया हाथ**



## बंगाल में घुटन महसूस कर रहे लोग

जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर और एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुमायूं कबीर ने कहा कि हम पूरे राज्य में 20 रैलियां करेंगे। पहली रैली 1 अप्रैल को बहरामपुर में ओवैसी के साथ होगी। वहीं, ओवैसी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लोग घुटन महसूस कर रहे हैं। उनकी पार्टी ने हुमायूं की पार्टी से हाथ मिलाया है।

## फिरहाज हकीम ने ममता के लिए मांगे वोट

भवानीपुर चुनाव क्षेत्र में प्रचार करते हुए फिरहाज हकीम ने दावा किया कि ममता बनर्जी ने पूरे बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की जीत पक्की करने का जिम्मा अपने कंधों पर लिया है। उन्होंने हमें अपने घर की जिम्मेदारी दी है। हमें उस जिम्मेदारी को पूरा करना है और लोगों के पास जाकर बस यही कहना है, ममता इधर-उधर खड़ी नहीं हैं। तृणमूल को वोट दें।

### लोकसभा में 32 संशोधनों के साथ ध्वनिमत से पारित हुआ 'वित्त विधेयक-2026'

# सिर्फ शिकायती है विपक्ष का रवैया, मेरे किसी भी जवाब के दौरान सदन में नहीं रहते कांग्रेस, द्रमुक व टीएमसी के सदस्य

## विपक्ष पर जमकर बरसीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, बोलीं-

- ▶▶ तृणमूल और द्रमुक सांसदों को क्रमशः बांग्ला और तमिल भाषा में जमकर सुनाई खरी खोटी, हुआ हंगामा
- ▶▶ वित्त मंत्री ने पिछले महीने 1 फरवरी को लोकसभा में 2026-27 के लिए पेश किया था केंद्रीय बजट
- ▶▶ इस वर्ष यह उनके द्वारा संसद में लगातार पेश किया गया नौवां बजट है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी के इलाके में जारी युद्ध के भारत पर पड़ते प्रभावों के बीच लोकसभा ने बुधवार को 32 संशोधनों के साथ 'वित्त विधेयक-2026' को ध्वनिमत से अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। जिससे सरकार की बजट संबंधी प्रक्रिया का एक अहम चरण पूरा हो गया है। यह विधेयक वित्त वर्ष-2026-27 के केंद्रीय बजट प्रस्तावों जैसे 53.47 लाख करोड़ के कुल व्यय को कानूनी आधार प्रदान करता है। जो कि 31 मार्च को समाप्त हो रहे मौजूदा वित्त वर्ष की तुलना में 7.7 फीसदी अधिक है। अब इस विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। उच्च-सदन से हरी झंडी मिलने के बाद ही बजट को पूरी तरह से पारित माना जाएगा। निचले सदन में कुल करीब 48 घंटे तक हुई व्यापक चर्चा के बाद इस विधेयक को स्वीकृति दी गई है। वित्त मंत्री ने पिछले महीने 1 फरवरी को लोकसभा में 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया था। इस बार उनके द्वारा सदन में पेश किया गया यह नौवां बजट है। केंद्र द्वारा विधेयक में लाए गए संशोधन मुख्य रूप से कर प्रस्तावों से जुड़े हुए हैं। कुल 12.2 लाख करोड़ रुपए के कुल पूंजीगत व्यय में 44.4 लाख करोड़ के सकल कर राजस्व संग्रह और 17.2 लाख करोड़ रुपए की सकल उधारी का प्रस्ताव है। बजट के साथ आयकर अधिनियम 2025 को 819 धाराओं से घटाकर 536 धाराओं के साथ पेश किया जा रहा है। यह 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा।



### दीर्घकालिक विकास संग मजबूत होगी अवसंरचना

*लोकसभा में दिए अपने जवाब में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस विधेयक को न केवल राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने वाला एक महत्वपूर्ण कदम बताया। बल्कि ये भी स्पष्ट किया कि इसकी मदद से देश के किसानों, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों (एमएसएमई) और सहकारी क्षेत्र के साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य, रोजगार सृजन, हरित ऊर्जा और डिजिटल गवर्नेंस को काफी बढ़ावा मिलेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों के साथ ही बुनियादी अवसंरचना का विकास भी गति पकड़ेगा। उन्होंने कहा, राष्ट्र निर्माण केवल एक दिन का काम नहीं है। बल्कि यह एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। हमारा बजट देश के 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करता है। भारत सुधार की ओर बाध्यता से नहीं, बल्कि स्वतः ही आगे बढ़ रहा है। जिसके केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अर्थव्यवस्था को रिफॉर्म एक्सप्रेस बनाने का लक्ष्य मुख्य रूप से शामिल है। हमारा ये बजट 5 सिद्धांतों पर आधारित है। जिसमें हम विश्वास आधारित कर प्रशासन पर जोर दे रहे हैं। साथ ही आम जनता के जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए के साथ-साथ व्यापार को भी बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं। हमारे इन कदमों से रोजगार सृजन होगा और अर्थव्यवस्था का विकास भी गति पकड़ेगा।*

**बांग्ला, तमिल में साधा विपक्ष पर निशाना**

उन्होंने कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके के सांसदों की सदन में बनी हुई अनुपस्थिति को लेकर उन्हें आड़े हाथों लिया। इस दौरान वित्त मंत्री ने बांग्ला और तमिल भाषा में टीएमसी और द्रमुक पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों को हर वक्त सिर्फ शिकायत करने की आदत सी बन गई है। जिसमें भी ये खासतौर पर सदन में पूरी एकता के साथ सरकार का विरोध करते हैं। जबकि वहीं, इनके द्वारा उठाए गए तमाम मुद्दों पर सरकार की तरफ से मजबूत अंदाज में जवाब दिया जाता है यानी जब कभी मैं, सदन में जवाब देती हूं, तब विपक्ष से टीएमसी, द्रमुक या कांग्रेस के सदस्य उपस्थित नहीं रहते हैं। इस वाक्य को निर्मला ने तमिल में दोहराते हुए द्रमुक पर कटाक्ष किया। जबकि दूसरी ओर उन्होंने बांग्ला में टीएमसी पर पश्चिम-बंगाल में 3.7 लाख चाय बागान श्रमिकों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। जिस वक्त वित्त मंत्री सदन में अपनी बात रख रही थी। उस वक्त द्रमुक सांसद डॉ.टी.सुमति लोकसभा में मौजूद थी। तभी सीतारमण ने कहा कि मोदी सरकार जिस महिला आरक्षण संशोधन बिल को संसद की स्वीकृति के लिए यहां सदन में लाना चाहती है। उसका तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विरोध कर रहे हैं। जिससे साफ है कि तमिलनाडु की प्रदेश सरकार का ये विरोध राजनीतिक दृष्टि से किया जा रहा है।

### कांग्रेसी सरकारों की गलतियों को भुगत रहे

वित्त मंत्री के विपक्षी दलों की लोकसभा में अनुपस्थिति के बयान का सबसे पहले विपक्ष से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने विरोध जताया। उसके साथ टीएमसी, सपा व अंत में द्रमुक की ओर मुखालफत की गई। सुप्रिया के आरोपों पर उन्होंने कहा, मुंबई में कुश्ती (विपक्षी दलों के बीच) और यहां सदन में नूरा कुश्ती हो रही है। कांग्रेस को लेकर सीतारमण ने कहा कि तत्कालीन यूपीए सरकार पूर्व में आई एक छोटी सी वित्तीय आपदा में ही हिल गई थी। मोदी सरकार ने कोरोना महामारी जैसी वैश्विक संकट में भी देश को हिलने नहीं दिया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौर में देश में 22 महीने तक देश में महंगाई दर दो अंकों वाली बनी हुई थी। कांग्रेस सरकार ने 2008-09 में राजकोषीय घाटे की तमाम धनराशि को तेल कंपनियों के खाते में डालकर उनके मत्थे मढ़ दिया था।

### वित्त विधेयक की खास बातें

- पूंजीगत व्यय-12.2 लाख करोड़ रुपए का प्रस्ताव है।
- राजकोषीय घाटा- वित्त वर्ष-27 के लिए जीडीपी का 4.3% रहने का अनुमान है।
- वित्त वर्ष-2025-26 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4% था।
- विधेयक से आयकर दरों, सीमा शुल्क व अन्य करों में किए गए बदलाव प्रभावी होंगे।
- केंद्र की 2026-27 के लिए आर्थिक नीतियों की रफ्तार बढ़ेगी, जिसका उद्देश्य दीर्घकालिक विकास, अवसंरचना को बढ़ावा देना है।
- कर नियमों में सरलीकरण के लिए एक नए आयकर विधेयक को मंजूरी दी गई है।
- रक्षा मंत्रालय के लिए सवार्धिक 7.85 लाख करोड़ का प्रावधान
- लिबरलाइज्ड रेमिटेंस योजना के तहत टीसीएस को कम करके 2% किया जाएगा।
- नई कर व्यवस्था में 12 लाख तक की आय पर कोई आयकर नहीं लगाया गया है।
- वेतनभोगी करदाताओं के लिए मानक कटौती की ये संख्या 12.75 लाख रुपए तक हो सकती है।
- इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 31 जुलाई और गैर-ऑडिट वाले मामलों में ये 31 अगस्त 2026 होगी।
- आयकर से जुड़े अपीलीय ट्रिब्यूनल में लंबित मामलों को कम करने, करदाताओं को सहूलियत प्रदान करने के प्रयास जारी हैं।
- टीडीएस 5%, 20% से घटाकर 2% कर दिया है।

## रेलवे ने 5 वर्षों में बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने के लिए 1,024 ट्रेनें शुरू की: अश्विनी वैष्णव

- **रेल मंत्री ने लोकसभा में बताया, 907 ट्रेनों का विस्तार किया, 168 ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ाई और 4,651 कोचों की संख्या में वृद्धि की**
- **अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के बीच त्योहारों और छुट्टियों के दौरान 74,800 विशेष ट्रेनें चलाई गईं**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने पिछले पांच वर्ष के 2021-22 से 2025-फरवरी 2026 तक 1024 ट्रेनें शुरू की, 907 ट्रेनों का विस्तार किया, 168 ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ाई गई और 4651 कोचों की संख्या बढ़ाई है। यह जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में दी।

उन्होंने बताया, चूंकि रेलवे नेटवर्क राज्यों की सीमाओं तक फैला हुआ है, इसलिए नेटवर्क की ज़रुरत के अनुसार इन सीमाओं के पार भी ट्रेनें शुरू की जाती हैं। हालांकि, प्रारंभ/समाप्ति के आधार पर, भारतीय रेलवे ने 2021-22 से 2025-26 (फरवरी 2026) के दौरान पूर्वी/उत्तर पूर्वी क्षेत्र में स्थित विभिन्न स्टेशनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 444 ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं, जिनमें बिहार राज्य में पड़ने वाले स्टेशनों के लिए निम्नलिखित 75 जोड़ी ट्रेनें शामिल हैं।

वैष्णव ने जानकारी दी कि अनारक्षित कोचों में यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए, रेलवे ने सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सुविधाओं में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। अकेले पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, विभिन्न लंबी दूरी की ट्रेनों में 1250 सामान्य कोचों का उपयोग किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष (फरवरी 2026 तक) में, 860 कोचों को स्थायी रूप से नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, जनरल और नॉन-एसी स्लीपर कोचों का उपयोग करने वाले यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की संरचना संबंधी मौजूदा नीति में 22 कोचों वाली एक ट्रेन में 12 (बारह) जनरल और स्लीपर श्रेणी के नॉन-एसी कोच और 8 (आठ) एसी कोच शामिल हैं, जिससे जनरल और नॉन-एसी स्लीपर कोचों का उपयोग करने वाले यात्रियों को अधिक सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, अनारक्षित सीटों का लाभ उठाने के इच्छुक यात्रियों की सुविधा के लिए, भारतीय रेलवे किफायती यात्रा के लिए अनारक्षित गैर-एसी यात्री ट्रेनें/एमईएमयू/ईएमयू आदि चलाती है, जो मेल/एक्सप्रेस सेवाओं में उपलब्ध अनारक्षित सीटों (कोचों) के अतिरिक्त हैं। वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे में, ट्रेनों की यात्री संख्या व्यस्त और कम व्यस्त समय के दौरान बदलती रहती है। व्यस्त समय के दौरान, खास तौर पर लोकप्रिय मार्गों पर, ट्रेनों की क्षमता पूरी रहती है, जबकि कम व्यस्त समय में और कम व्यस्त मार्गों पर, ट्रेनों का उपयोग कम होता है। प्रतीक्षा सूची की स्थिति पर नियमित रूप से निगरानी रखी जाती है और अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए भारतीय रेलवे ने कई कदम उठाए हैं, जैसे नई ट्रेनों का शुभारंभ, मौजूदा ट्रेनों की आवृत्ति में वृद्धि/विस्तार, मौजूदा ट्रेनों में स्थायी रूप से भार वृद्धि आदि।

## *मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन पर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को दी बड़ी सौगात चीतों के पुनर्वास के लिए बनने वाले विशेष बाड़े का भूमिपूजन भी किया*

# नौरादेही में संरक्षित प्रजाति के कछुओं को जल में विमुक्त कर जैव विविधता संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नौरादेही टाइगर रिजर्व को भविष्य में एक और बड़ी पहचान मिलने जा रही है। आने वाले समय में यह क्षेत्र मप्र में चीतों का तीसरा सुरक्षित आवास बनेगा। इससे मध्यप्रदेश के वन्य-जीव पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही हमारी जैविक संपदा और भी समृद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को सागर जिले के वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) में संरक्षित प्रजाति के कछुओं को जल में विमुक्त कर जैव विविधता संरक्षण का नव संदेश दिया। यहां चंबल नदी और भोपाल से लाए गए 14 कछुए भी मुक्त विचरण के लिए बामनेर नदी में छोड़े।

- ▶▶ मुख्यमंत्री ने ग्रामीण परिवेश में आम के वृक्ष की छांव में खाट पर बैठकर भोजन किया
- ▶▶ भोजन के पूर्व उन्होंने गो माता को गुड-चारा भी खिलाया



### *जन्मदिन पर बच्चियों को खिलाई काजू कतली, प्रदान किए ड्राइविंग लाइसेंस*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जन्मदिवस पर रहली में अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन पर सभी बच्चियों को अपने हाथों से काजू कतली खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने वहां मौजूद 8 बच्चियों को ड्राइविंग लाइसेंस सर्टिफिकेट भी प्रदान किए। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### *कृषक परिवार ने कलश रखकर, चंदन रोली का तिलक से स्वागत किया*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का किसान हरदास रैकवार के खेत पर पहुंचने पर कृषक परिवार ने कलश रखकर, चंदन रोली का तिलक लगाते हुए पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण परिवेश में आम के वृक्ष की छांव में खाट पर बैठकर भोजन किया। भोजन के पूर्व उन्होंने गो माता को गुड-चारा भी खिलाया। मुख्यमंत्री ने बुंदेली भोजन की तारीफ की और कढ़ी, बिर्रा की रोटी, समां के चावल की खीर, खीचला-पापड़ आदि व्यंजनों का स्वाद चखा।

### *पीएम मोदी, शाह समेत दिग्गजों ने दी बधाई*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और अन्य प्रमुख नेताओं ने सीएम डॉ. मोहन यादव को बधाई दी। पीएम मोदी और शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की प्रगति की सराहना की और उन्हें दीर्घायु तथा निरंतर सेवा का आशीर्वाद दिया। योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य नेताओं ने भी शुभकामनाएं भेजी।

- ईंधन के नाम से वसूली अनुचित व्यापार गतिविधियां
- ऐसे मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी
- मूल्य में केवल लागू कर ही जोड़े जा सकते हैं

## केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने दी चेतावनी

# एलपीजी के नाम पर होटल, रेस्टारेंट ने ज्यादा शुल्क वसूला तो खैर नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने बुधवार को होटल और रेस्तरांओं को चेतावनी दी कि वे एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लगाएं। प्राधिकरण ने कहा कि ये अनुचित व्यापार गतिविधियां हैं और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण ने इसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत अनुचित व्यापार गतिविधियां करार दिया है और बताया है कि 'मेन्यू' में उल्लेखित मूल्य में केवल लागू कर ही जोड़े जा सकते हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीसीपीए ने ''होटल और रेस्तरांओं द्वारा उपभोक्ताओं के बिलों में एलपीजी शुल्क, गैस अधिभार और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाने को संज्ञान में लिया है।''

### दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा

सीसीपीए ने पाया कि सेवा शुल्क संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर ऐसे शुल्क लगाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 10 के तहत एक परामर्श जारी किया है। इसमें निर्देश दिया गया है कि ऐसे कोई भी शुल्क स्वतः नहीं लगाए जाएंगे और उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### होटल या रेस्तरां स्वतः नहीं जोड़ सकते शुल्क

प्राधिकरण ने कहा कि अलग से अनिवार्य शुल्कों के माध्यम से ऐसी लागत की वसूली अधिनियम की धारा 2(47) के तहत अनुचित व्यापार गतिविधियां है। सीसीपीए ने सलाह दी, ''कोई भी होटल या रेस्तरां बिल में स्वतः ही 'एलपीजी शुल्क', 'गैस शुल्क' या इसी तरह के शुल्क नहीं जोड़ेगा।''

### उपभोक्ताओं पर अनुचित लागत का बोझ पड़ता है

इस तरह की गतिविधियों से पारदर्शिता की कमी होती है और उपभोक्ताओं पर अनुचित लागत का बोझ पड़ता है। सीसीपीए ने स्पष्ट किया कि ईंधन, एलपीजी, बिजली और अन्य परिचालन व्यय जैसी कच्चे माल की लागत कारोबार चलाने की लागत का हिस्सा हैं और इन्हें 'मेन्यू आइटम' की कीमत तय करते समय शामिल किया जाना चाहिए।

### कुछ होटल, रेस्तरां पेय पदार्थों के अतिरिक्त शुल्क जोड़ रहे

बयान में कहा गया, ''राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर प्राप्त शिकायतों और मीडिया रिपोर्ट के आधार पर, सीसीपीए ने पाया है कि कुछ होटल और रेस्तरां मेन्यू में प्रदर्शित खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों की कीमत और लागू करों के अतिरिक्त, उपभोक्ता बिल में ऐसे अतिरिक्त शुल्क स्वतः ही जोड़ रहे हैं।''

### मेन्यू में प्रदर्शित कीमत अंतिम होगी

*मेन्यू में प्रदर्शित कीमत अंतिम कीमत होनी चाहिए, जिसमें लागू कर शामिल नहीं हैं। प्राधिकरण ने कहा, ''उपभोक्ताओं को गुमराह नहीं किया जाएगा और न ही उन्हें किसी भी ऐसे अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने के लिए बाध्य किया जाएगा...।''*


### अधिनियम 2019 के तहत कार्रवाई की जा सकती है

*सीसीपीए ने कहा कि इस प्रकार के सभी शुल्क, चाहे उनका नाम कुछ भी हो, सेवा शुल्क या अतिरिक्त शुल्क की श्रेणी में आते हैं और इन्हें स्वतः रूप से वसूलना चार जुलाई, 2022 को जारी सीसीपीए दिशानिर्देशों का उल्लंघन माना जाएगा और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत कार्रवाई की जा सकती है।*

# सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ा निवेशकों की संपत्ति आठ लाख करोड़ रुपये बढ़ी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा। इस दौरान निवेशकों की संपत्ति में आठ लाख करोड़ रुपए का इजाफा दर्ज किया गया। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच कच्चे तेल के दाम में कमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के साथ घरेलू शेयर बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक बढ़कर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.05 अंक बढ़कर 23,306.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन और ट्रेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.07 प्रतिशत टूटकर 99.19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार और पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद बढ़ने से शेयर बाजारों में तेजी बनी रही। अमेरिका और ईरान के बयान में विरोधाभास के बावजूद, दोनों देशों के बीच संभावित राजनयिक प्रगति के कारण कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से नीचे आ गईं, जिसका बाजार ने स्वागत किया।''



- कच्चे तेल के दाम में नरमी से बाजार में रही तेजी
- पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद
- निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा

### दो सत्रों में निवेशकों की संपत्ति 15.80 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

स्थानीय शेयर बाजार में आई तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति दो सत्र में 15.80 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया युद्ध को लेकर तनाव कम होने की उम्मीद से बाजार में सुधार देखा गया। पिछले दो कारोबारी सत्र में बीएसई सेंसेक्स 2,577.06 अंक चढ़ा है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.16 प्रतिशत टूटकर 97.79 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### विदेशी निवेशकों ने बेचे शेयर

*शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 8,009.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,867.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।*

# चांदी में 11,250 रुपये का आया उछाल, सोना 4,900 रुपये चढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की तेजी आई। इस तेजी के कारण चांदी 11,250 रुपये चढ़कर 2.41 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। चांदी की कीमत 11,250 रुपये या 4.89 प्रतिशत बढ़कर 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो मंगलवार के बंद भाव 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 4,900 रुपये या 3.38 प्रतिशत बढ़कर 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सर्राफा बाजार में सोने का पिछला बंद भाव 1,44,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। जो हाल के सत्रों में एक मजबूत सुधार का संकेत है। इसे बेहतर भू-राजनीतिक माहौल से बल मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 82.17 डॉलर या लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 4,556.55 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत की तेजी के साथ 72.67 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोने में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और यह लगभग 4,550 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि निवेशकों को अमेरिका के साथ ईरान के संभावित संघर्षविराम की उम्मीद जगी है, जिसके कारण कच्चे तेल और डॉलर की कीमतों में गिरावट आई है।

- चांदी उछलकर 2.41 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हुई
- सोना तेजी के साथ 1.49 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर



### ईरान के पारगमन शुल्क लेने से अनिश्चितता बढ़ी

*हालांकि, ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इनकार किया है, और एक सैन्य प्रवक्ता ने बातचीत के दावों को खारिज कर दिया है। इस बीच, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कुछ व्यापारिक जहाजों पर पारगमन शुल्क लेना भी शुरू कर दिया है, जिससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता और बढ़ गई है।*

# जेयूआईटी के शोधकर्ताओं को एआई-आधारित मनोवैज्ञानिक चैटबॉट के लिए पेटेंट प्राप्त

**सोलन।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं के संगम पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, जयपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं को उनके अभिनव सिस्टम "मनोवैज्ञानिक चैटबॉट और वॉइस बॉट सिस्टम फॉर द ट्रीटमेंट ऑफ मेंटल इलनेसिस" के लिए पेटेंट प्रदान किया गया है। यह पेटेंट प्राप्त प्रणाली अत्याधुनिक एआई तकनीकों, जैसे बुद्धिमान चैटबॉट और वॉइस-आधारित संवाद, का उपयोग करते हुए सुलभ, स्केलेबल और रीयल-टाइम मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करती है। प्रारंभिक हस्तक्षेप और निरंतर मनोवैज्ञानिक देखभाल के लिए डिज़ाइन की गई यह प्रणाली विशेष रूप से सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों में मरीजों और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के बीच की महत्वपूर्ण खाई को पाटने का प्रयास करती है। इस शोध टीम में डॉ. अमन शर्मा, प्रो. रजनी मोहाना तथा छात्र शोधकर्ता संस्कृति प्रिया और श्रुति श्री शामिल हैं, जिनके सामूहिक प्रयासों से एक ऐसा समाधान विकसित हुआ है। जो मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की दक्षता, किफायतीपन और पहुंच को बढ़ाने पर केंद्रित है।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शानू, पुत्रः** जाहिद अली, **निवासी:** सी–91, गली नंबर 1, चाँद बाग, मूंगा नगर, भजनपुरा, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 333/2016 U/s 328/379/411/34 IPC, थाना: हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शानू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शानू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 333/2016 U/s 328/379/411/34 IPC, थाना: हरि नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शानू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैंस
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–11 (पश्चिम)
कोर्ट नं. 31, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3871/WD/2026
(Court Matter)

## शुद्धि पत्र / सुधार सूचना

यह हमारे प्रोजेक्ट ''आरओएफ अतुल्यस'' में 3 इकाइयों के तीसरे ड्रा के लिए आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में समाचार पत्रों ''हरिभूमि, दैनिक भास्कर और द ट्रिब्यून'' में प्रकाशित दिनांक 29.01.2026 और 05.02.2026 के विज्ञापन के संदर्भ में है, इस प्रोजेक्ट का ऑनलाइन प्रोजेक्ट आईडी नंबर 213 है, और इसे लाइसेंस संख्या 19 (वर्ष 2020, दिनांक 01.08.2020), HRERA 05 (वर्ष 2021, दिनांक 29–01–2021), तथा बीआर–III की स्वीकृति (मेमो संख्या Zp-1429/SD(DK)/2021/611 दिनांक 12–01–2021 के माध्यम से) के तहत विकसित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का विकास पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अफोर्डेबल ग्रुप पॉलिसी, 2013" (जिसमें समय–समय पर संशोधन किए गए हैं) के अंतर्गत किया जा रहा है।

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि एक टाइपिंग की गलती के कारण, 29.01.2026 और 05.02.2026 को क्रमशः प्रकाशित उपर्युक्त विज्ञापन में कार्पेट एरिया–502.571 वर्ग फुट और बालकनी 171.57 वर्ग फुट वाली 1 (एक) इकाई के लिए यूनिट श्रेणी को गलत तरीके से ''2 बीएचके टाइप 2'' के रूप में उल्लेखित किया गया था।

हालाँकि, 1 (एक) इकाई के लिए सही इकाई श्रेणी ''2 बीएचके टाइप 1'' है जिसका कार्पेट एरिया 502.571 वर्ग फुट और बालकनी क्षेत्र 171.57 वर्ग फुट है।

सभी संबंधित आवेदकों और हितधारकों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है और अनुरोध किया जाता है कि उपरोक्त विज्ञापनों में उल्लिखित प्रत्येक स्थान पर 502.571 वर्ग फुट का कार्पेट एरिया और 171.57 वर्ग फुट की बालकनी क्षेत्र वाली 1 (एक) इकाई के लिए "2 बीएचके टाइप 2" के स्थान पर "2 बीएचके टाइप 1" पढ़ें।

आगे बताया गया है कि बाकी विवरण, नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए कृपया हमें प्रथम तल, भवन संख्या 80, सेक्टर 44, गुरुग्राम, हरियाणा पर लिखें।

पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के लिए

स्थानः गुरूग्राम, हरियाणा
दिनांक: 26 / 03 / 2026

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# अभाविप ने 95वें शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुरुग्राम महानगर द्वारा शहीद दिवस के उपलक्ष्य में महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर आज द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में युवाओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाते हुए 95 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-विभाग कार्यवाह संजीव सैनी ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शहीदों ने राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था, आज का युवा रक्तदान कर उनके पदचिह्नों पर चल रहा है। यह मात्र एक शिविर नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और मानवता की सेवा का जीवंत उदाहरण है। विद्यार्थी परिषद का यह प्रयास सराहनीय है। अभाविप हरियाणा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. योगिता राघव ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए कहा कि परिषद सदैव 'छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति' के मंत्र पर कार्य करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही द्रोणाचार्य कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पुष्पा अंतिल ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में इस तरह के सामाजिक सरोकार के कार्यों से विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है। मैं सभी रक्तदाताओं और आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देती हूँ कि उन्होंने शहीद दिवस को इतने अर्थपूर्ण तरीके से मनाया। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री दिनेश फंडन, महानगर उपाध्यक्ष डॉ ज्योति यादव, प्रान्त सोशल मीडिया सहप्रमुख आस्था सिंह, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य पवन राणा, नगर मंत्री ज्योति सहित भारी संख्या में छात्र एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | ADEN/NDLS सेक्शन के अंतर्गत Sr.DEN-III/DLI के क्षेत्राधिकार में 1 X 9.15 मीटर क्लियर स्पैन वाले स्टील गर्डर ब्रिज नंबर 21 के UP & DN GAL और ब्रिज नंबर 14 UP & DN GAL के स्टील गर्डर को PSC स्लैब से बदलना। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 2,58,42,556.90/– (रुपये दो करोड़ अट्ठावन लाख बयालीस हजार पांच सौ छप्पन रुपये और नब्बे पैसे मात्र) |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 2,79,200.00/– (रूपये दो लाख उनासी हजार दो सौ मात्र) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 16.04.2026 को 15.00 तक। |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जाएगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128– W/280/ई–निविदा सूचना/52/2025–26/W-3 दिनांक: 24.03.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1005/26

## उत्तर रेलवे

### किराए के आधार पर कन्वेयर बेल्ट के प्रावधान के लिए सूचना (ईओआई)

नं.: C9/Conveyor Belt/2026 दिनांक: 25.03.2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/एफएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से अस्थायी और प्रायोगिक आधार पर, 02 मूवेबल कन्वेयर बेल्टस को किराये पर लेने हेतु, बेल्टस के ऑपरेटर्स के साथ, 02 दिनों के उपयोग के लिए, वीपी साइडिंग, नयी दिल्ली स्टेशन पर आउटवर्ड तथा इनवर्ड पार्सल पैकेजो की लोडिंग/अनलोडिंग हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है। ये मूवेबल कन्वेयर बेल्टस 40 फीट तक की लम्बाई वाले क्षेत्र को कवर कर पाने में सक्षम होनी चाहिए, जिनके द्वारा न्यूनतम 100 सेमी x 100 सेमी x 100 सेमी के आकार के पार्सल, जिनकी भारक क्षमता 1000 किलोग्राम या उससे अधिक हो को स्कैन किया जा सके तथा उसकी प्रसंस्करण क्षमता प्रति घंटे 200 बैग या उससे अधिक की होनी चाहिए। इस तकनीकी विशिष्टता को ध्यान में रखते हुए इच्छुक पक्ष अपनी रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रस्तुत अभिव्यक्ति की जांच की जाएगी और यदि यह व्यवहारिक पायी जाती है तो आवेदक द्वारा प्रस्तावित दरों को व्यवहार्यता प्रदान की जाएगी।

अधिक जानकारी और अन्य जानकारी के लिए कृपया उत्तर रेलवे की वेबसाइट देखें: www.nr.indianrailways.gov.in या 9717631962 से संपर्क करें।

ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि: **02.04.2026 को 15:00 बजे तक।**

1014/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

:: ई. प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना ::

Main Portal:- http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal:- http://wrd.cgeprocurement.gov.in

-:: शुद्धि पत्र ::-

रायपुर दिनांक 02.03.2026

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10/वलेलि/2025.26, रायपुर,, दिनांक 02.03.2026 एवं सिस्टम निविदा क्रमांक 186191 द्वारा आमंत्रित रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा की बरडीह जलाशय का शीर्ष कार्य एवं मुख्य नहर के दायें तट के आर.डी 0 मी. से आर.डी. 1140 मी. तक बांये तट के आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 1260 मी. तक सी.सी. लाईनिंग के साथ 06 नग व्ही.आर.बी., 01 नग फॉल, 03 नग ड्रेनेज क्रासिंग, 20 नग डायरेक्ट आउटलेट का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) की ऑनलाईन निविदा में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| विवरण | पूर्व में | संशोधित |
|---|---|---|
| 1. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | दिनांक 23.03.2026 समय 17:30 | दिनांक 27.03.2026 समय 17:30 |
| 2. निविदा खोलने की तिथि : | दिनांक 24.03.2026 समय 11:30 | दिनांक 30.03.2026 समय 11:30 |

(निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी)
विज्ञापन क्रमांक - 252607006, दिनांक 03.03.2026

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, रायपुर
कृते, मुख्य अभियंता,
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर, (छ.ग.)

G-252607392/6

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# मूर्ति तीन साल के लिए सेबी के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त




**नई दिल्ली।** सरकार ने के वी रमण मूर्ति को तीन साल के लिए सेबी का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ ही नियामक बोर्ड में अब चारों पूर्णकालिक सदस्यों का पद भर गया है। अन्य तीन पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह, कमलेश चंद्र वार्ष्णेय और संदीप प्रधान हैं। मूर्ति 1991 बैच के भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। मंगलवार देर रात जारी एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, मूर्ति की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) के लिए की गई है।

# वनप्लस इंडिया के सीईओ लियू ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** चीनी मोबाइल फोन विनिर्माता कंपनी वनप्लस इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉबिन लियू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब वह लगातार घट रही बिक्री को फिर से सुधारने की कोशिश कर रही है। कंपनी ने कहा, 'हम रॉबिन के वनप्लस इंडिया में योगदान के लिए उनका धन्यवाद करते हैं। अब वह अपने व्यक्तिगत रुचियों को आगे बढ़ाएंगे।

## शब्द पहेली - 6176



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य–5
4.आज्ञापत्र, पतंगा–4
7.शरीर, बदन–2
8.होशियार, हुनरमंद–3
9.नस, नाड़ी–2
10.तीर रखने का पात्र–4
11.गधा, गर्दभ–2
13.जो बंदी हो–3
14.पत्नी, भार्या–2
15.दृष्टि, निगाह–3
17.खैरात, दक्षिणा–2
19.अपने ही घर में कैद होना–5
22.भाग्यवाला–5
25.जी, इच्छा–2
26.तन, काया–3
28.दुनिया, संसार–2
29.वेतन–3
30.भीगा हुआ–2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी–4
34.परिणाम,हल,फ्रूट–2
36.सचेग–3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म–2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी–4
39.निरस्त करना–2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म–2
2.रवि, सूर्य–3
3.तमाशा देखनेवाले–5
4.परीक्षण,जांच–3
5.सप्ताह का दिन–2
6.जो नापसंद हो (उर्दू–4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म–2,3
10.भाग्य,किस्मत–4
12.क्रिकेट में बनते हैं–2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म –3
17.खुजली–2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना–2
20.आवश्यक–3
21.कैदी, बंधक–2
22.इसाई साध्वी–2
23.बालकपन–4
24.असावधान–5
25.महासमुद्र–5
26.सज्जनता, भद्रता–4
27.अभिषेक की फिल्म–2
31.मुद्दा (उर्दू–3)
33.वाचन करनेवाला–3
35.उद्देश्य–2
37.आगमन,आने का भाव–2

### शब्द पहेली- 6175 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | म्बा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | य | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |



# हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिपः राखी, भूमि, काफी और सोनिका ने फाइनल में जगह बनाई

## खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, जमकर पंच बरसाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में आयोजित 5वीं जूनियर बालक एवं बालिका हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन बुधवार को रिंग में जबरदस्त रोमांच और तकनीकी कौशल का संगम देखने को मिला। सेमीफाइनल मुकाबलों के दौरान प्रदेश भर के मुक्केबाजों ने फाइनल का टिकट कटाने के लिए अपना पूरा दमखम लगा दिया। 44-46 किलोग्राम भार वर्ग में साई-बी की राखी ने हिसार की निश्छल को हराया, जबकि रोहतक-बी की भूमि ने कैथल की अनु को शिकस्त दी। 46-48 किलोग्राम वर्ग में रोहतक-ए की काफी ने फरीदाबाद की हिमानी रानी पर जीत दर्ज की और भिवानी की सोनिका ने साई-बी की दिव्या को मात दी। प्रतियोगिता के तीसरे दिन विश्व कप विजेता मुक्केबाज नुपूर श्योराण और उनके पिता संजय श्योराण, पूर्व विधायक बलवंत सिंह मायना (इनेलो), कुश्ती खिलाड़ी सत्यपाल प्रधान, प्रवेश नांदल, विकास ढाका और इनेलो सैनिक जिला अध्यक्ष रामभगत लाकड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

नुपूर श्योराण ने कहा कि जूनियर स्तर पर इस तरह की प्रतियोगिताएं मुक्केबाजों की नींव मजबूत करती हैं। हरियाणा की मिट्टी में बॉक्सिंग रची-बसी है, बस अनुशासन और निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। संजय श्योराण ने कहा कि खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए। रिंग में दिखाया गया हर पंच आपको भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है।

बलवंत सिंह मायना ने कहा कि खेल युवाओं को नशे और गलत आदतों से दूर रखते हैं। हरियाणा की खेल नीति और यहाँ के कोचों की मेहनत ही है कि आज दुनिया में हमारे खिलाड़ियों का डंका बज रहा है। रामभगत लाकड़ा ने कहा कि खिलाड़ियों की सुख-सुविधाओं और सही प्लेटफॉर्म मिलने से प्रतिभाएं और निखरेंगी। हरियाणा बॉक्सिंग संघ का यह प्रयास सराहनीय है। प्रवेश नांदल ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण की पाठशाला है। विकास ढाका ने कहा कि मुक्केबाजी में तकनीक के साथ-साथ मानसिक मजबूती भी उतनी ही जरूरी है। रिंग में हर मुक्केबाज का जुनून यह साबित कर रहा है कि हरियाणा का खेल भविष्य सुरक्षित हाथों में है।





### जीत और हार खेल के दो पहलू हैं, लेकिन रिंग में आपका अनुशासन और जुझारूपन ही आपको एक सच्चा खिलाड़ी बनाता है : मेजर सत्यपाल सिंधु



हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने जूनियर मुक्केबाजों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ का मुख्य लक्ष्य जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को तराशना है। उन्होंने कहा कि 5वीं जूनियर स्टेट चैंपियनशिप केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भविष्य के ओलंपिक विजेताओं की नर्सरी है। मेजर सिंधु ने बताया कि संघ पूरी पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ इन मुकाबलों का आयोजन कर रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के मुक्केबाजों को भी आधुनिक रिंग और सुविधाओं का अनुभव मिल सके। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीत और हार खेल के दो पहलू हैं, लेकिन रिंग में आपका अनुशासन और जुझारूपन ही आपको एक सच्चा खिलाड़ी बनाता है। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि इस चैंपियनशिप से निकले मुक्केबाज आने वाले समय में न केवल हरियाणा, बल्कि पूरे विश्व में भारत का तिरंगा फहराएंगे। संघ का प्रयास है कि हर प्रतिभावान मुक्केबाज को सही मंच और कोचिंग उपलब्ध कराई जाए।

**लड़कियों के मुकाबले**

48-50 किलोग्राम वर्ग में साई-बी की प्राची ने रेवाड़ी की साक्षी को, जबकि रोहतक-बी की खुशी ने रोहतक-ए की दिया को हराया। 50-52 किलोग्रामवर्ग में यमुनानगर की पायल ने भिवानी की महक रानी को और हिसार की वंशिका ने महेंद्रगढ़ की ज्योति को पराजित किया। 52-54 किलोग्राम वर्ग में जींद की अन्नू ने रोहतक-बी की प्रिंसी को और हिसार की अंजलि ने साई-बी की लक्षिता समोता को हराया। 54-57 किलोग्राम वर्ग में हिसार की साक्षी ने रोहतक-ए की आरती को और झज्जर की मोनिका ने पानीपत की नविता को मात दी। 57-60 किलोग्रामवर्ग में झज्जर की कोमल ने पलवल की मानवी को, जबकि साई-एच की तनु ने चरखी दादरी की दीक्षा को हराया। 60-63 किलोग्राम वर्ग में चरखी दादरी की खुशी ने साई-बी की दिया को और फतेहाबाद की सुमन रानी ने कैथल की महक ढुल को शिकस्त दी। 63-66 किलोग्राम वर्ग में साई-बी की सृष्टि ने पानीपत की खनक को और कैथल की वंशिका ने यमुनानगर की वंशिका को हराया। 66-70 किलोग्रामवर्ग में रोहतक-ए की पवनी ने भिवानी की जिविका को और फतेहाबाद की सुखरीत ने गुरुग्राम की हिमांशी को मात दी। 70-75 किलोग्रामवर्ग में गुरुग्राम की दिव्यांशी ने पानीपत की भूमिका को और पंचकूला की राधिका शर्मा ने रेवाड़ी की ज्योति को हराया। अंत में 75-80 किलोग्राम वर्ग में चरखी दादरी की वंशिका ने गुरुग्राम की आशिमा को और पंचकूला की अदिति ने झज्जर की रितु को पराजित कर अगले दौर में जगह बनाई।

**जूनियर बॉयज**

लड़कों के 44-46 किलोग्राम भार वर्ग में चरखी दादरी के उदय सिंह ने सिरसा के राज को और साई-एच के चिराग ने रोहतक-ए के अंश को हराया। 46-48 किलोग्राम वर्ग में साई-बी के शिवम ने जींद के दीपांशु को और फतेहाबाद के सचिन ने रोहतक-बी के दक्ष को मात दी। 48-50 किलोग्राम वर्ग में हिसार के नैतिक ने झज्जर के यश यादव को और साई-बी के गौरव ने फतेहाबाद के गुरप्रीत को हराया। 50-52 किलोग्राम वर्ग में रोहतक-ए के हितेश ने हिसार के तरुण को और साई-बी के देव ने पानीपत के अंशु को पराजित किया। 52-54 किलोग्राम वर्ग में रोहतक-बी के रवि सिहाग ने झज्जर के नितिन को और साई-बी के यश ने कैथल के पारस को हराया। 54-57 किलोग्राम वर्ग में रोहतक-बी के तन्मय ने यमुनानगर के तेजस श्योराण को और सोनीपत के गुरमेल ने हिसार के संचित जयानी को मात दी। 57-60 किलोग्राम वर्ग में साई-बी के नमन सैनी ने गुरुग्राम के पुनीत को और रोहतक-बी के लक्षय बुधवार ने करनाल के पार्थ शर्मा को हराया। 60-63 किलोग्राम वर्ग में सोनीपत के गौरव ने रोहतक-ए के विरेन को और पलवल के देव ने रोहतक-बी के कदम को शिकस्त दी।

## खबर संक्षेप

### गांगुली बने जैकसन समूह के ब्रांड दूत



**नोएडा।** ऊर्जा और बुनियादी ढांचा समूह जैकसन ग्रुप ने भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अपना पहला ब्रांड दूत बनाया है। गांगुली इस करार के तहत जैकसन समूह के प्रमुख ब्रांड अभियानों और रणनीतिक पहल में कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे। गांगुली ने इस मौके पर कहा, 'वितरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, हरित अणु और बुनियादी ढांचे जैसे ऊर्जा, मेट्रो, सिविल और पानी को लेकर जैकसन का विजन सामयिक और प्रभावी है। मैं एक ऐसे ब्रांड के साथ जुड़कर उत्साहित हूं, जो भारत के ऊर्जा बदलाव और एक हरित भविष्य में सार्थक योगदान दे रहा है।'

### जोखिम लेकर नहीं खेले पंत : फाफ डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए और उन्होंने यह भी कहा कि जोखिम लेकर खेलने की बजाय उन्हें आगामी आईपीएल में निरंतरता पर फोकस करना चाहिए। पंत ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करके पिछले सत्र में चौथे नंबर से सलामी बल्लेबाज के तौर पर और फिर निचले क्रम पर भी बल्लेबाजी की।

## 28 मार्च से धमाकेदार शुरुआत, 31 मई को फाइनल

# आईपीएल 2026: अब तक का सबसे बड़ा सीजन, 84 मैचों का महामुकाबला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू होने वाला है। फ़ाइनल मैच 31 मई को खेला जाएगा। यह अब तक का सबसे बड़ा आईपीएल सीजन होगा, जिसमें 10 टीमों के बीच 84 मैच खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा।

### अभी तक पूरा शेड्यूल जारी नहीं

अप्रैल और मई के दौरान पाँच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें बंगाल, तमिलनाडु और असम शामिल हैं—ये ऐसे राज्य हैं, जहां आईपीएल मैच भी खेले जाते हैं। इसलिए, अब तक केवल पहले 20 मैचों का शेड्यूल जारी किया गया है, जो 28 मार्च से 12 अप्रैल के बीच खेले जाएंगे।

### 10 टीमें लेंगी हिस्सा

लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स शामिल हैं।



**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर डिफेंडिंग चैंपियन**

आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर उतरेगी। आरसीबी ने पिछले सीज़न में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला आईपीएल ख़िताब जीता था। टीम ने 2025 के फ़ाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रनों के अंतर से हराया था।

### इस सीज़न में नए नियम

मैच के दिनों में कोई प्रैक्टिस नहीं: किसी भी टीम को मैच के दिन नेट प्रैक्टिस करने की इजाज़त नहीं होगी। इसके अलावा, किसी भी टीम को दूसरी टीम के प्रैक्टिस नेट इस्तेमाल करने की इजाज़त नहीं है। भले ही कोई टीम अपना प्रैक्टिस सेशन जल्दी खत्म कर ले, फिर भी दूसरी टीम को उस खास पिच का इस्तेमाल करने की इजाज़त नहीं होगी। खिलाड़ी और टीम का अनुशासन: सभी स्टाफ़ सदस्यों को हर समय अपना आईडी कार्ड अपने साथ रखना होगा। जिन बच्चों और परिवार के सदस्यों के पास ज़रूरी इजाज़त नहीं है, उन्हें डगआउट या खेलने के मैदान में जाने की सख्त मनाही है।

### सबसे महंगे खिलाड़ी

आईपीएल 2026 की नीलामी के दौरान, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे, जिन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ में खरीदा। वहीं, बिना कैप वाले भारतीय खिलाड़ियों में प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा को चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा।




### 13 शहरों में खेले जाएंगे मैच

2026 के आईपीएल सीजन के लिए, भारत के 13 अलग-अलग शहरों में मैच खेले जाएंगे। हिस्सा ले रही 10 टीमों में से सात ने अपना एक-एक घरेलू मैदान चुना है, जबकि बेंगलुरु, पंजाब और राजस्थान ने अपने लिए दो-दो घरेलू मैदान तय किए हैं। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में 13 साल के अंतराल के बाद आईपीएल का कोई मैच खेला जाएगा। आरसीबी ने इस स्टेडियम को अपने दूसरे घरेलू मैदान के तौर पर चुना है। रायपुर स्टेडियम में पिछला आईपीएल मैच 2013 में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया था।

# गॉफ पहली बार मियामी ओपन के सेमीफाइनल

### अब कैरोलिना मुचोवा से मुकाबला



एजेंसी ▶▶ मियामी

कोको गॉफ ने पहली बार मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गॉफ ने क्वार्टर फाइनल में बेलिंडा बेनकिक को हराया। दो घंटे 15 मिनट तक 3 सेट में चले इस मुकाबले को गॉफ ने 6-3, 1-6, 6-3 से जीता।

गॉफ ने मुकाबले की शुरुआत जबरदस्त अंदाज में की, और आक्रामक तरीके से शुरू में ही मैच में नियंत्रण स्थापित कर लिया। उन्होंने शुरुआती स्टेज में सर्व तोड़ी और पहले सेट में अपने सभी आठ नेट पॉइंट जीत लिए। मजबूत सर्व और सटीक शॉट-मेकिंग के दम पर, उन्होंने पहला सेट 51 मिनट में आराम से जीत लिया। हालांकि, बेनकिक ने दूसरे सेट में जोरदार जवाब दिया। स्विस खिलाड़ी ने अपनी गलतियां कम की और रैलियों को ज्यादा असरदार तरीके से नियंत्रित किया। बेनकिक ने दूसरा सेट 30 मिनट से भी कम समय में जीतकर मैच में वापसी की।

### आखिरी सेट में कड़ा मुकाबला

आखिरी सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। गॉफ को सर्व करते समय एक अहम पल का सामना करना पड़ा। उन्होंने मुकाबले में बने रहने के लिए एक ब्रेक पॉइंट को रोका। थोड़ी सी चूक और छूटे हुए मौकों पर साफ दिख रही निराशा के बावजूद, उन्होंने इस पल को एक टर्निंग पॉइंट के तौर पर इस्तेमाल किया। गॉफ ने ब्रेक लेकर 3-3 से बराबरी कर ली और फिर से नियंत्रण बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने अहम मौकों का फायदा उठाया, मजबूत सर्व दिए और चालाकी से शॉट चुने, जिसमें एक अहम ड्रॉप शॉट भी शामिल था। उन्होंने मैच में सर्व करते हुए अपना धैर्य बनाए रखा और वापसी पूरी की। इस जीत से गॉफ अपने करियर में पहली बार मियामी सेमीफाइनल में पहुंची हैं। उनका सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी का चेक खिलाड़ी के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड शानदार है। गॉफ ने मुचोवा के खिलाफ पिछले सभी 5 मैच जीते हैं।

## द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 33 रन से हराया, सीरीज 3-2 से की अपने नाम

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** कॉनर एस्टरहाइजन के 33 गेंदों पर करियर के सर्वश्रेष्ठ 75 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने खेले गए पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 33 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से अपने नाम कर ली। एस्टरहाइजन का यह लगातार दूसरा अर्धशतक है। उन्होंने पिछले मैच में 57 रन की पारी खेलकर करियर का पहला पचासा जड़ा था। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 187 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी। साउथ अफ्रीकी टीम ने आखिरी 10 ओवर में 111 रन जोड़े, जिसमें एस्टरहाइजन और डियान फॉरेस्टर (13 गेंदों में नाबाद 21) ने चौथे विकेट के लिए महज 27 गेंदों में 61 रन की साझेदारी की। दाएं हाथ के 24 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्के जड़े। उन्हें 49 रन के स्कोर पर जैक फोक्स की गेंद पर बेवोन जैकब ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पारी में 47 डॉट गेंदें खेलीं, लेकिन टीम ने इसकी भरपाई 15 चौकों और 10 छक्कों से की।

## टी-20 रैंकिंग : अभिषेक की बादशाहत बरकरार, रॉबिन्सन चढ़े दो पायदान ऊपर

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के अभिषेक शर्मा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। वह फिलहाल हमवतन ईशान किशन से आगे चल रहे हैं। हालांकि, भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज टिम रॉबिन्सन उन चुनिंदा बल्लेबाजों में से एक रहे, जिन्होंने रैंकिंग में सुधार किया। वेलिंगटन में 32 रनों की पारी खेलने के बाद वह 2 पायदान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को फायदा

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुषों की आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को फायदा मिला है। इस लिस्ट में चार कीवी तेज गेंदबाजों ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज के शुरुआती चार मुकाबले उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन के कारण रैंकिंग में काफी फेरबदल हुआ। अनुभवी तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन को इसका सबसे ज्यादा फायदा मिला। फर्ग्यूसन ने ऑकलैंड में मैच जिताऊ स्पेल डाला था। उन्होंने महज 9 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

## एमिलिया का बड़ा कारनामा बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के स्टार महिला क्रिकेटर एमिलिया केर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5वें टी20 में शतकीय पारी के साथ ही इतिहास रच दिया। एमिलिया केर ने 55 गेंद में 105 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 19 चौके और 1 छक्का भी लगाया। इसके साथ ही एमिलिया ने टी20 क्रिकेट में लगातार 11वीं बार 30 या उससे अधिक रनों की पारी खेलकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। एमिलिया महिला और पुरुष दोनों को मिलाकर दुनिया की पहली ऐसी क्रिकेटर बनी हैं, जिन्होंने टी20 में ये अनोखा कारनामा किया है। इस मामले में उन्होंने श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और रोमानिया की रेबेका ब्लेक का रिकॉर्ड तोड़ा है। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने टी20 में लगातार 9-9 बार 30 प्लस स्कोर बनाने का कारनामा किया है। इस मैच में साउथ अफ्रीका को बैकफुट पर धकेल दिया और न्यूजीलैंड ने यह मैच जीतकर सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली।

## एशिया कप : भारतीय तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन, फाइनल में पहुंचे चार खिलाड़ी

**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते जबकि पुरुष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पर्धाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था लेकिन इस बार फाइनल खेलकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229-226 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा। वहीं, पुरुष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233-234 से पराजय मिली। कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 234-232 से हराया। वहीं, रिकर्व वर्ग में भारतीय पुरुष टीम मलेशिया को 5-1 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। भारत के देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार ने एक भी सेट गंवाए बिना जीत दर्ज की। अब उनका सामना कजाखस्तान से होगा। महिला रिकर्व टीम की तिकड़ी रुमा बिस्वास, कीर्ति और रिद्धि फोर ने मलेशिया को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।



## गुरिंदरवीर ने 60 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता

**भुवनेश्वर (भाषा)।** पंजाब के फर्राटा धावक गुरिंदरवीर सिंह ने राष्ट्रीय इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुरुआती सत्र के आखिरी दिन बुधवार को पुरुषों की 60 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में जीत के दावेदार अनिमेश कुजुर को नाटकीय फाइनल में अयोग्य कर दिया गया। दो दिन के चैंपियनशिप का समापन पुरुषों की 60 मीटर फाइनल से हुआ, जिसमें रिलायंस फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व कर रहे गुरिंदरवीर सबसे तेज धावक के रूप में उभरे। पच्चीस साल के गुरिंदरवीर इससे पहले 100 मीटर आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी रह चुके हैं। उन्होंने 6.60 सेकंड का समय निकाला और तामिलनाडु की एलकिया दसन के 2018 से कायम 6.67 सेकंड के राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) हालांकि इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड की आधिकारिक सूची नहीं रखता है। इस दौड़ में तीन बार फॉल्स्टार्ट (संकेत मिलने से पहले दौड़ शुरू कर देना) हुए, जिसमें तीसरे फॉल्स्टार्ट पर स्थानीय धावक अनिमेश कुजुर को रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे 17,000 क्षमता वाले कालींगा स्टेडियम परिसर में मौजूद दर्शक स्तब्ध रह गए। अनिमेश 100 मीटर और 200 मीटर आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी हैं, मैदान छोड़ते समय अधिकारियों से बातचीत करते दिखे। ओडिशा के लालू प्रसाद भौई 6.65 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि हरियाणा के नुजरत 6.71 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। फॉल्स्टार्ट के कारण अनिमेश के अलावा ओडिशा के डोंडापाटी मृत्यम और कर्नाटक के नेहल सागर भी डिसक्वालीफाई हुए।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है–

| क्र. सं. | ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|---|
| 1. | Parking-10-2026 | 10.04.2026 को 11:00 बजे | पानीपत (कार) (प्रथम प्रवेश), कुरुक्षेत्र (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर), मुराद नगर, रोहतक (द्वितीय प्रवेश), बरेटा, बुढलाडा, करनाल (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर–कार), मेरठ कैंट, खेकड़ा (परिसंचरण क्षेत्र), थानेसर, सांपला (मुख्य प्रवेश), सांपला (द्वितीय प्रवेश), कुरुक्षेत्र (प्रथम प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर–कार) = कुल 13 साइटें। |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता **4.** आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी :** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055; **Email:** pkg.delhidivision@gmail.com, **Tel:** 011-23743084

**सं.: 23AC/393/E-Auction/PKG/2026 दिनांक: 25.03.2026** **1015/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## पश्चिम एशिया में ईरान ने दिखाई फिर अपनी ताकत

# अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर दागी बैलिस्टिक मिसाइल, कहा- 'रेंज में आते ही इसे पूरी तरह ध्वस्त कर देंगे'



कुवैत एयरपोर्ट पर ईरान का हमला



शाहराम ईरानी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने भूमध्यमहासागर में अमेरिका के युद्धपोत (5वें बेड़े) यूएसएस अब्राहम लिंकन को एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल के हमले में निशाना बनाया है। एक वीडियो में ईरानी मिसाइल अब्राहम लिंकन पर जोरदार हमले करते देखी जा रही है। ईरान ने इसके साथ ही अमेरिका को सख्त चेतावनी भी दी है। ईरान की नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल शहराम ईरानी ने अमेरिकी विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को लेकर सख्त चेतावनी दी है। ईरानी नौसेना प्रमुख ने कहा है कि ईरानी नौसेना लगातार इस जहाज की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। हम यूएसएस अब्राहम लिंकन की हर हलचल को लगातार मॉनिटर कर रहे हैं। एक बार इसके हमारे रेंज में आने भर की देरी है, उसके बाद तुरंत इस युद्धपोत को ध्वस्त कर दिया जाएगा। ईरानी नौसेना कमांडर ने चेतावनी दी कि कोई भी शत्रुतापूर्ण गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी भूमि, समुद्री क्षेत्र और संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

*एडमिरल ईरानी ने कहा कि दुश्मन को हमारी इच्छाशक्ति और सैन्य क्षमता को कम नहीं आंकना चाहिए। ईरान की नौसेना अत्याधुनिक मिसाइलों और तटीय हमले वाले हथियारों से लैस है, जो किसी भी बड़े युद्धपोत को निशाना बना सकती है*

- *ईरान बोला- युद्धपोत की हर गतिविधि पर पैनी नजर*
- *कोई भी शत्रुतापूर्ण गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी*
- *ईरान अपनी भूमि और समुद्री क्षेत्र की रक्षा के लिए तैयार*



अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम फाइल फोटो

### हमारी सैन्य क्षमता को कम न आंके अमेरिका

*एडमिरल ईरानी ने कहा कि दुश्मन को हमारी इच्छाशक्ति और सैन्य क्षमता को कम नहीं आंकना चाहिए। ईरान की नौसेना अत्याधुनिक मिसाइलों और तटीय हमले वाले हथियारों से लैस है, जो किसी भी बड़े युद्धपोत को निशाना बना सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप यदि ईरानी जल क्षेत्र या मिसाइल रेंज के करीब आया तो उसे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। एडमिरल ईरानी ने कहा कि जैसे हमने पहले दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया, वैसे ही अब भी हम तैयार हैं। हमारी नौसेना किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने ईरानी सेना की एकता और मजबूती का जिक्र करते हुए कहा कि पूरा ईरान एकजुट होकर अपनी रक्षा करेगा।*

### इजराइली हमले में दक्षिणी लेबनान में दो जगह पर 9 लोगों की मौत

दक्षिणी लेबनान में इजराइल के हमले में नौ लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलिस्तीनी शरणार्थी कैंप पर हुए हमले में छह लोगों की मौत हुई और एक अन्य जगह पर हुए हमले में तीन अन्य की मौत हुई है। इजराइली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी इलाकों में बमबारी की है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीती 2 मार्च से इजराइली हमलों में लेबनान में 1072 लोग मारे गए हैं।



ईरान के तबरीज शहर पर इजराइल का हमला

### हिजबुल्ला ने इजराइल पर 30 रॉकेट दागे

लेबनान और ईरान की बीच मतभेदों के बीच हिजबुल्ला ने बुधवार को इजराइल पर करीब 30 रॉकेट्स दागे। ये हमले इजराइल के साफेद शहर में किए गए, जिसके बाद साफेद में सायरन की आवाजें सुनी गईं। वहीं, इजराइल के उत्तर में कीर्यात श्मोना शहर और आसपास के क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी दी गई। लेबनान से छोड़े गए प्रोजेक्टाइल के बाद शहर में सायरन बज उठे। एक निर्माणाधीन घर को नुकसान पहुंचा, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इससे पहले ईरान और हिजबुल्ला द्वारा किए गए मिसाइल हमले में उत्तर इजराइल में एक व्यक्ति की मौत हुई और तेल अवीव के पास के शहरों बनेई बराक और गवत शमूएल में कम से कम 12 लोग घायल हुए थे।

#### ईरान ने जारी रखे हमले

### कुवैत एयरपोर्ट पर ड्रोन हमला, फ्यूल टैंक में लगी आग, सीमित नुकसान

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले के बाद फ्यूल टैंक में आग लग गई। कुवैत सिविल एविएशन प्राधिकरण ने इसकी पुष्टि की है। प्रवक्ता अब्दुल्ला अल-राजही ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और नुकसान संपत्ति तक ही सीमित रहा। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट पर आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया। फायर ब्रिगेड और अन्य संबंधित एजेंसियां मौके पर आग बुझाने में जुटी हैं।

### जॉर्डन-सऊदी अरब में मिसाइल और ड्रोन हमला

जॉर्डन की राजधानी अमान के दक्षिण में कम आबादी वाले इलाके में मिसाइल के टुकड़े गिरने की घटना सामने आई। सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय के प्रवक्ता के अनुसार, किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। जॉर्डन के अधिकारी कहते हैं कि युद्ध की शुरुआत से अब तक देशभर में सैकड़ों मिसाइल टुकड़े गिर चुके हैं। सऊदी अरब ने भी सुरक्षा बढ़ा दी है। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उनके एयर डिफेंस सिस्टम ने देश के पूर्वी प्रांत में एक बैलिस्टिक मिसाइल और कम से कम छह ड्रोन को मार गिराया।

#### इजराइल सेना का ईरान पर हमला

### इस्फहान में हथियार निर्माण केंद्रों पर हमले

इजराइल सेना ने ईरान के इस्फहान में स्थित सैन्य और हथियार निर्माण केंद्रों पर व्यापक हवाई हमले किए। सेना के बयान के अनुसार, यह हमला ईरान के सबसे महत्वपूर्ण विस्फोटक उत्पादन संयंत्र को निशाना बनाकर किया गया, जिसका इस्तेमाल विभिन्न हथियारों के निर्माण में होता था। इस हमले में मिसाइल लॉन्च साइट, हथियार निर्माण केंद्र और वायु रक्षा प्रणाली सहित दर्जनों लक्ष्य ध्वस्त किए गए, और 120 से अधिक हथियारों का उपयोग किया गया। ईरान ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### बुशहर परमाणु संयंत्र पर मिसाइल गिराई

ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र पर भी प्रक्षेपास्त्र गिरने की खबर मिली है। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन ने बताया कि हमला किसी वित्तीय, तकनीकी या मानव नुकसान के बिना संपन्न हुआ। संगठन ने चेतावनी दी कि शांतिपूर्ण परमाणु केंद्रों पर हमले अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक हैं।

### तेहरान में भी धमाके

ईरान की राजधानी तेहरान के पूर्व में भी धमाके सुनाई दिए। लगातार बमबारी के कारण कई आवासीय इमारतें और एक स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### जरूरत पड़ने पर और तेल रिजर्व जारी करेंगे



पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर वह अपने अतिरिक्त तेल भंडार जारी करने के लिए तैयार है। आईईए के कार्यकारी निदेशक फातिह बिरोल नेबुधवार को टोक्यो में जापान की पीएम साने ताकाइची के साथ बैठक के बाद कहा कि एजेंसी वैश्विक सप्लाई में संभावित कमी से निपटने के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि दूसरी इमरजेंसी ऑयल रिलीज की तैयारी रखी जा रही है। आईईए इस महीने 400 मिलियन बैरल तेल जारी करने की घोषणा कर चुका है, जो उसके इतिहास की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है। बिरोल ने कहा कि एजेंसी के पास अभी भी लगभग 80 प्रतिशत भंडार सुरक्षित है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कदम उठाए जाएंगे।

## बुधवार को आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में बोलीं केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

### पेट्रोल पंपों पर लगी हुई लाइन के साथ देखी घबराहट में की गई खरीद...

# भारत के पास पर्याप्त मात्रा में मौजूद है पेट्रोल-डीजल, अफवाहों से बनाएं सख्त दूरीः सुजाता शर्मा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही लड़ाई से उपजे तनाव के दौर में भारत में एलपीजी के मामले पर चिंता बरकरार है। सरकार बेहद तेजी के साथ घरेलू और आम उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी कनेक्शन की ओर मोड़ने को लेकर प्रयासरत है। इन सबके बीच उसने ये भी स्वीकार किया है कि बीते 48 घंटे में कई क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों और रिटेल आउटलेट पर लोगों की लंबी लाइन देखी गई है। जिसमें वो घबराहट में तेल खरीद कर रहे थे। जिसे लेकर पुनः विश्वास जताते हुए केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल पंपों पर सप्लाई करने वाले टर्मिनल पर भी तेल का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मौजूद है। हमारी सभी तेल रिफाइनरियां अपनी उच्चतम क्षमता के साथ उत्पादन का स्तर बनाए हुए हैं। उनके पास सालाना कुल 36 करोड़ टन कच्चे तेल को रिफाइन करने की क्षमता है। एलपीजी का घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाया गया है। इसलिए आम जनता से ये अपील है कि वो किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें, घबराहट में सिलेंडर की बुकिंग करने या पेट्रोल पंपों पर लाइन लगाने से बचें। सिलेंडर की डिलीवरी घर पर ही की जाएगी। उसके लिए ऑनलाइन बुकिंग ही करें।

- पेट्रोल और डीजल की कीमतों में सरकार ने नहीं की है कोई बढ़ोतरी
- देश की तेल रिफाइनरियां सालाना 36 करोड़ टन तेल को रिफाइन करने की क्षमता रखती हैं
- दिल्ली में पीएनजी कनेक्शन के लिए जारी हुआ आदेश, खत्म किया गया रोड रेस्टोरेशन चार्ज
- पाइपलाइन बिछाने के लिए 24 घंटे काम करने की दी गई है अनुमति



### पीएनजी के लिए दिए 2.50 लाख कनेक्शन

उन्होंने कहा कि मामले में हमारी प्राथमिकता आज भी घरेलू उपभोक्ता और उनकी तमाम जरूरतों को हर हाल में पूरा करना ही बना हुआ है। इसके अलावा घरेलू पीएनजी कनेक्शन भी इसी सूची में शुमार हैं और उनके लिए भी गैस की 100% सप्लाई जारी है। यातायात के लिए दी जाने वाली सीएनजी भी उपभोक्ताओं को उक्त आधार पर उपलब्ध कराई जा रही है। एलपीजी पर दबाव के मध्य सरकार की पूरी कोशिश पीएनजी के देश में विस्तार पर केंद्रित है। इस दिशा में कई कदम उठाए हैं। बीते करीब 25 दिनों में ढाई लाख नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं। इन लोगों को गैस की सप्लाई शुरू हो गई है। इतनी ही तादाद में नए आवेदन भी प्राप्त हुए हैं। वहीं, अब तक एलपीजी से पीएनजी पर आ चुके उपभोक्ताओं का आंकड़ा 2 लाख 20 हजार पर पहुंच गया है। पीएनजी कनेक्शन को बढ़ाने के लिए सरकार ने बीते 24 मार्च को एक और गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। जिसका उद्देश्य सभी राज्यों में पीएनजी कनेक्शन से संबंधित आवेदनों की फीस, अनुमति की समय सीमा की प्रक्रिया को सुचारू बनाने का है। इन सभी कदमों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं।

### दिल्ली की अहम पहल

*उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी एक आदेश जारी किया गया है, जिसमें पीएनजी कनेक्शन के लिए रोड़ रेस्टोरेशन चार्ज खत्म कर दिया गया है और पाइपलाइन बिछाने के लिए 24 घंटे काम की अनुमति दे दी गई है। कई अन्यों ने भी इसी तरह के बड़े कदम उठाए हैं। बहुत सारी तेल कंपनियां कई इंसेंटिव दे रही हैं। जिनमें 500 रुपए तक की मुफ्त गैस, सिक्योरिटी डिपॉजिट खत्म करना शामिल है। पीएनजीआरबी ने बिडिंग के जरिए सीजीडी को देश में 307 जगहों पर पाइपलाइन बिछाने का निर्देश दिया है। गजट में भी सरकार दोबारा प्रयास कर रही है। जिसमें जहां नेटवर्क है, वहां गैस इकाइयों को सरकार लिखित में रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा सूचना देगी। जिसके तीन महीने के भीतर उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट होना पड़ेगा।*

### 2 हजार 700 रेड हुई, जब्त किए 2 हजार सिलेंडर

*सुजाता के मुताबिक, आज के समय में केंद्र, राज्य सरकारों की यही कोशिश है कि जमाखोरी और कालाबाजारी को रोका जाए। इस मामले में राज्यों की भूमिका अहम हो जाती है। बीते 24 मार्च तक देश में 2 हजार 700 रेड हुई हैं। जबकि 2 हजार सिलेंडर जब्त किए गए हैं। उत्तर-प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ में भी बड़ी तादाद में रेड की गई हैं और सिलेंडर भी जब्त किए गए हैं। तेल कंपनियों द्वारा औचक निरीक्षण जारी हैं। जिनमें अभी तक कुल 290 कारण बताओं नोटिस जारी किए जा चुके हैं।*

### खाड़ी में 20 जहाजों पर सुरक्षित हैं 540 नाविक

*केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, खाड़ी क्षेत्र से बीते 24 घंटे में किसी भारतीय जहाज और नाविक के संबंध में किसी प्रकार की कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। अभी फारस की खाड़ी के इलाके में हमारे कुल 20 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में 540 नाविक सुरक्षित हैं। डीजी शिपिंग लगातार हालात की निगरानी कर रहे हैं। कंट्रोल रूम के पास आए 200 फोन कॉल और 500 ईमेल का जवाब दिया गया है। पिछले 24 घंटे में 50 नाविकों को अलग-अलग जगहों से सुरक्षित देश वापस लाया गया है। जिसमें भारतीय मिशन का अहम योगदान है। वहीं, हमारे सभी बंदरगाहों पर सामान्य रूप से कामकाज जारी है। कहीं पर भी भीड़भाड़ की स्थिति नहीं है। गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर एक सर्कुलर जारी किया गया है। जिसमें मध्य-पूर्व वाले कंटेनरों को 15 दिन की मुफ्त स्टोरेज दी गई है। रिफल प्लग-इन चार्जेज को 80 फीसदी हटा दिया है। लिफ्ट ऑन, आफ और यातायात के चार्जेज को भी हटाया गया है। साथ ही बेक टू टाउन कंटेनर के लिए 15 दिन का मुफ्त स्टोरेज दिया गया है। मंत्रालय लगातार शिपिंग गतिविधियों, बंदरगाहों के ऑपरेशन, समुद्री नाविकों व व्यापार की स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जल्द ही एलपीजी की खेप लिए हुए दो अन्य जहाज देश पहुंचेंगे। दो पहले ही आ चुके हैं।*

### एलपीजी की 92% बुकिंग ऑनलाइन

*शर्मा ने बताया कि एलपीजी के संबंध में भी किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास कोई कमी नहीं है। ऑनलाइन बुकिंग करीब 92 फीसदी के साथ अच्छी बनी हुई है। सोमवार तक सिलेंडरों की बुकिंग 58 लाख थी। लेकिन इनकी डिलीवरी भी पूरी तरह सामान्य है। 21 मार्च को केंद्र ने राज्यों के लिए कमर्शियल एलपीजी की मात्रा 20 से बढ़ाकर 50 फीसदी तक कर दिया था। जिसमें राज्यों से ढाबे, होटलों, इंडस्ट्रियल कैंटीन, सामुदायिक किचन, सब्सिडाइज कैंटीन को प्राथमिकता देने को कहा गया था। प्रवासी मजदूरों को 5 किलोग्राम सिलेंडर प्राथमिकता से देने पर जोर दिया गया है। इसी के तहत लगभग 26 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों तथा तेल कंपनियों ने देश में 22 हजार टन कमर्शियल एलपीजी वितरित की है। साथ ही 5 किलोग्राम वजन के कुल 30 हजार सिलेंडर दिए गए हैं। केरोसीन के संबंध में सरकार ने वैकल्पिक ईंधन के तहत राज्यों के लिए अतिरिक्त आवंटन किया है। 16 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों ने इसे लेकर आवंटन आदेश जारी किए हैं। देश में 60 लाख उपभोक्ताओं तक पीएनजी नेटवर्क पहुंच गया है और उन्हें कनेक्शन दिए जा सकते हैं।*

### नासा ने अपने सबसे ड्रीम प्रोजेक्ट 'लूनर गेटवे' पर लगाया ब्रेक

# अब चांद पर बनाएगा करीब 1.6 लाख करोड़ रुपए का आलीशान बेस!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस एजेंसी नासा ने अपने अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'लूनर गेटवे' पर फिलहाल ब्रेक लगा दिया है। वाशिंगटन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान नासा के नए



प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने साफ किया कि नासा अब अपना पूरा ध्यान और संसाधन चंद्रमा की कक्षा में स्टेशन बनाने के बजाए उसकी सतह पर एक स्थाई बेस तैयार करने में लगाएगा। इस बड़े बदलाव के तहत अगले सात सालों में लगभग 20 अरब डॉलर (करीब 1.6 लाख करोड़ रुपए) खर्च किए जाएंगे। इसाकमैन के मुताबिक, एजेंसी अब उन इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करेगी जो चांद की सतह पर लंबे समय तक रुकने और वहां से काम करने में मदद कर सकें।

### निजी कंपनियों के साथ काम करेगा नासा

*वहीं, नासा ने भरोसा दिलाया है कि वह अपने सहयोगियों को साथ लेकर ही 'मानवता का पहला स्थायी आउटपोस्ट' बनाएगा। एलन मस्क की स्पेसएक्स और जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन जैसी निजी कंपनियों की भूमिका अब और अहम हो गई है। ये कंपनियां चांद पर उतरने वाले 'लूनर लैंडर' विकसित कर रही हैं। नासा अब इन कंपनियों के साथ मिलकर साल में कम से कम एक बार चांद पर लैंडिंग की तैयारी कर रहा है ताकि अंतरिक्ष यात्रियों की 'मसल मेमोरी' और अनुभव को बढ़ाया जा सके।*

### आर्टेमिस 2 मिशन अप्रैल में होगा लॉन्च

*सबकी नजरें आर्टेमिस 2 मिशन पर टिकी हैं, जो अप्रैल की शुरुआत में लॉन्च होने वाला है। इसके बाद 2027 में एक टेस्ट मिशन होगा और फिर 2028 में आर्टेमिस 4 और 5 के जरिए इंसानों को चांद की सतह पर उतारा जाएगा। इसाकमैन का मानना है कि चांद की सतह पर बेस बनाना विज्ञान और सुरक्षा दोनों के लिहाज से बेहतर है। यह भविष्य में मंगल मिशन के लिए एक टेस्टिंग लैब की तरह काम करेगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109